कार्तिक कृष्ण पक्ष पंचमी 02:29 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 21 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 336, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हम एम्स ब्रांड को नहीं होने देंगे कमजोर : नड्डा 16

हिंदी में डब होगी तमन्ना की फिल्म ओडेला-2 15

## मांगी पति की लंबी उम्र



करवाचौथ पर रविवार को सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा और शाम को पूजा-अर्चना कर उगते चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति के लिए लंबी आयु का आशीष मांगा। बरेली के मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर में महिलाओं ने सामूहिक पूजा की।

# फिर मिली 25 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

## फ्लाइट्स की गहन जांच के बाद दी गई उड़ान की अनुमति, इस हफ्ते करीब 100 विमानों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई/ नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों के 25 उड़ानों को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि इन विमानन कपंनियों में इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा एयर शामिल हैं जिनकी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों सहित विभिन्न उड़ानों में बम होने की धमकी मिली।

इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों को धमकियां मिलीं। इस सप्ताह अब तक करीब 100 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं जो झूठी साबित हुई हैं।



जोधपुर में हवाई अड्डे पर एक उड़ान की लैंडिंग के बाद निगरानी करते सुरक्षाकर्मी।

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि जेद्दा से मुंबई, कोझिकोड से दम्माम, दिल्ली से इस्तांबुल, मुंबई से इस्तांबुल, पुणे से जोधपुर और गोवा से अहमदाबाद जाने वाली उड़ानों को बम की धमकी मिली। विस्तारा ने कहा कि उसे छह उड़ानों दिल्ली से फ्रैंकफर्ट, सिंगापुर से मुंबई, बाली से दिल्ली, सिंगापुर से दिल्ली, सिंगापुर से पुणे और मुंबई से सिंगापुर को लेकर धमकी मिली है। विस्तारा के प्रवक्ता ने बताया कि प्रोटोकॉल के अनुरूप, सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित कर दिया गया तथा उनके निर्देशानुसार सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। अकासा एयर की छह उड़ानों अहमदाबाद से मुंबई, दिल्ली से गोवा, मुंबई से बागडोगरा, दिल्ली से हैदराबाद, कोच्चि से मुंबई और लखनऊ से मुंबई के लिए सुरक्षा चेतावनी प्राप्त हुई। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया कि निर्धारित प्रक्रियाओं और छह विमानों के गहन जांच के बाद, उन्हें परिचालन की मंजूरी दे दी गई। एयर इंडिया की छह उड़ानों को धमकी मिली है।

### दो फ्लाइट में बम की सूचना, एक्स यूजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अमौसी एयरपोर्ट से सउदी के दम्माम और राजस्थान के किशनगढ़ जाने वाली फ्लाइट में बम रखने की सूचना शनिवार को एक्स (ट्विटर) हैंडल ‹bha›@‹/bha›adamlanza111 से वायरल हुई। जानकारी होते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। जहां किशनगढ़-लखनऊ फ्लाइट को तत्काल आइसोलेशन वे पर ले जाया गया। वही, दम्माम की फ्लाइट के लैंडिंग का इंतजार किया जा रहा था। फ्लाइट रात करीब 10 .30 बजे दम्माम हवाई अड्डे पर लैंड हुई। दोनों फ्लाइट के मैसेज एक ही एक्स (ट्विटर) हैंडल से वायरल हुए थे। एयर इंडिया में सहायक सुरक्षा अधिकारी अमरजीत सिंह और स्टार एयर के एयरपोर्ट मैनेजर नितिन कुमार श्रीवास्तव ने सरोजनीनगर थाने ने ‹bha›@‹/bha›adamlanza111 के प्रयोगकर्ता के खिलाफ अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# पांच साल में बढ़ेंगी 75 हजार एमबीबीएस की सीटें : मोदी

## प्रधानमंत्री ने देश को सौंपी 6,611.18 करोड़ रुपये की 23 परियोजनाएं

- गरीबों के लिए किया 3 करोड़ और नए घर बनाए जाने का एलान
- वाराणसी में किया आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में 75 हजार नई मेडिकल सीटें और जोड़ी जाएंगी। ड्रोन टेक्नोलॉजी को भी स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। घोषणा की कि सरकार जल्द ही गरीबों के लिए 3 करोड़ और नए घर बनवाने जा रही है।

मोदी ने रविवार को वाराणसी में आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का लोकार्पण करने के बाद सिगरा स्टेडियम में जनसभा के दौरान 6,611.18 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। बाबतपुर, आगरा और सहारनपुर एयरपोर्ट के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अलग-अलग एयरपोर्ट का शुभारंभ करते हुए मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से इन राज्यों में रोजगार



के नए अवसर पैदा होंगे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

प्रधानमंत्री ने प्रदेश के विकास की चर्चा करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। कहा कि कभी यहां खराब सड़कों के लिए ताने सुनने पड़ते थे, लेकिन आज एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में जाना जाता है। सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं, और जल्द ही जेवर में एक भव्य इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी बनकर तैयार हो रहा है। मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। कहा कि गांव-गांव में महिलाएं अब लखपति दीदी और ड्रोन पायलट बन रही हैं। काशी में मां अन्नपूर्णा स्वयं भगवान शिव को भिक्षा देती हैं, और इसलिए यहां नारी शक्ति का सम्मान और सशक्तिकरण विशेष महत्व रखता है। मोदी ने सपा-कांग्रेस का नाम लिए बगैर सवाल उठाया कि आखिर क्यों काशी को इतने लंबे समय तक विकास से वंचित रखा गया। प्रधानमंत्री ने लोगों से भोजपुरी में संवाद करते हुए दीपावली समेत अन्य त्योहारों की अग्रिम बधाई भी दी। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक आदि मौजूद रहे।

### 10 साल पहले छाई रहती थीं घोटालों की खबरें

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश की जनता ने तीसरी बार उन्हें सेवा का अवसर दिया, तो उन्होंने तीन गुना गति से काम करने का वादा किया था। अभी केवल सवा सौ दिन ही हुए हैं, और इस दौरान 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले सरकार के घोटालों की खबरें छाई रहती थीं, जबकि आज देश के विकास की खबरें घर-घर में चर्चा का विषय हैं।

### राजनीति में लाएंगे एक लाख नए युवाओं को

प्रधानमंत्री ने युवाओं को राजनीति में आगे लाने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वे एक लाख नए युवाओं को राजनीति में लाएंगे, जिनका राजनीति से कोई पूर्व कनेक्शन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को परिवारवादियों से सतर्क रहना चाहिए क्योंकि वे देश और युवाओं का नुकसान करते हैं।

### 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

मोदी ने बीते 10 वर्षों में बढ़ी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार से जिक्र करते हुए कहा कि बीमारी गरीब को और गरीब बना देती है। 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, लेकिन एक गंभीर बीमारी उन्हें फिर से गरीबी में धकेल सकती है। इसी कारण सरकार पोषक खानपान और टीकाकरण पर विशेष जोर दे रही है।

## एक नजर

### दो साल की बच्ची से दुष्कर्म में सौतेला पिता गिरफ्तार

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चाम्पा जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है जहां दो साल की बच्ची के साथ हैवानियत की गई। पुलिस ने उसके सौतेले पिता को रविवार को गिरफ्तार किया है। शनिवार की शाम को एक दो साल की बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति बच्ची को फुसलाकर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया और दुष्कर्म किया।

### लोगों ने की पीट-पीटकर युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के जगतपुरी इलाके में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों ने 21 वर्षीय एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि जांच के बाद पता चला है कि युवक की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह आरोपियों में से एक ध्रुव की बहन से बात करता था। पुलिस ने ध्रुव समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

# गांदरबल में आतंकी हमला, एक डॉक्टर और 6 श्रमिकों की मौत

## सुरंग निर्माण कार्य में लगी निजी कंपनी के शिविर पर की गई गोलीबारी

**टारगेट किलिंग**

- हमलावरों का पता लगाने को सेना-पुलिस ने इलाके को घेरा
- नई सरकार के शपथ ग्रहण करने के चार दिन के बाद हुई घटना



जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले के बाद इलाके में तैनात सुरक्षाबल।

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सुरंग निर्माण स्थल पर आतंकवादी हमले में एक डॉक्टर और छह श्रमिकों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि जिले के गुंड इलाके में एक सुरंग परियोजना पर कार्यरत मजदूर एवं अन्य कर्मी देर शाम जब अपने शिविर में लौटे तब अज्ञात आतंकवादियों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने मजदूरों के समूह पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें स्थानीय और बाहरी दोनों शामिल थे। माना जाता है कि आंतकवादियों की संख्या कम से कम दो थी। अधिकारियों ने बताया कि दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल श्रमिकों एवं एक डॉक्टर ने बाद में दम तोड़ दिया। पांच घायलों का इलाज जारी है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी की है और हमलावरों की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वीके बिरदी समेत शीर्ष सुरक्षा अधिकारी स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। यह हमला केंद्र शासित प्रदेश में नई सरकार के शपथ ग्रहण के महज चार दिन बाद हुआ।

### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमले की निंदा की

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मजदूरों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'एक्स' पर कहा कि मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि इस घृणित कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हमने जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सुरक्षा बलों को पूरी आजादी दी है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी हमले की निंदा की। पीपुल्स कांफ्रेंस के नेता सज्जाद गनी लोन ने भी हमले की कड़ी निंदा की है। कहा कि यह पागलपन की हद तक जाने वाला कृत्य है। अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने हमले पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

# दिल्ली के प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ तेज धमाका, हड़कंप

नई दिल्ली,एजेंसी

- जांच के लिए पहुंचीं एनआईए और एनएसजी की टीमें
- स्कूल की दीवार, पास की दुकानें और कार क्षतिग्रस्त

दिल्ली में रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार सुबह एक जोरदार धमाका हुआ, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

अधिकारियों ने बताया कि रोहिणी के सेक्टर-14 में सीआरपीएफ स्कूल के पास सुबह करीब 7:50 बजे धमाका हुआ था, जिसके बाद बम निरोधक दस्ता और पुलिस की एक फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के अधिकारी भी



घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। धमाके में स्कूल की दीवार, पास की दुकानें और एक कार को नुकसान पहुंचा है। घटनास्थल पर धुएं का गुबार उठता हुआ नजर आया। विस्फोट के बाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें घना सफेद धुआं नजर आ रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि वे मोबाइल नेटवर्क का डेटा एकत्र कर रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि विस्फोट के समय आसपास कौन-कौन मौजूद थे। उसने कहा कि ऐसा संदेह है कि एक देसी बम के कारण यह धमाका हो सकता है। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल पर संदिग्ध 'सफेद पाउडर' बरामद किया और उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। उन्होंने स्कूल की दीवार के पास एक गड्ढा खोदकर मिट्टी के नमूने भी ले गए हैं। एनएसजी अधिकारियों ने घटनास्थल से बरामद कुछ सामग्री भी जांच के लिए भेज दी है।

## मुकेश ने किए बदरीनाथ और बाबा केदार के दर्शन

**देहरादून।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन व प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को बाबा केदार और भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। दर्शन के बाद अंबानी ने बदरी केदार मंदिर



समिति को पांच करोड़ रुपये का दान भी दिया। मुकेश अंबानी सुबह करीब 9 बजे बद्रीनाथ धाम पहुंचे। बदरी विशाल मंदिर में वेद पाठ और पूजा की। मंदिर परिसर स्थित माता लक्ष्मी मंदिर में भी दर्शन किए। पौने ग्यारह बजे मुकेश अंबानी केदारनाथ धाम पहुंचे और केदारनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया।

# विकास कार्यों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं : योगी

## योगी ने की सिंचाई विभाग की समीक्षा, समयबद्धता-गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए चेतावनी दी कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समयबद्धता, गुणवत्ता और ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि अभी से अगले साल के लिए बाढ़ से बचाव की कार्ययोजना बनाएं। साथ ही, नई तकनीक से गुणवत्ता व दक्षता सुधारें।

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों को परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि देरी से लागत बढ़ती है और जनता को भी लाभ मिलने में देर होती है। कहा कि ट्रेनिंग के माध्यम से कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ें, ताकि बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन के कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें। कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए अगले वर्ष की कार्य योजना जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ मिलकर तैयार करें।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चेक सौंपते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व अन्य।

### जलशक्ति मंत्री ने सौंपा 54 लाख के लाभांश का चेक

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वित्तीय वर्ष 2023-24 में यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन के 54 लाख लाभांश का चेक सौंपा। मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कॉरपोरेशन का टर्नओवर 1448 .24 करोड़ रुपये रहा। कॉरपोरेशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित टैक्स पूर्व लाभ, जो कि कॉरपोरेशन की स्थापना से अब तक का सर्वाधिक 87 .80 करोड़ रुपये है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में टर्नओवर और लाभ का अनुपात 6 .06 है।

# सड़क हादसे में 8 बच्चों, 3 महिलाओं समेत 12 की मौत

भरतपुर, एजेंसी

- राजस्थान के धौलपुर जिले में बस-टेंपो में हुई टक्कर

राजस्थान में धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बस और टेंपो के टकराने से 8 बच्चों एवं तीन महिलाओं सहित 12 लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बाड़ी के करीम कॉलोनी गुमट निवासी इरफान और उसके परिवार के करीब 15 लोग सरमथुरा थाना क्षेत्र के बरौली में शादी समारोह में बहन का भात भरने गए थे। वहां से वे देर रात बाड़ी लौट रहे थे कि उनका टेंपो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11बी पर सुन्नीपुर गांव के पास रात करीब



ग्यारह बजे धौलपुर से जयपुर जा रही एक बस की चपेट में आ गया। पीछे दूसरे टेंपों में आ रहे इरफान के भाई और वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों में सवार लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने सभी को धौलपुर के अस्पताल पहुंचाया।

## चार से छह रुपये महंगी हो सकती है सीएनजी

**नई दिल्ली।** सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के दाम में चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो सकती है। भारत के भीतर अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है।

**अथक प्रयास** बिहार की राम रेखा के बाद पुनर्भरण में लगे नदी साधक संजय सज्जन बोले- नदियों का पुन: प्रकट होना दुर्लभ लेकिन असंभव नहीं

# टेम्स और पेनोब्स्काट की तरह हो रहा फल्गू नदी का पुनरुद्धार

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** नदियां, देश की भाग्य रेखाएं हैं। विदेशियों ने यह बात पहले से समझ ली थी, तभी तो लुप्त प्राय हो चुकी दक्षिण कोरिया की च्योंग चियान, अमेरिका की पेनोब्स्काट को जीवंत किया। 1950 के दशक में लंदन की प्रसिद्ध टेम्स नदी गंदा नाला हो चुकी थी। इसमें एक भी मछली नहीं थी लेकिन आज इसमें मछली की 150 प्रजातियां पल रही हैं।

ऐसा भारत में भी हुआ है। केरल की वरात्तर और राजस्थान की अरवरी और अयोध्या की पौराणिक तमसा को



संजय सिंह सज्जन

- फल्गू तट पर बुद्ध को मिला था ज्ञान पितरों को मिलता है मोक्ष

पुनर्जीवन मिला। ये कहना है बिहार औरंगाबाद जिले के करमडीह-अमरपुर पिपरा पंचायत के रहने वाले नदी साधक संजय सिंह सज्जन का। वह रविवार को राम लला के दर्शन करने आए थे। इस दौरान अमृत विचार से नदियों के पुनरुद्धार पर बातचीत की।

संजय कहते हैं नदियों का पुनः प्रकट होना दुर्लभ जरूर है, लेकिन यह असंभव नहीं। लगभग दो दशक से अपना जीवन नदियों के पुनरुद्धार के लिए समर्पित कर संजय ने अब तक बिहार की प्रसिद्ध राम रेखा नदी का पुनर्भरण कराया। अब वह हिंदुओं और बौद्धों के लिए धार्मिक महत्व की फल्गू (निरंजना) के पुनर्भरण में मिशन में लगे हैं। साल 2006 में राम रेखा नदी के बारे में जानकारी हुई। नदी सूख गई थी। 1952 से राम रेखा पर छकरबंधा पर बांध को लेकर आंदोलन चल रहा था। साढ़े आठ करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट था लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। इससे मुझे प्रेरणा मिली। गोकुल फाउंडेशन बनाकर किसानों, विद्यार्थियों, युवा को जोड़ा। फल्गू के पुनर्भरण पर बताया कि लगभग 650 किमी. लंबी फल्गू नदी हिंदुओं और बौद्धों के लिए बहुत धार्मिक महत्व की है। इसे सदेही बिष्णु गंगा,निरंजना के नाम से जानते हैं। यह पूरी तरह सूख गई है। भगवान बुद्ध को बोध गया में इसी नदी के तट पर स्थित पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था। गया का विष्णु पद मंदिर इसी के तट पर स्थित है। जहां हिंदु इसी नदी के पानी से पिंड दान करके अपने पितरों के लिए मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

### 10 साल में सदानीरा हो जाएगी फल्गू नदी

अपनी मुहिम के बार में संजय सिंह बताते हैं कि झारखंड के चतरा से निकलने वाली इस नदी के पुनरुद्धार के लिए 22 अगस्त 2021 को सैकड़ों बौद्ध भिक्षुओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ फल्गू के तट पर प्रार्थना और दीप प्रज्जवलन कर निरंजना (फल्गू) रीवर रिचार्ज मिशन की शुरूआत की। तीन साल तक तटीय जलस्रोतों पर काम किया गया। लगातार लोगों से जनसंपर्क चल रहा है। परियोजना को पूरा होने में कम से कम 10 साल लगने की संभावना है।

# सुहागिनों ने किया चांद का दीदार अर्घ्य देकर मांगा अक्षय सुहाग

## महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर विश्वास के साथ मनाया त्योहार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सुहागिनों का महापर्व करवा चौथ रविवार को पूरी श्रद्धा, उमंग और उल्लास के साथ जिलेभर में मनाया गया। सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखकर देर रात चंद्रदेव का पूजन कर और अर्घ्य देकर पति के दीर्घायु की कामना की। करवा चौथ व्रत को लेकर सुहागिनों में खासा उत्साह दिखाई दिया, खासतौर पर नवविवाहिताओं में काफी उत्सुकता दिखी।

**• करवाचौथ पर मां गौरी की पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र की कामना की**

सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर सुहागिनों ने घर के कामकाज और व्यंजन तैयार करने में समय व्यतीत किया। शाम को सोलह शृंगार कर चांद निकलने की प्रतीक्षा करने लगीं। तमाम स्थानों पर व्रती महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से मंदिरों में पहुंचकर मां गौरी का पूजन कर अक्षय सुहाग की कामना की। पुजारियों ने करवा चौथ की कथा सुनाकर सभी से पूजन संपन्न कराया। जेल मार्ग स्थित कृष्णानगर मंदिर में शाम छह बजे के आसपास सैकड़ों महिलाएं सजधज कर पूजा का थाल लेकर पहुंचने लगीं। यहां पुजारी पंडित अखिलेश शास्त्री और उनकी पत्नी ने सामूहिक रूप से विधि-विधान से पूजन कराया। इधर, रुचि सेठ के आवास पर भी करवा चौथ का सामूहिक पूजन के लिए व्रती महिलाएं जुटीं और सभी ने विधि-विधान से पूजन किया। यहां मान्या सेठी, रोली खन्ना, सुनीता खन्ना, शीला सेठी, मोना सेठी, किरण, ज्योति, रश्मि, राधा समेत बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं पूजन में शामिल रहीं।

इससे पहले महिलाओं ने माता गौरी का पूजन कर फल, मिष्ठान, दक्षिणा अर्पित कर उनका आशीष लिया। आरती के बाद सभी व्रती महिलाएं अपने घरों को वापस चली गईं। चांद निकलने से पहले घरों की छतों पर चावल के पीठे से पारंपरिक ढंग से चंद्रदेव समेत अन्य आकृतियां बनाकर पूजन शुरू कर दिया गया। आठ बजे के आसपास चंद्रदेव के दर्शन होने पर सभी ने पूरी श्रद्धा, विश्वास और उत्साह के साथ उगते चंद्र देव का पूजन कर उन्हें करवा यानि कलश से अर्घ्य देकर पति के दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के बाद सुहागिनों ने घर के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। बाद में सभी ने एक साथ भोजन का आनंद लिया।

### आतिशबाजी जलाकर मनाईं खुशियां

करवा चौथ पर व्रती महिलाओं के साथ युवाओं और बच्चों में भी गजब का उत्साह दिखाई दिया। चंद्रमा निकलने का आभास होते ही युवाओं और बच्चों ने पटाखे चलाकर खुशियां मनानी शुरू कर दी थीं। चंद्रदेव के दर्शन होते ही लोगों ने जमकर पटाखे चलाकर चांद निकलने का मानों संदेश देना शुरू कर दिया हो। इसके बाद लोगों ने छतों पर पहुंचकर जमकर आतिशबाजी का आनंद दिया। हवाई आइटम से आसमान में सतरंगी छटा बिखरती रही।


करवाचौथ के अवसर पर कृष्णानगर मंदिर में सामूहिक रूप से पूजन करती महिलाएं। • अमृत विचार


मंदिर में महिलाओं को करवाचौथ की कथा सुनाते पंडित अखिलेश शास्त्री। • अमृत विचार


छलनी में चांद का दीदार करती महिला। • अमृत विचार


चांद को अर्घ्य देती महिला। • अमृत विचार

### करवाचौथ पर खूब बिके आभूषण

करवाचौथ, धनतेरस, दिवाली आदि त्योहार खरीदारी के लिए शुभ माने जाते हैं। रविवार को करवा चौथ को यादगार बनाने के लिए सराफा बाजार गुलजार रहा। प्रमुख शोरूम के साथ छोटी-मोटी दुकानों और प्रतिष्ठानों पर दिनभर ग्राहक जमे रहे। महिलाओं ने परिवार के साथ बाजार पहुंचकर सोने-चांदी, हीरे के आभूषण खरीदने में दिलचस्पी दिखाई। यह अलग बात है कि इन दिनों सोने-चांदी पर गजब की मंहगाई छाई हुई है। लगभग 80 हजार रुपए प्रति तोला पहुंच चुका सोना खरीदने में भी कोई संकोच नहीं कर रहा है। लोगों का मानना है कि महंगाई तो चलती ही रहेगी, त्योहार की खुशियों से बढ़कर कुछ नहीं है।


करवाचौथ के दिन सोने के जेवर खरीदती महिलाएं। • अमृत विचार


घर में सामूहिक रूप से करवाचौथ का पूजन करती सुहागिनें। • अमृत विचार


सोलह श्रृंगार कर चांद के पूजन को तैयार महिलाएं। • अमृत विचार


चांद का दीदार कर अर्घ्य देती सुहागिन।


पूजन के लिए चांद का इंतजार करतीं सुहागिनें। • अमृत विचार

## एक नजर

### इंटरनेशनल कांफ्रेंस में प्रतिभाग करेंगी अनुज्ञा



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार में 21 और 22 अक्टूबर को होने वाली आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का योग पर प्रभाव विषयक इंटरनेशनल कांफ्रेंस में अनुज्ञा मिश्रा को भी प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। अनुज्ञा एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के प्रतिनिधिमंडल में शामिल होंगी। अनुज्ञा का चयन रिसर्च स्कॉलर के रूप में हुआ है। प्रतिनिधिमंडल में रुड़की की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनीता कुमारी, बरेली के पूर्व डीन प्रोफेसर रज्जन कुमार, कीर्ति द्विवेदी भी शामिल रहेंगी। अनुज्ञा मिश्रा महानगर के मोहल्ला चौकसी निवासी दिवाकर मिश्रा और रंजना मिश्रा की पुत्री हैं।

### गोष्ठी में कवियों ने किया काव्यपाठ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सुभाषनगर कालोनी स्थित मोही फैशन पॉइंट में शनिवार शाम कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात बाल कवियत्री प्राची सिंह ने मां वाणी की वंदना प्रस्तुत की। गोष्ठी में महेंद्र पाल सिंह यादव, जितेंद्र अग्निहोत्री, राकेश राघव, विकास सोनी ऋतुराज, विश्वनाथ विश्व, अखिलेश कुमार सिंह अखिल, अवनीश पाल कविमन, राम कृपाल सिंह अंचल आदि ने काव्य पाठ किया। राकेश राघव के संचालन में चली कवि गोष्ठी में संत पाल ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अमित मिश्रा, सतेंद्र अग्निहोत्री, दिव्यांश पाल, काव्यांशी पाल, मोही आदि काव्य प्रेमी मौजूद रहे।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**खुटार, अमृत विचार :** रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव मोहनपुर के समीप एक ट्यूबवेल के पास गांव मंडनपुर निवासी गुरमीत सिंह उर्फ बब्बू को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार दिन में करीब ढाई बजे खुटार पूरनपुर रोड पर गांव मोहनपुर के नजदीक एक आरोपी को तमंचा साथ पकड़ा। आरोपी पर खुटार थाने में करीब दस मुकदमें है। जो अलग-अलग धाराओं में दर्ज है। आरोपी गुरमीत सिंह को जेल भेज दिया है।

# करवाचौथ पर महिलाओं ने किया डांडिया नृत्य


कार्यक्रम के दौरान डांडिया नृत्य करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** राधा रानी कीर्तन समिति की ओर से डांडिया एवं करवाचौथ का कार्यक्रम प्रभा सिंह के निवास पर आयोजित हुआ। इसमें सोलह श्रृंगार कर मां को सजाया गया। साथ ही देवी मां के भजन गाए गए। सभी महिलाओं ने मिलकर डांडिया नृत्य किया।

इस अवसर पर रीता रानी गुप्ता एड. ने कहा कि माता रानी शक्ति का प्रतीक हैं, सभी मातृ शक्ति भी माता रानी का ही अंश हैं। कल्पना गुप्ता ने सभी बहनों को बताया कि माता रानी का व्रत एवं उपवास करके हम सभी लोग शक्ति को प्राप्त करते हैं। तथा डांडिया नृत्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। जिसमें हम सभी लोग माता रानी को प्रसन्न करने के लिए नृत्य करते हैं। प्रभा सिंह ने सभी को माता रानी का प्रसाद तथा सुहाग के सामान का वितरण किया।

कार्यक्रम में आने के लिए सभी बहनों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में शशी गुप्ता, प्रीती गुप्ता, देवेंद्री गुप्ता, मोना सिंह, संध्या सिंह, रूपा सिंह, कल्पना गुप्ता, साधना गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, खुशबू गुप्ता, रीता रानी गुप्ता, शिवानी गुप्ता, साधना, संगीता गुप्ता, दीप्ती गुप्ता, निधि गुप्ता आदि बहनें उपस्थित रही।

# सराफ के नौकर से जेवर ले गए बाइक सवार

**रौसरकोठी, अमृत विचार :** चौक कोतवाली क्षेत्र में सरेराह अमृतसर से आए सराफ के नौकर से जालसाज जेवर लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की, लेकिन टप्पेबाजों का कोई सुराग नहीं लगा।

**• चौक कोतवाली पुलिस ने शुरू की छानबीन नहीं लगा कोई सुराग**

अमृतसर निवासी चरनजीत सिंह का नौकर कारोबार के सिलसिले में कोतवाली क्षेत्र की पटी गली में सर्राफा बाजार में आता है। शुक्रवार को वह बाजार में बने आभूषण दुकानदारों को देने आया था। तभी पटी गली में उसे दो बाइक सवार दो युवकों ने रोक लिया और बातों ही बातों में बैग में रखे सोने के जेवर लेकर फरार हो गए। चौक कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि थाने पर कोई सूचना नहीं दी गई है। चौक कोतवाली क्षेत्र में टप्पेबाज काफी सक्रिय हैं। कुछ दिन पूर्व कच्चा कटरा निवासी महिला के सोने के कड़ा टप्पेबाज ले गए थे, जिनकी तलाश जारी है।

# हिन्दू महासभा का मुख्य उद्देश्य गोरक्षा करना


नियुक्ति पत्र अतिथियों से प्राप्त करते हिन्दू महासभा के पदाधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** खिरनीबाग स्थित अखिल भारत हिन्दू महासभा कार्यालय पर नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक चेयरमैन डीपीएस राठौर, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यभान सिंह भदौरिया, सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनंत कुमार सिंह ने पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सत्यभान सिंह भदौरिया ने कहा कि सभी पदाधिकारी संगठित रहें, संघर्ष करें और धर्म रक्षा, गौरक्षा में सहयोग प्रदान करें। जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर ने कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य गोरक्षा, धर्म की रक्षा करना ही है। उन्होंने कहा सभी सम्मानित पदाधिकारी मेरी रीढ़ की हड्डी के समान हैं। इस दौरान सभी ने संगठन को अधिक मजबूत बनाने के लिए संकल्प लिया। इस मौके पर प्रताप नारायण सक्सेना, दिनेश सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, रामऔतार गुप्ता, अग्निवेश गुप्ता, नीरज वाजपेयी, गौरव ठाकुर, दानवीर सिंह, निर्वेश ऊर्फ मचल्लू, रामदास कश्यप, अनुज सक्सेना ,डॉक्टर सुधांशु, राजू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**• हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित**

# नाला निर्माण न होने से परियोजना निदेशक के खिलाफ धरना शुरू

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** हाईवे स्थित गांव कपसेड़ा की महिला प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने हाईवे सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण न होने पर रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव कपसेड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर बने हुए नाले सड़क निर्माण के दौरान बंद कर दिए गए थे। नालों का पुनर्निर्माण कराए जाने को लेकर गांव प्रधान सुनीता देवी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण बरेली के परियोजना निदेशक से मिलकर और पत्र भेज कर कई बार नाले का निर्माण कराए जाने की मांग कर चुकी हैं। प्रधान सुनीता देवी का आरोप है कि एक अक्टूबर को उन्होंने परियोजना निदेशक सहित तमाम उच्चाधिकारियों और प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर 25 अक्टूबर तक नालों का निर्माण न किए जाने पर 20 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी थी। बताया कि मामले में कोई सुनवाई न होने पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित चंदन लाल विशाल इंटर कॉलेज के समीप रविवार को सुबह से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

धरना स्थल पर बैठी प्रधान सुनीता देवी और उनके पति पूर्व प्रधान वीरेश कुमार शर्मा ने बताया कि एनएच 30 पर सड़क के दोनों और नाले का निर्माण किया जाए और गांव से पूर्व दिशा में हाईवे क्रॉसिंग प्वाइंट बनाया जाए तथा स्टेट बैंक कपसेड़ा में तमाम ग्रामीणों के खातों से पैसा निकाले जाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पैसा वापस दिलाया जाए। चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।


कपसेड़ा की महिला ग्राम प्रधान के नेतृत्व में धरना देते ग्रामीण। • अमृत विचार

**• हाईवे के दोनों ओर नाला निर्माण न किए जाने से नाराज हैं ग्रामीण**




# आओ री मेरी सखियों मुझे मेहंदी लगा दो...

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कृष्णानगर के श्री कृष्णा मंदिर की कार्तिक मास की प्रभात फेरी चौथे दिन रौसरकोठी पहुंची। जहां जोरदार स्वागत किया गया। प्रेम खंडूजा ने लड्डू गोपाल और प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

प्रेम खंडूजा के आवासीय परिसर में लड्डू गोपाल व राधा रानी का भव्य दरबार सजाया गया। पूजन के बाद भजन-कीर्तन शुरू हुआ। मंदिर के कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज ने प्रथम पूज्य गजानन की वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद देवेंद्र खुराना ने काली कमली वाला मेरा यार है, पार्थ सचदेवा ने मेरी खुशियों का रहा न ठिकाना, अंकित सचदेवा ने राधा नाम है जीवन हमारा, रविंद्र मिश्रा ने हे प्रभू मुझे बता दो चरणों में कैसे आऊं, शिवांश ने सखी री मेरे मन अभिलाषा होय, गौरव अरोड़ा ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, अनिल कक्कड़ ने तेरे रंग में रंगा हर जमाना मिले, तू जहां भी रहे बरसाना मिले, नवीन सचदेवा ने आओ री मेरी सखियों मुझे मेहंदी लगा दो आदि भजन सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। इसी कड़ी में मनमोहन अरोरा, मदन मोहन आदि ने भी भजन सुनाए। समापन पर फूलों की होली खेली गई। लड्डू गोपाल, बांके बिहारीजी और राधारानी की जय-जयकार की गई। आशीर्वाद स्वरूप मंदिर समिति के प्रधान सुशील नारंग और केवल कृष्ण सचदेव ने खंडूजा परिवार को भेंट प्रदान की। गौरव खंडूजा, दिनेश खुराना, जतिन बजाज, तुषार खुराना, मुदित तनेजा, बलदेव दरगन, राजरानी खंडूजा, कमलेश, शिल्पी खंडूजा, कनिका बजाज, अंकिता, दीप गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


रौसर कोठी में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। • अमृत विचार

**• कार्तिक मास की प्रभात फेरी का रौसर कोठी में जोरदार स्वागत, भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु, फूलों की होली खेली**

# डीएम को भेजा शिकायती पत्र

**बंडा, अमृत विचार :** गांव कुंवरपुर रत्ती निवासी रवि शेखर ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को पत्र देकर बताया कि उनके गांव में डलवाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क में जमकर खेल किया जा रहा है। मानक को दरकिनार करते हुए ठेकेदार ने कई जगह बिना रोड़ी और रेत को बिछाए ऊपर से इंटरलॉकिंग ईंट बिछा दी। इतना ही नहीं पहले से बिछे खड़ंजे को ग्राम प्रधान ने उखड़वा लिया और उसी की रोड़ी तुड़वाकर इंटरलॉकिंग में बिछाई जा दी और तो और इंटरलॉकिंग के किनारे खड़ंजे की ईंट लगाई जा रही है जबकि पुरानी ईंट की नीलामी किए जाने का नियम है ।

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे अफसर दिवाली तक मोहलत देकर लौटे



अतिक्रमण हटाने को याकूबपुर चौराहे पर पहुंचे अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** याकूबपुर चौराहे पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इंतजार अली, कोतवाल प्रदीप कुमार राय व नायब तहसीलदार सत्येंद्र टीम के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचे।

पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता डीसी भूपेश ने रविवार को बताया कि शाहजहांपुर से जलालाबाद तक सड़क के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसलिए दोनों तरफ 60 फीट तक अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उन्होंने दुकानदारों को अतिक्रमण हटाए जाने की जानकारी दी। इस पर दुकानदारों ने दीपावली तक छूट दिए जाने की मांग की। अधिकारियों ने लिखित नोटिस देने के बाद दीपावली तक के लिए अतिक्रमण हटाने का कार्यक्रम स्थापित कर दिया और दुकानदारों से कहा कि दीपावली के बाद दुकानदारों ने अगर अतिक्रमण नहीं हटाया तो प्रशासन खुद अतिक्रमण हटा देगा और जो खर्च होगा वह दुकानदारों से वसूला जाएगा।

## प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा ने विकसित किया मॉडल, गन्ना शोध परिषद ने की सराहना

# अब 10 महीने में तैयार होगी गन्ने की फसल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● पॉली हाउस में उगा रहे गन्ने की पौध, 1400 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होगी उपज

**अमृत विचार :** गन्ना किसानों के लिए यह अच्छी खबर है। अब पॉली हाउस मॉडल अपनाकर किसान दस महीने गन्ना तैयार कर सकते हैं। इस मॉडल से गन्ना पैदा करने से किसानों को कम लागत में ज्यादा उत्पादन, रोगों से बचाव, समय की बचत आदि का फायदा होगा। यह मॉडल किसानों की आय में इजाफा करने वाला बता है। क्योंकि इसकी प्रति हेक्टेयर औसत उपज 1400 क्विंटल तक है। गन्ना शोध परिषद ने इस मॉडल की सराहना करते हुए इसे किसानों के लिए लाभकारी बताया है।



कौशल मिश्रा।

अभी तक पॉली हाउस में सब्जी, फल तैयार होते थे, लेकिन अब इसमें गन्ना तैयार किया जा रहा है। यह पौध न सिर्फ रोग रहित होगी, बल्कि इसकी उत्पादन व गुणवत्ता सामान्य मॉडल से बेहतर होगी। जिले के प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा ने यह प्रयोग किया है। उन्होंने अपने गांव गंगानगर स्थित फार्म में 84 स्क्वायर मीटर जगह में पाली हाउस बनाकर उसमें गन्ने की एक लाख पौध तैयार की है। जबकि सामान्य तरीके से इतनी जमीन पर सिर्फ दस हजार पौध ही तैयार हो सकती थी। इस प्रयोग से न सिर्फ समय, स्थान की बचत होती है, बल्कि लागत भी कम आती है। इससे



किसानों को फसल कटते समय पौध तैयार मिलेगी। इससे उनका समय बचेगा। जमाव अच्छा होने के कारण उसका उत्पादन व चीनी परता भी अच्छा होगा। इसके लिए ट्रे का प्रयोग किया जा रहा है। पॉली हाउस के अंदर रखी ट्रे में गन्ने को काटकर पौध को लगाया जाता है। इसमें खाद का प्रयोग नहीं किया जाता। सीधे खेत में लगाया जाता है। अब तक कौशल मिश्रा ने पाली हाउस में को 13235 व कोलख 14201 आदि की पौध तैयार की है। 25 दिन में पौध तैयार हो जाती है।

### गन्ने में किए जा चुके हैं कई तरह के प्रयोग

प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा गन्ने को लेकर अब तक तमाम प्रयोग कर चुके हैं। इन्हीं में एक है सहफसली का माडल, जिसे देखने देश के विभिन्न राज्यों से किसान व चीनी मिलों के अधिकारी आ चुके हैं। उन्हें विभिन्न स्थानों पर सम्मानित भी किया जा चुका है। उन्होंने नेपाल, छत्तीसगढ़ समेत कई अन्य राज्यों में किसानों को प्रशिक्षित भी किया है। उनका तैयार बीज प्रदेश के कई जिलों में चीनी मिलें व किसान ले जाते हैं। कौशल मिश्रा के पॉली हाउस मॉडल की गन्ना शोध परिषद व गन्ना विकास विभाग के अधिकारी भी सराहना कर चुके हैं। पॉली हाउस मॉडल को किसानों के लिए हितैषी और आय में इजाफा करने वाला बता चुके हैं।

### कम खर्च में हो रही गन्ने की ज्यादा पैदावार

पाली हाउस तैयार करने में तीन लाख रुपये का खर्च आता है। गन्ने की एक पौध दो रुपये 60 पैसे में बिकती है। एक बार में इसमें एक लाख पौध तैयार की जाती है। इस तरह से दो लाख 60 हजार रुपये की आय एक बार में होती है। इस विधि से साल में दस बार तक पौध को तैयार किया जा सकता है। एक बार तैयार पाली हाउस दस वर्ष तक कारगर है। देखरेख के लिए सिर्फ एक मजदूर की ही जरूरत होती है। सप्ताह में सिर्फ एक बार स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव होता है।

### धान के साथ-साथ तैयार होती है गन्ने की पौध

यह विधि एक तरह से सहफसली भी है। एक ओर खेत में धान खड़ा होता है और दूसरी ओर इसको पॉली हाउस में बो दिया जाता है। जब तक धान की फसल कटती है तब तक पौध एक माह की हो चुकी होती है। ऐसे में किसानों का एक माह का समय भी बचता है। साल भर बाद इसकी कटाई होती है। जमाव बेहतर न होने के कारण दिसंबर व जनवरी में गन्ने की पौध तैयार नहीं की जा सकती। उनके इस प्रयोग से फरवरी से नवंबर तक गन्ने की पौध तैयार की जा सकती है। जिसे किसान सुविधानुसार खेत खाली होने पर कभी भी लगा सकेंगे।

> प्रगतिशील किसान कौशल मिश्रा का पॉली हाउस में गन्ने की पौध उगाने वाला मॉडल काफी बेहतर है। यह किसानों के लिए अच्छा तरीका है। इसे अपना कर किसान गन्ने की बेहतर उपज ले सकते हैं।
>
> **–एसके पाठक**, प्रसार अधिकारी गन्ना शोध परिषद

# घोटाले पर घोटाले, कार्रवाई से भी नहीं लगी लगाम

## पिछले दो सालों में छह से ज्यादा घोटाले सामने आए, अधिकारियों के लिए चुनौती बना मिट्टी मिला राशन घोटाला

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पिछले दो सालों में जिले घोटाला पर घोटाला किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग में वृद्धावस्था घोटाला हुआ तो विकास विभाग में हैंड पंप रिबोर के नाम पर घोटाला किया गया। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति घोटाला सामने किया गया। धान खरीद घोटाले में 200 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया। खास बात यह है कि प्रशासन के कार्रवाई करने के बावजूद घोटालों पर लगाम नहीं लग पा रही है। हाल ही में मिट्टी मिला राशन जनता को उपलब्ध कराने का घोटाला सामने आया है। इस मामले में कई अधिकारी निलंबित हो चुके हैं। शासन के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। हालांकि इस घोटाले में कुछ बड़े अधिकारियों के शामिल होने की आशंका है। साथ ही एफआईआर दर्ज कराने की भी मांग उठ रही है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सभी घोटालेबाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

साल 2023 की शुरुआत में ही जिला समाज कल्याण विभाग से घोटाले की सुगबुगाहट शुरू हुई। मार्च 2023 तक यह स्पष्ट हो गया कि विभाग में कुछ न कुछ ऐसा पक रहा है जो सही नहीं है। पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार काफी गोपनीयता बनाए हुए थे। वह पेंशन भेजने का काम अपने कुछ खास लोगों के साथ ही अपने आवास पर कर रहे थे। इसी बीच जांच का आदेश हो गया और अप्रैल में ढाई करोड़ रुपये का गबन सामने आ गया। दूसरा हैंड पंप रिबोर का घोटाला इसी साल जनवरी में सामने आया। पता चला कि हैंड पंप रिबोर कराने के नाम पर गड़बड़ी की गई है। हैंड पंप रिबोर करने के दौरान नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। जांच हुई तो गड़बड़ी सामने आई और फिर प्रधान, सचिव आदि से रिकवरी का आदेश जारी किया गया। इसी तरह अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति घोटाला हुआ। खाद्य एवं विपणन विभाग में कथित 200 करोड़ का घोटाला हुआ। वर्तमान में मिट्टी मिला खाद्यान्न घोटाला जिले में चल रहा है। इसमें कुछ अधिकारियों पर कार्रवाई हो गई है और कुछ पर होना शेष है।

### धान खरीद में 200 करोड़ का घोटाला

**घोटाला 1**

खाद्य विपणन विभाग पर धान खरीद में राइस मिलर से मिलीभगत कर 200 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगा है। इस मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय ने जांच का आदेश दिया। डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय को जांच अधिकारी बनाया है। गया। 10 सितंबर को रोजा क्षेत्र के गांव पींग निवासी सुनील कुमार सिंह ने आरोप लगाया था कि सीतापुर रोड स्थित एक राइस मिल का मालिक धान खरीद माफिया है। मिल मालिक हर साल धान खरीद में करोड़ों का घोटाला करते हुए अब तक लगभग 200 करोड़ का घोटाला कर चुका है। घोटाले के लिए मिल मालिक ने तमाम लोगों को सीजनल वेतन पर रखा है। ये फर्जी किसान खोजकर लाते हैं। इन फर्जी किसानों को 1000 से 1500 रुपये तक देकर खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाता है। किसानों को क्रय केंद्र पर भेजकर उनका अंगूठा ई–पॉश मशीन में लगाया जाता है। जब संबंधित विभाग से फर्जी किसानों के खाते में पैसा आ जाता है तो मिल मालिक अपनी और अपने संबंधियों की अन्य फर्म के बैंक खातों में सारा पैसा ट्रांसफर करा लेते हैं।

### ढाई करोड़ के घोटाले में पूर्व अधिकारी पर कार्रवाई

**घोटाला 2**

वृद्धावस्था पेंशन घोटाला लगभग ढाई करोड़ रुपये का है। 2390 बुजुर्गों की पेंशन का पैसा जालसाजों ने अपने चहेतों के खाते में भेजकर हड़प लिया। इस मामले का खुलासा पांच अप्रैल 2023 को हुआ था जब शासन ने तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार को निलंबित कर दिया था। इसके बाद 20 सितंबर को जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने घोटाले की रिपोर्ट सदर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा गया था कि इस मामले में पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार ही शामिल नहीं थे, बल्कि आठ अन्य लोग भी शामिल रहे। इनमें सीतापुर का निवासी विशाल सक्सेना व सूरज, शाहजहांपुर का निवासी साकिब, सीतापुर का निवासी खुशाल, कांट शाहजहांपुर निवासी प्रियांशु शर्मा, खपरीपुर सदर बाजार शाहजहांपुर का निवासी राम औतार, निकरा शाहजहांपुर निवासी सतीश कश्यप, पलहौरा कांट निवासी पप्पू भी शामिल हैं। मुख्य आरोपी पूर्व समाज कल्याण अधिकारी समेत पांच से ज्यादा आरोपियों को पुलिस जेल भेज चुकी है।

### हैंड पंप रिबोर की जांच पूरी, कार्रवाई का पता नहीं

**घोटाला 3**

हैंडपंप रिबोर में घपले के दूसरे मामले में 525 हैंड पंप जांच के दायरे में थे। जांच समिति के अध्यक्ष एसडीएम न्यायिक सदर दुर्गेश यादव ने बीडीओ जैतीपुर से रिबोर किए गए हैंडपंप की सूची मांगी थी। फिर पता चला कि बीडीओ जैतीपुर घोटाले से संबंधित डिटेल ही नहीं दे रहे हैं। जैसे–तैसे जांच पूरी हुई, लेकिन शक के दायरे में आए सभी हैंड पंप की जांच फिर भी नहीं हो सकी। दरअसल बंडा निवासी रामप्रवेश शुक्ला की ओर से हैंड पंप रिबोर में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए लोकायुक्त से शिकायत की गई थी। शिकायत में शुक्ला ने कम गहराई में रिबोर कराकर अधिक गहराई की धनराशि निकालने, लोहे व पीवीसी का घटिया व कम वजन का पाइप प्रयोग करने, नाली निर्माण कराए बगैर भुगतान प्राप्त करने समेत तमाम आरोप लगाए थे। हैंड पंप रिबोर में भारी वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे। लोकायुक्त अनिल कुमार सिंह ने आरोपों की जांच के आदेश दिए। इसके बाद डीएम उमेश प्रताप सिंह ने एसडीएम न्यायिक सदर दुर्गेश यादव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। एसडीएम दुर्गेश यादव ने बताया कि जांच पूरी कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है, लेकिन किसके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। मामले में अब सवाल उठ रहा है कि आखिर बीडीओ ने सभी हैंड पंप की सूची जांच समिति को क्यों नहीं दी। क्या वजह थी कि बीडीओ सूची दबाए रहे और अधिकारी कुछ नहीं कर पाए।

### छात्रवृत्ति घोटाले में जांच तक सिमटी कार्रवाई

**घोटाला 4**

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति घोटाला अगस्त 2023 में सामने आया था। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार फर्जी बैंक खाते खोलकर विभिन्न उम्र के लोगों के खातों में अल्पसंख्यक छात्रों की छात्रवृत्ति का पैसा भेज दिया गया। उन विद्यार्थियों के नाम पर छात्रवृत्ति ली गई, जिनका अस्तित्व ही नहीं था। इतना ही नहीं, इन फर्जी नामों के केवाईसी और फर्जी हॉस्टल के बदले में भी पैसे लिए गए। मामले की जांच तो हो गई, लेकिन कार्रवाई किस पर हुई पता नहीं।

### राशन घोटाले के पीछे हो सकता है बड़ा रैकेट

**घोटाला 5**

जिले में पांचवां घोटाला इसी महीने सामने आया। जब पुवायां, बंडा, ददरौला, कांट सहित तमाम स्थानों से शिकायत आने लगीं कि कोटेदारों की ओर से मिट्टी मिला खाद्यान्न लोगों दिया जा रहा है। पूछने पर कोटेदार बताते हैं कि ऊपर से ही ऐसा खाद्यान्न आ रहा है। इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। इसके बाद मामले की शिकायत डीएम से की गई तो उन्होंने जांच कराई। जांच में आरोप सही पाए गए तो कई अधिकारी और कर्मचारी निलंबित कर दिए गए। हालांकि इस घोटाले से पीछे बड़ा रैकेट होने की आशंका है। जिसमें कई बड़े अधिकारी शामिल हो सकते हैं। खाद्य एवं विपणन विभाग से लेकर एफसीआई तक के अधिकारियों की भूमिका संदेह से परे नहीं है।

> खाद्यान्न घोटाले की जांच चल रही है। कुछ अधिकारी निलंबित कर दिए गए हैं। कुछ के खिलाफ कार्रवाई को रिपोर्ट शासन को भेजी गई। मामले की जांच शासन स्तर से भी चल रही है।
>
> **–धर्मेंद्र प्रताप सिंह**, डीएम

# लघु व्यापारियों के लिए पेंशन योजना ट्रेडर्स शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लघु व्यापारियों के लिए पेंशन योजना ट्रेडर्स शुरू की गई है। इसके तहत रजिस्ट्रेशन होंगे। कोई भी व्यापारी सोमवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे से पुलिस पिकेट बहादुरगंज चौराहे पर पहुंच कर रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।

इस योजना में वो सभी श्रमिक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं, जिनकी मासिक आय 15000 रुपये तक है। साथ ही वो व्यापारी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं, जिनका वार्षिक टर्न ओवर 15000000 ( एक करोड़ पचास लाख ) है। इन योजनाओं में रजिस्ट्रेशन करवाने वाले की उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। आयु के आधार पर 18 वर्ष पर रुपए 55 और 40 वर्ष पर रुपए 200 प्रति माह जमा करने पर 60 वर्ष की आयु के बाद मासिक पेंशन रुपये 3000 पाने के आजीवन हकदार होंगे। योजना के पंजीकरण के लिए आधार कार्ड व बैंक बचत खाते की पासबुक साथ लेकर पहुंचना होगा। जो व्यापारी आरटीआर दाखिल करते हैं वह पात्र नहीं होंगे। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि सभी व्यापारी इस योजना का लाभ उठाएं और अपने कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन करवाएं।

# महिला ने पति व उसकी प्रेमिका पर दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, पुवायां

● नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी है आरोपी विकास गुप्ता

**अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निगोही रोड निवासी सपना गुप्ता ने अपने पति विकास गुप्ता व उनकी प्रेमिका गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। सपा के अनुसार उसके पति खुद को नेता व समाजसेवी बताते हैं।

सपना गुप्ता ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी दो नाबालिग पुत्रियों व पति के साथ रह रही थी। पिछले लगभग तीन वर्ष से उनके पति विकास का लखनऊ कपूरथला चौराहा के रहने वाली महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। वह आए दिन विकास से फोन पर बातें करती है। उनके मना करने पर विकास तरह-तरह से उत्पीड़न करने लगा। बात-बात पर गाली गलौज मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी देने लगा। 19 अक्टूबर की रात एक बजे विकास गुप्ता घर आए।

उन्होंने अपना मोबाइल मेज पर रख दिया। इसी दौरान उनकी प्रेमिका का फोन आ गया। सपना के कॉल रिसीव करते ही वह गालियां देने लगी। कहा कि यदि तुम मेरे व विकास के प्रेम के बीच में आई, तो तुमको जान से मरवा देंगे। इतने में विकास गुप्ता ने फोन छीन लिया और गालियां देते हुए सपना को लात घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि इसके बाद विकास जान से मारने की नीयत से तमंचा लेने के लिए कमरे में भागा। तभी सपना भाग कर अपने कमरे में घुस गई और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया, जिससे जान बच गई। सपना के सूचना देने पर जब तक पुलिस पहुंची तब तक विकास घर से भाग गए।

### दो बार पहले भी जान से मारने की हुई कोशिश

लगभग एक वर्ष पूर्व सात सितंबर सन 2023 को रात 11 बजे विकास ने पत्नी सपना को जान से मारने की नीयत से तमंचा से फायर किया था। इस घटना में पुलिस ने आरोपी विकास गुप्ता को आर्म्स एक्ट में जेल भेजा था। जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद विकास पत्नी के आठ लाख के जेवर छीन ले गया। दूसरी बार पांच अक्टूबर की रात दो बजे विकास के साथ उसकी प्रेमिका घर आई और दोनों ने सपना को जान से मारने, अपहरण कराने की धमकी दी। सपना ने पुलिस को फोन किया तो विकास की प्रेमिका कार में बैठकर भाग गई।

### आरोपी विकास लड़ना चाहता था चेयरमैन का चुनाव

आरोपी विकास गुप्ता सोशल मीडिया पर स्वयं को समाजसेवी लिखता है। पूर्व में हुए नगर पालिका परिषद के चुनाव में अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ना चाहता था, जिसके लिए विकास ने टिकट के लिए आवेदन भी किया था। विकास गुप्ता ने सोशल मीडिया पर चुनाव से पहले भाजपा के कई दिग्गज नेताओं के साथ फोटो भी शेयर किए थे। वह प्रापर्टी का काम करता है।

## जूनियर वर्ग बालक कबड्डी का ट्रायल आज

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा में अपरान्ह दो बजे जूनियर बालक कबड्डी टीम के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल के आधार पर चयन किया जाएगा। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव राहुल कुमार तोमर ने बताया कि चयनित टीम 23 और 24 अक्टूबर को पिलखुआ, हापुड़ में होने वाली 48वीं जूनियर बालक ओपेन स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगी। खिलाड़ी की आयु 31 दिसंबर को 20 वर्ष या एक जनवरी 2005 के बाद का जन्म हो और अधिकतम वजन 70 किलोग्राम हो, वह ट्रायल में शामिल हो सकता है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हत्या का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार:** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर मारपीट व प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना अंतर्गत ग्राम गोबर संडा निवासी राजेंद्र कुमार की पुत्री आरती की शादी ग्राम गुलाम खेड़ा निवासी दिनेश के साथ हुई थी। शनिवार रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस मामले में मृतक के पिता राजेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मकान के बंटवारे के चलते कुछ ससुरालियों ने उसकी पुत्री आरती को लात घूसों से जमकर मारा-पीटा। पेट में चोट आने के कारण उसकी हालत खराब हो गई। उसे राजकीय चिकित्सालय शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पीड़ित पिता ने पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गुहार की है।

# कालाबाजारी करने के आरोपी कोटेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कलान

● जांच के दौरान कम पाया गया खाद्यान्न, डीएम की संस्तुति पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी की संस्तुति पर कलान पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने कालाबाजारी करने वाले जहानाबाद खमरिया के कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

15 अक्टूबर को नायब तहसीलदार और पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने प्रदीप कुमार की उचित दर दुकान पर पहुंचे, तो वहां पर ताला पड़ा था। प्रदीप कुमार को जांच में सहयोग करने के लिए फोन किया गया लेकिन स्विच ऑफ पाया गया। कोटेदार प्रदीप कुमार घर पर नहीं मिला। जिसके पश्चात जनहित एवं शासकीय हित में नायब तहसीलदार की उपस्थिति में उपस्थित गवाहों के समक्ष वीडियोग्राफी करते हुए उचित दर दुकान का ताला तोड़ा गया। ताला तोड़ने के पश्चात दुकान की चौहद्दी में खाद्य श्रेणी का गेहूं पांच बोरी में खुली व बंद कुल 2.49 कुंतल गेहूं व चावल 35 बोरी खुली व बन्द में 16.73 कुंतल एवं बाजरा पांच बोरी खुली व बंद में कुल 1.97 कुंतल बरामद हुआ। वह खाद्यान्न जो अखाद्य श्रेणी का प्रतीत हो रहा था।

सीला हुआ, कीड़े व गेहूं चावल, मिट्टी मिक्स वह कुल 16 बोरियों में खुली व बंद कुल 5.95 कुंतल पाया गया। जिसे अन्य उचित दर विक्रेता को गवाहों की उपस्थिति में सुपर्द कराया गया। प्रदीप के यहां बरामद कांटा की सील टूटी पाई गई। जिसे ब्लाक इंजीनियर अमित कुमार के सुपुर्द करा दिया गया। चौहद्दी में ई-पॉश मशीन नहीं पाई गई, जो कि विक्रेता के पास है और उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत जहानाबाद खमरिया के उचित दर विक्रेता प्रदीप कुमार के पास माह अगस्त व सितम्बर का वितरण के उपरान्त अवशेष खाद्यान्न तथा माह अक्टूबर में वास्तविक मात्रा की उठान का जो आंकलन किया गया। उसमें भी खाद्यान्न कम पाया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सुखनैया का कोटा पूर्व में प्रदीप कुमार की दुकान से संबद्ध था। उसका खाद्यान्न भी कम पाया गया।

> पूर्ति निरीक्षक कलान की तरफ से जहानाबाद खमरिया के कोटेदार प्रदीप के विरुद्ध प्रार्थना पत्र मिला था। प्रार्थना पत्र के आधार पर कोटेदार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी गयी है।
>
> **–प्रभाष चन्द्र**, प्रभारी निरीक्षक, कलान



## एक नजर

### घर की छत से गिरी बालिका की इलाज के दौरान मौत



**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव याकूबपुर निवासी बिल्लू शर्मा की 5 वर्षीय बेटी अंशिका लगभग आठ माह पहले अपने घर की छत पर बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान अचानक सिर के बल सड़क पर आ गिरी। सिर में काफी चोट आने से निजी अस्पताल बरेली में लंबा इलाज हुआ। उस के बाद कुछ दिन ठीक रहने के बाद शुक्रवार को उस के सिर में फिर दर्द होने लगा। आनन-फानन में बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन शुक्रवार रात में ही इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### हादसे में घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

**रौसर कोठी।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गुवारी गांव में ट्रक ने ई-रिक्शा व पिकअप को टक्कर मार दी थी। इसमें पिकअप चालक अमरनाथ (45) निवासी चौढेरा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान अमरनाथ की जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। पति की मौत की खबर सुनकर अमरनाथ की पत्नी बेसुध हो गई। होश आने पर वह बार-बार पति को पुकार रही थी।

# हादसा: करवाचौथ पर उजड़ गया सुहाग

## करवाचौथ का सामान लेकर लौट रहे थे पिता-पुत्र, रास्ते में किसी वाहन ने मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजन।

- छह माह पहले हुई थी गौरव और प्रीती की शादी

**अमृत विचार :** सीतापुर रोड पर पसगवां क्षेत्र में किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान पुत्र की मौत हो गयी। मृतक बीटेक का छात्र था। मृतक करवा चौथ पर्व पर पिता के जेबीगंज बाजार में खरीददारी करने आया था। चालक वाहन लेकर भाग गया।

लखीमपुर खीरी जिले के पसगवां थाना क्षेत्र के गांव पिपरौला कुंवरपुर निवासी 22 वर्षीय गौरव बीटेक का छात्र था।वह लखनऊ में रहकर पढ़ाई करता था। उसकी छह महीने पहले प्रीति से शादी हुई थी। करवा चौथ पर्व होने से गौरव शनिवार सुबह लखनऊ से अपने घर आ गया था। रविवार को वह करवा चौथ का सामान लेने के लिए अपने पिता विजेंद्र के साथ जेबीगंज बाजार गया था। रात में करीब आठ बजे पिता-पुत्र शाम बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। सीतापुर रोड पर पसगवां थाना क्षेत्र में उनकी बाइम में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें पिता व पुत्र घायल हो गए। सूचना मिलने पर पसगवां थाना पुलिस और परिवार वाले मौके पर पहुंचे। घायल पिता-पुत्र को सीएचसी ले जाया गया। डाक्टर ने गंभीर रूप से घायल गौरव को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इस पर पसगवां पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरव की मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान गई



**बंडा।** बंडा से घर जा रहे युवक की बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकारी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। बंडा के गांव उदरा टिकरी निवासी नन्हे यादव का 28 वर्षीय पुत्र मंजेश यादव किसी काम से बंडा आया था। शनिवार देर शाम जब वह घर जा रहा था, तभी बंडा-बिलसंडा मार्ग पर राधा स्वामी आश्रम के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मंजेश यादव की मौत पर पत्नी मनोरमा मां गुड्डू देवी और चार वर्षीय पुत्र अर्पित का रो-रो कर बुरा हाल है।

### रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत





**सेहरामऊ दक्षिणी।** हरदोई रोड पर थाना के निकट रोडवेज की बस ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, घटना के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। कस्बा सेहरामऊ दक्षिणी निवासी 42 वर्षीय इतवारी शनिवार को साइकिल पर सामान की खरीददारी करने बाजार गए थे। शनिवार शाम सात बजे वह थाने के निकट सड़क पार कर रहे थे। तभी हरदोई की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे इतवारी घायल हो गए। हादसे के बाद चालक बस मौके पर छोड़कर भाग गया। सूचना पर पुलिस और परिवार वाले मौके पर पहुंचे और घायल को मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान इतवारी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## किशोरी से दुष्कर्म बेहोशी की हालत में पड़ी मिली

**जैतीपुर, अमृत विचार :** एक युवक किशोरी को अगवा करके ले गया। आरोप है कि उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी उसे बेहोशी की हालत में गांव के बाहर छोड़कर भाग गया।

थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को शनिवार की रात में गांव का एक युवक ने उसकी पुत्री बहाना करके बुला लिया। आरोप है कि नदी के किनारे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

आरोपी उसे बेहोशी की हालत में उसे छोड़कर चला गया। वह सुबह पांच बजे उठे तो देखा कि उसकी पुत्री घर पर नहीं है। उन्होंने पुत्री को तलाश किया तो नदी के किनारे एक गड्ढे में बेहोशी की हालत में मिली। सूचना पर कार्यवाहक थाना प्रभारी संजीव कुमार और सीओ तिलहर अमित चौरसिया मौके पर पहुंचे और जानकारी की।

पुलिस ने किशोरी को डाक्टरी का परीक्षण कराया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आरोपी की तलाश की जा हरी है।

# बैंक कर्मियों ने व्यापारी के 15 लाख रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बैंक के सेल्स आफिसर समेत पांच कर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों पर व्यापारी को गोल्ड लोन देने के नाम 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप है। पीड़ित व्यापारी ने सेल्स आफिसर समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला किला निवासी व्यापारी राशिद अली ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 अगस्त 23 को उन्होंने एचडीएफसी बैंक शाखा छोटा चौक में करंट एकाउंट खुलवाया था। वह इस खाते से अपना लेनदेन करते हैं। इसी बैंक में उनका एक बचत खाता भी है। बैंक के तत्कालीन सेल्स आफिसर अरुणेश गुप्ता निवासी सुभाषनगर थाना सदर बाजार व गोल्ड लोन आफिसर रिन्शु अवस्थी निवासी जमुका थाना रोजा ने षड्यंत्र करके 20 सितंबर 2023 से दो माह पहले बैंक शाखा में बुलाकर कहा कि गोल्ड लोन की नीलामी होने वाली है। दोनों कर्मचारियों ने उनसे कहा कि 24 लाख का गोल्ड 15 लाख रुपये में बिना नीलामी के दिलवा देंगे। उस दौरान बैंक प्रबंधक स्मिथ कुमार गुप्ता कार्यरत थे। आरोप है कि उन्होंने पांच लाख रुपये का लोन भी पास कर दिया। व्यापारी का आरोप है कि बिजनेस लोन 4 लाख 97 हजार 675 रुपये स्वीकृत कर 11 लाख 55 हजार 223 रुपये हो गए। 15 लाख रुपये पूरे करने के लिए व्यापारी ने शेष रकम अपने मित्र से जमा कराई। आरोप है कि बैंक कर्मचारियों ने बेईमानी से दो चेक हस्ताक्षरित कराकर कूटरचना करते हुए सचिन कुमार निवासी हरदयाल कूचा थाना पुवायां के खाते में 11 लाख 55 हजार 600 रुपये व नौशाद खां के खाते में दो लाख 49 हजार रुपये हस्तांतरित कर दिए। व्यापारी का आरोप है कि बैंक कर्मचारियों ने 15 लाख रुपये हड़प लिए है। पीड़ित ने बैंक कर्मचारियों से रुपये वापस करने को कहा तो जान से मारने की धमकी दी गई।

प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि सेल्स आफिसर अरुणेश गुप्ता, गोल्ड लोन आफिसर रिन्शू अवस्थी, सचिन कुमार, नौशाद खां, विदित मल्होत्रा के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम का अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापा

**जैतीपुर।** कस्बे में पशु अस्पताल के सामने नए खुले अवनी काव्या अल्ट्रासाउंड सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की। जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड केंद्र पर डॉक्टर नदारद मिले। स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी की जानकारी पाकर कई मेडिकल स्टोर संचालक व झोलाछाप दुकान बंद कर गायब हो गए।

### चौक कोतवाली पुलिस ने छेड़छाड़ का आरोपी दबोचा

शाहजहांपुर। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि राजघाट तिराहे गुजर रही महिलाओं से एक युवक छेड़छाड़ कर रहा था। पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी करन सक्सेना को पकड़ लिया। जो बिलसण्डा का रहने वाला है। वर्तमान में शहर में बक्सरिया का रहने वाला था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



विहिप की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते महानगर मंत्री अशनील सिंह।

## बजरंग दल युवाओं को देगा त्रिशूल दीक्षा

- तीन नवंबर को हुतात्मा दिवस पर करेंगे रक्तदान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद की जिला कार्ययोजना की बैठक में बजरंगदल के तत्वावधान में 1100 हिंदू युवाओं को त्रिशूल दीक्षा देने का फैसला हुआ। दो नवंबर को हुतात्मा दिवस मनाया जाएगा। तीन नवंबर को रक्तदान किया जाएगा।

मिलन मैरिज लॉन में हुई बैठक में महानगर मंत्री अशनील सिंह ने सामाजिक समरसता संगोष्ठी व दुर्गाअष्टमी आदि कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि सत्संग विस्तार सप्ताह व दो नवंबर 1990 की कार्यसेवा में हुतात्मा हुए कारसेवकों की याद में तीन नवंबर को विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के कार्यकर्ता जिला अस्पताल में रक्तदान करेंगे। हरमीत सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन महानगर सह मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने किया। बैठक में विशाल प्रखंड सुरक्षा प्रमुख अमन रावत, मिलन केंद्र प्रमुख ओमशिव, विद्यार्थी प्रमुख अपूर्व, अमन सक्सेना, अमन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# जलालाबाद से लापता महिला का शव तिलहर में मिला

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

- दस दिन से लापता थीं रानी शर्मा घर से दवा लेने को निकली थीं



मृतका रानी शर्मा।



मौके पर छानबीन करती पुलिस। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र से दस दिन से लापता महिला का तिलहर इलाके में हाईवे किनारे कछियानी खेड़ा मंदिर के निकट खेत में लगे ट्री गार्ड में में सड़ा गला शव मिला है। इसकी सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक और सीओ तिलहर मौके पर पहुंच गए। इधर, सूचना मिलने पर पहुंचे परिवार वालों ने महिला की शिनाख्त की।

थाना तिलहर क्षेत्र के हाईवे पर कछियानी खेड़ा मंदिर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे खेत में रविवार सुबह आठ बजे राहगीरों ने पंजाबी कॉलोनी निवासी भूषण साहनी के खेत में वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्री गार्ड में 45 वर्षीय महिला का शव पड़ा देखा। सड़ा होने की वजह से शव से बदबू निकल रही थी। इसकी सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौके पर जा पहुंचे। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक सिटी संजय कुमार और सीओ तिलहर अमित चौरसिया मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने ट्री गार्ड को तुड़वाकर महिला का शव बाहर निकलवाया। उसके सिर में चोट प्रतीत हो रही थी। महिला के पास से एक पर्स मिला है, जिससे पर जलालाबाद के एक ज्वैलर्स का नाम लिखा है। जलालाबाद पुलिस से संपर्क करने पर पता चला कि वहां के दुमकापुर गांव की रानी शर्मा नौ अक्टूबर से लापता है। महिला के बेटे पवन शर्मा की ओर से गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। जलालाबाद पुलिस ने महिला के परिवार के पवन शर्मा को सूचना दी। पवन शर्मा परिवार वालों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला के शव की शिनाख्त मां रानी शर्मा पत्नी जगदीश शर्मा के रूप में की है। वह घर से दवा लेने गई थी, जिसके बाद नहीं लौटी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई है।

### 17 अक्टूबर को दर्ज कराई थी गुमशुदगी

पवन शर्मा ने बताया कि उसकी मां रानी शर्मा नौ अक्टूबर को दवा लेने शाहजहांपुर गई थीं, जिसके बाद वह नहीं लौटीं। तलाशने पर पता नहीं चला तो 17 अक्टूबर को गुमशुदगी दर्ज करा दी गई। पवन के अनुसार उनके परिवार की किसी से रंजिश नहीं है।

# जहरखुरान ने व्यापारी के 5.5 लाख रुपये उड़ाए

संवाददाता जलालाबाद/ शाहजहांपुर

- कानपुर से जलालाबाद लौटते समय दिया वारदात को अंजाम व्यापारी के पड़ोस में बैठी थी महिला

**अमृत विचार :** कानपुर से जलालाबाद लौट रहे व्यापारी से जहर खुरान गिरोह के सदस्यों ने साढ़े पांच लाख रुपये लूट लिए। बस में सफर के दौरान जहर खुरान गिरोह की सदस्य महिला ने पहले व्यापारी से नजदीकी बढ़ाई। इसके बाद नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया और रकम लूटने के बाद फरार हो गई।

जलालाबाद के मोहल्ला नौसारा निवासी व्यापारी विपिन कुमार गुप्ता किसी काम से कानपुर गए थे। शनिवार रात 12 बजे वह उत्तरांचल डिपो की बस में जलालाबाद लौट रहे थे। उसर बस में एक महिला कानपुर से सवार हुई। महिला ने व्यापारी को बातों में उलझाकर अपने जाल में फंसा लिया। रास्ते में बस के अंदर की खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर व्यापारी को खिला दिया। नशीला पदार्थ खाने के बाद व्यापारी विपिन बेहोश हो गए। इधर व्यापारी की पत्नी स्नेहलता फोन करती थी महिला रिसीव करती थी। वह गलत नंबर बताकर कॉल काट देती थी। महिला ने व्यापारी के बैग की चेन खोलकर साढ़े पांच लाख रुपये निकाल लिए। व्यापारी के बैग में कुल 11 लाख रुपये थे। फर्रुखाबाद बस अड्डे पर बस रुकते ही महिला बस से उतरकर रफूचक्कर हो गयी। इधर, व्यापारी के भाई प्रदीप गुप्ता ने फर्रुखाबाद के राहुल गुप्ता से फोन पर संपर्क किया। उन्होंने बताया कि विपिन से बात नहीं हो पा रही है। राहुल ने सुबह चार बजे फर्रुखाबाद बस अड्डे पर देखा तो विपिन बस की सीट पर बेहोशी की हालत में पड़े थे। उनकी सूचना पर फर्रुखाबाद पुलिस पहुंच गई और व्यापारी को बस से नीचे उतारा। बैग की तलाशी ली तो साढ़े पांच लाख रुपये कम निकले। घटना की सूचना मिलने पर अल्हागंज पुलिस ने चालक और परिचालक से पूछताछ की। परिचालक ने महिला और व्यापारी दोनों कानपुर से बस में सवार हुए थे। व्यापारी ने ही महिला का टिकट बनवाया था। पुलिस ने चालक और परिचालक को पूछताछ के बाद छोड़ दिया। अल्हागंज पुलिस ने घटना फर्रुखाबाद क्षेत्र की है।

## अभियान के दौरान वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश चलाए गए अभियान के तहत कांट पुलिस ने फरार चल रहे पॉक्सो एक्ट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। कांट थाना के उप निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि अभियुक्त रामदीन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट आदि के धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जो फरार चल रहा था। पुलिस ने रविवार की सुबह दस बजे जिन्दो वाली पुलिया के निकट अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। टीम में उप निरीक्षक विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार थे।

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय अफीम तस्कर दबोचा

रौसरकोठी/ शाहजहांपुर



हिरासत में आरोपी।

**अमृत विचार :** थाना रामचंद्र मिशन पुलिस और स्वाट व सर्विलांस सेल की टीम ने 780 ग्राम अफीम के साथ अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है।

थाना रामचंद्र मिशन के उपनिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए तस्कर का नाम अजय कुमार दास है और रहने वाला भटंडी थाना रोसडा जिला समस्तीपुर बिहार का है। वह सीतापुर बरेली हाईवे से रिलाइंस की ओर जाने वाले रोड पर शनिवार रात 10:30 बजे खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 780 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि बिहार में अफीम की खेती होती है। वहां से मैं अफीम लाकर भिन्न-भिन्न राज्यों में बेचता हूं। जिसकी मुझे अच्छी रकम मिल जाती है। मैं कई बार पहले भी अफीम लाकर बेच चुंका हूं। आज मैं अफीम बेचने के लिये आया था। मैं बिलपुर में जाकर एक आदमी को यह अफीम देता और दिल्ली चला जाता। इस दौरान पकड़ा गया।

## युवती का फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा आरोपी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि एक कंपनी का फील्ड आफीसर से उसकी आठ महीने पहले बातचीत हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गयी है। चार माह पूर्व पीड़िता ने उससे बात करना बंद कर दिया। आरोपी उससे लगातार बात करने के लिए दबाव बना रहा था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसकी और अपनी फोटो रिश्तेदारों को भेजने की धमकी दी। पीड़िता के पास 15 अक्टूबर को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और जान से मारने की धमकी दी। उसने कहा कि उससे बात नहीं करोगी तो फोटो भेजकर बदनाम कर दिया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी कौशल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और विवेचना की जा रही है।

# त्योहारों पर बढ़ रही भीड़, ट्रेनें चल रहीं फुल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शाहजहांपुर स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने को लेकर धक्का-मुक्की करते यात्री। • अमृत विचार

- लोग पार्सल यान में कर रहे सफर जनरल कोच में पैर रखने तक की जगह नहीं

**अमृत विचार :** दीपावली और छठ पूजा त्योहार नजदीक आते ही डाउन लाइन की ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। श्रमजीवी एक्सप्रेस, पदमावत एक्सप्रेस, पंजाब मेल, गोरखपुर जाने वाली ट्रेनों में जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं है। मजबूरन यात्री पार्सल यान में सफर कर रहे है और महिला कोच में जबरन पुरुष यात्री घुस जाते है। त्योहार के निकट सफर करना मुश्किल हो जाएगा।

बता दे कि 31 अक्टूबर को दीपावली और छह नवंबर को छठ पूजा का पर्व है। पूर्वांचल के अधिकांश लोग पंजाब, हरियाणा, दिल्ली में काम करते है। साथ ही यहां पर भी प्राइवेट कंपनियों में काम करते है। जो परिवार समेत समेत रहते है। पूर्वांचल में छठ पूजा का अधिक महत्व होता है, जो काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। दोनों त्योहार को लेकर डाउन लाइन की श्रमजीवी एक्सप्रेस, पंजाब मेल, सियालदहा एक्सप्रेस, पदमावत एक्सप्रेस, शहीद एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में भीड़ बढ़ना शुरु हो गयी है। लोग अभी से परिवार के साथ अपने घरों को लौटना शुरू कर दिया है। ट्रेनों के जनरल कोच में पैर रखने की जगह तक नहीं है। कोच के शौचालय में सफर कर रहे है। जनरल कोच में जगह न मिलने से मजबूरन लोग पार्सल यान में सफर कर रहे है। पुरुष यात्री महिला कोच में जबरन घुस जाते है। कुछ यात्री जनरल टिकट लेकर स्लीपर कोच में घुस जाते है। कुल मिलाकर ट्रेनों में अभी यह हाल है तो पर्व के समय सफर और कठिन हो जाएगा।

### वेटिंग टिकट की सूची होती जा रही लंबी

पूर्वांचल को जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस, शहीद एक्सप्रेस, पंजाब मेल आदि ट्रेनों की सूची दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। वेटिंग टिकट 75 तक पहुंच गई है। जबकि वेटिंग टिकट से स्लीपर कोच में सफर करने की अनुमति नहीं है। उसके बाद भी लोग टिकट की वेटिंग करा रहे है। लोगों का कहना है कि आखिर समय बर्थ कंफर्म हो जाए। बर्थ कंफर्म नहीं हुई तो किसी तरह स्लीपर कोच में फर्श पर बैठकर गंतव्य पर पहुंच जाएगे। जबकि जनरल टिकट से स्लीपर कोच में सफर करने पर ढाई सौ रुपये जुर्माना है।

### स्पेशल ट्रेनें चल रहीं खाली

रेल प्रशासन ने त्योहार को लेकर इस रूट पर दो दर्जन ट्रेनों को स्पेशल के रूप में चलाया है। यहां पर एक दर्जन ट्रेनें का स्टॉपेज दिया है। जबकि प्रत्येक स्पेशल ट्रेनें हरदोई रेलवे स्टेशन पर रुक रही है। स्पेशल ट्रेनों का रिजर्वेशन काउंटर और पूछताछ कार्यालय के बाहर चार्ट लगना चाहिए। जिससे यात्रियों को पता चल सके कि स्पेशल ट्रेन किस दिन है। इसके अलावा रन थ्रू ट्रेनों के स्लीपर कोच खाली जा रहे है। कई बार रन थ्रू ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की जा चुकी है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रात: 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

चरक हैल्थ केयर
चरक पैथलैब
डॉ. राकेश मिश्रा
(MD, Dip Cardiology)
हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
नियर चाट बाजार रोड़, 39-बी, एकता नगर, बरेली।
समय : प्रात: 9:00 am-10 am एवं सायं 3:00 pm-5:30 PM
मो. 9410200042, 9410200047

## एक नजर

### चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जलालाबाद।** पुलिस ने शनिवार रात में गांव सिकंदरपुर अफगान के कब्रिस्तान के पास से सुमित निवासी मोहल्ला महाजनान को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। 17अक्टूबर को अफरोज उर्फ शानू निवासी गांव मालूपुर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद हो गई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### पाक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार, जेल भेजा

**शाहजहांपुर।** निगोही थाना के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह चौहान ने बताया कि एक गांव की किशोरी को अरीब अगवा करके ले गया था। किशोरी के परिवार वालों ने अभियुक्त के खिलाफ पाक्सों आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को खुदागंज मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है। टीम में उप निरीक्षक ओमकार सिंह, सिपाही परीक्षित तेवतिया थे।

### रास्ते के विवाद में युवक पर हमला, बांके से किए वार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** रास्ते के पुराने विवाद में एक युवक पर हमला कर दिया गया। बांके से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंसटा जलालपुर के रजिस्टर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गांव में ही शनिवार रात करीब नौ बजे तजा रहे थे। इस बीच गांव के ही हरकेश ने इस रास्ते से निकलने से मना कर दिया। पीड़ित बिना कुछ कहे चुपचाप आगे चलता रहा। इसी दौरान आरोपी ने गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। बांके से वार कर लहूलुहान कर दिया गया। शोर सुनकर पीड़ित के परिवार की महिलाएं मौके पर पहुंची और बीच बचाव कराना चाहा। इस पर उनकी भी पिटाई कर दी गई।

### हंगामा करने से रोका तो कर दी पिटाई

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गहलुईया के अशर्फीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 अक्टूबर को गांव का राजेश कुमार नशे की हालत में आकर गाली गलौज करने लगा। जब घर के बाहर गाली देने से मना किया तो उसने झगड़ा शुरू कर दिया। विरोध करने पर राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, लाल बहादुर, राजेंद्र प्रसाद, दुर्गा प्रसाद ने मारपीट की। धारदार चीज से वार करके लहूलुहान कर दिया।

# गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर गुरमत समागम

## अमृतसर से आए रागी भाई मंदीप सिंह ने चौथे गुरु के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सिख पंथ के चौथे गुरु रामदास साहिब का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में विशेष गुरमत समागम हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हाजिरी देकर गुरु महाराज के दरबार में मत्था टेका और गुरवाणी सुनीं।

प्रकाश पर्व का आरंभ जसपाल सिंह परिवार की ओर से रखवाए गए श्री अखंड पाठ साहिब के भोग हुए। इसके बाद हजूरी रागी भाई बेयंत सिंह, गुरजंट सिंह ने आरती एवं गुरु रामदास साहिब की सिफत में शबद गायन किया। इस अवसर पर चोपहरा जपतप समागम के रुप मे श्री जपजी साहिब, श्री चौपई साहिब एवं श्री सुखमनी साहिब के पाठ भी किए गए। प्रकाश पर्व पर विशेष रूप से आमंत्रित अमृतसर के भाई मंदीप सिंह ने साथियों के साथ गुरबाणी कीर्तन करते हुए गुरु रामदास महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। दीवान का संचालन गुरुद्वारा के धार्मिक सचिव जगजीत सिंह ने किया।



गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सबद गायन करते अमृतसर के रागी भाई मंदीप सिंह।

### ये लोग रहे मौजूद

संस्था अध्यक्ष कमलेश कौर माटा ने जसपाल सिंह, बाबा दीप सिंह जत्थे के यश बग्गा समेत सेवादारों को सम्मानित किया गया। सीनियर मीत प्रधान जुझार सिंह मोंगा, महासचिव हरभजन सिंह दुआ, मंजीत सिंह, जसपाल सिंह, गुरमीत सिंह गांधी, राम सिंह गांधी, गुरजोत सिंह गांधी, मनमीत सिंह, राजेंद्र कौर, रानी ढींगरा, कीरत माटा, जैस्मिन कौर, अरविंदर कौर, मनमोहन कौर, मनदीप कौर, गुरबचन सिंह माटा, हरजीत कौर, मनजीत कौर, मनी बग्गा, गुरमीत सिंह, कुलदीप सिंह, शरणजीत कौर आदि का सहयोग रहा।



गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में जुटी संगत। ● अमृत विचार

## शराब के लिए रुपये नहीं देने पर ग्रामीण को पीटा

**निगोही, अमृत विचार :** शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर कुछ लोगों ने एक ग्रामीण को पीट-पीटकर बेदम कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव जिंदापुर निवासी विजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार सुबह 11 बजे वह गांव के प्रदीप के साथ शराब भट्ठी के पास शराब पी रहा था, तभी गांव के अरुण, संजीव, मझिले आए और शराब के लिए रुपये मांगने लगे।



पीड़ित विजय कुमार।

मना करने पर गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों, बेल्ट और लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। इस दौरान उसकी जेब में रखे सात हजार रुपये कहीं गिर गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# तिलहर में गणेश पूजन के साथ जनता रामलीला मेला आरंभ



गणेश जी का पूजन करते मेला कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

● **23 को धूमधामसे निकाली जाएगी श्रीराम बरात**

**अमृत विचार :** पोटरगंज रामलीला मेला कमेटी के सदस्यों ने श्री गणेश पूजन व हवन के साथ आरंभ कराया। पूजन पंडित नवनीत शर्मा ने कराया।

रविवार शाम छह बजे श्री जनता रामलीला मेला स्थल के मंच पर कमेटी संरक्षक मंडल के देवेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष नीरज गुप्ता, महामंत्री पंकज गुप्ता, मेला प्रभारी सौरभ गुप्ता रवि, प्रबंधक कमलेश कुमार गुप्ता पप्पू, तिलहर विधायक प्रतिनिधि आशुतोष कुमार सिंह आशु, रमाशंकर गुप्ता, मुदित गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, ऋषि राम शर्मा, सुमित गुप्ता, शशांक गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, सोनू गुप्ता, मोनू गुप्ता, जगदीश चंद्रगुप्त, सतीश चंद्र गुप्ता समेत तमाम पदाधिकारियों व सदस्यों ने मेले के निर्विघ्न संपन्न होने की कामना के साथ भगवान गणेश का विधिवत हवन पूजन किया। इसके साथ ही रामलीला मेला आरंभ हो गया। साथ में लीला का मंचन भी होगा।

# कानपुर की टीम ने जीता फाइनल मैच



खिलाड़ियों के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

● **प्रथम टी 20 बधिर क्रिकेट चैंपियनशिप का समापान**

**अमृत विचार :** प्रथम टी 20 बधिर क्रिकेट चैंपियनशिप का समापन हो गया। समापन समारोह में कानपुर ने फाइनल मैच जीतकर प्रतियोगिता की ट्रॉफी हासिल की। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव ने कानपुर टीम को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की।इस समारोह में शाहजहांपुर को सेकेंड रनर प्राइज ट्रॉफी और देवरिया को थर्ड प्राइज सर्टिफिकेट और ट्रॉफी भी दी गई।

प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश बधिर खेल संघ (डीएसएयूपी) द्वारा स्टेडियम में किया गया। कानपुर में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया,कानपुर ने शाहजहांपुर की टीम को 126 रनों का लक्ष्य दिया।

शाहजहांपुर की टीम मात्र 35 रन बनकर नौ ओवर में ही ऑल आउट हो गई। समापन समारोह के दौरान निखिल महेंद्रू सरंक्षक, प्रथम टी-20 उत्तर प्रदेश बधिर क्रिकेट चैम्पियनशिप, नेहा यादव सक्सेना सरंक्षक, वरुण सिंह दिव्यांग अधिकारी , बलराम सिंह जादौन, विकास शर्मा, मनोज अग्रवाल,सौरभ श्रीवास्तव, अमन सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## लूट के मामले में एसओजी ने दो संदिग्ध पकड़े

**पूरनपुर, अमृत विचार:** थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव सिमरिया ताल्लुके अजीतपुर बिल्हा के रहने वाले आशीष गुप्ता, आकाश और आकाश कुशवाहा 14 अक्टूबर को कस्बे से बाइक से घर वापस जा रहे थे। बंडा रोड पर घाटमपुर के पास कार सवार पांच लोगों ने उनकी बाइक रोक ली। इसके बाद नकदी और दो मोबाइल लूट लिए। घटना की सूचना की सूचना पुलिस को दी गई । उस वक्त पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। घटना सुर्खियों में आने पर एसओजी और सर्विलांस टीम इसके खुलासे में जुट गई। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने रविवार को दो लोगों को पकड़ा है। एक अन्य की तलाश चल रही है। वह अभी हत्थे नहीं चढ़ सका है। पुलिस ने उसके रिश्तेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि एसओजी मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के शिविर में 437 मरीजों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को जैतीपुर क्षेत्र के ग्राम सुरजूपुर में मुफ़्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 437 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 27 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। जिन मरीजों का ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निशुल्क किया जायेगा।

197 मरीजों की निशुल्क ब्लड शुगर व लगभग 290 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की गई। लगभग 365 मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम व पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी। परिवार स्वास्थ्य कार्ड अस्पताल की ओर से 200 रुपए में बनाया जाता है और एक वर्ष के लिए मान्य है। सभी रोगियों को बताया गया कि परिवार स्वास्थ्य कार्ड से ओपीडी का पर्चा निशुल्क बनेगा, दवाइयों और सभी जांचों पर 20 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। भर्ती होने पर भर्ती फाइल मुफ्त बनेगी। स्वास्थ्य कार्ड धारक को सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत और खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। शिविर में समाजसेवक ब्रजेश मिश्रा, परविंदर यादव (प्रधान), तेजेंद्रपाल सिंह (पूर्व प्रधान) आदि का विशेष योगदान रहा। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा के चिकित्सक डॉ. विश्वजीत, डॉ. दीपक पवार, डॉ. राजेन्द्र, डॉ. अक्षय अग्रवाल, डॉ. योगेश पाठक, डॉ. स्मृति झा एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा व सतीशचंद्र, पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।



शिविर में जांच करती वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज की टीम। ● अमृत विचार

● **27 मरीजों की आंखों में पाया गया मोतियाबिंद**

# ओसीएफ के अपर महाप्रबंधक का तबादला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आयुध वस्त्र निर्माणी (ओसीएफ) के अपर महाप्रबंधक एके वर्मा का कानपुर स्थानांतरण हो गया है। रामलीला कमेटी ने रविवार को समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी।

श्री रामलीला मंच पर आयोजित समारोह में रामलीला एवं प्रदर्शनी के महासचिव ऋषि बाबू ने अध्यक्ष एके वर्मा को बुके देकर सम्मानित। इसी कड़ी में सचिव देवेश दीक्षित, संयुक्त सचिव एवं निर्देशक अंकित सक्सेना, सहायक निर्देशक सुहेल मोहम्मद, प्रभारी महेंद्र दीक्षित, पर्यवेक्षक सुरक्षा राम मोहन अग्निहोत्री आदि रामलीला कलाकारों ने ए के वर्मा को फूलमालाएं पहनाकर और महिला कलाकारों ने गीतों के माध्यम से उन्हें विदाई दी। अंकित सक्सेना सोहेल मोहम्मद ने उपहार भेंट किए। देवेश दीक्षित के संचालन में चले समाराह में एक वर्मा ने सभी से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वाजिद अली, विनोद पांडेय, सुमित राना, मोहित कनौजिया, देवेंद्र पाल, अरशद आजाद, लक्ष्मण मिश्रा, रोहित सक्सेना, कौशलेंद्र पांडेय, आशीष सक्सेना, अनामिका वर्मा, रजनी वर्मा, रानी मिश्रा, चांदनी, साधना, शालिनी, निराली, अलका सक्सेना, रजनी अग्निहोत्री, रजनी वर्मा, लक्ष्मी सक्सेना, खुशी सक्सेना आदि मौजूद रहे।



ओसीएफ अपर महाप्रबंधक को बुके भेंटकर करतीं महिला कलाकार। ● अमृत विचार

● **रामलीला मंच पर आयोजित समारोह में कलाकारों ने बुके देकर किया सम्मानित**

## ग्रामीण के घर में घुसा मगरमच्छ मची खलबली

**बिठौराकलां, अमृत विचार:** आबादी में मगरमच्छ के पहुंचने का सिलसिला बरकरार है। रविवार सुबह ग्राम हटुआ बिजलई में राजेंद्र के मकान में मगरमच्छ पहुंच गया।

परिवार के सदस्यों की नजर मगरमच्छ पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। शोर मचाते हुए परिवार के लोग घर से बाहर आए। आसपास के ग्रामीण भी जमा हो गए। इसकी सूचना गांव के ही करन शर्मा ने वन विभाग को दी। कुछ देर बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। काफी संख्या में ग्रामीण जमा हो चुके थे। टीम ने बमुश्किल मगरमच्छ को पकड़ा। तब जाकर परिजन ने राहत की सांस ली। टीम मगरमच्छा को अपने साथ ले गई।

# डीएम ने सीडीओ को सौंपी जांच दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए गए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **बिलसंडा ब्लॉक में तैनात लिपिक पर है आरोप, बीडीओ कर रहे थे जांच**

● **सफाई कर्मचारी पद पर नियुक्ति दर्शाने के साथ ही कर दिया वेतन तय**

**अमृत विचार:** बिलसंडा ब्लॉक में तैनात बाबू द्वारा डीडीओ के हस्ताक्षर से जारी किए गए फर्जी नियुक्ति पत्र देकर सफाई कर्मी पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया गया। शिकायत के कई दिन बीतने के बाद भी आरोपी पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। इतना ही नहीं, नियुक्ति पत्र की सत्यता का भी पता नहीं लगाया जा सका है।

डीएम ने सीडीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी भी गठित की है। कमेटी ने दोनों पक्षों को बुलाकर प्रकरण के बारे में जानकारी जुटाई है। जिसे लेकर जल्द ही रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी। फिलहाल गंभीर आरोप में फंसने के बाद लिपिक ने भी बचाव का रास्ता तलाशना शुरू कर दिया है। जिसे लेकर विभाग में ही चर्चाएं तेज हो रही है। कुछ जिम्मेदारों के नाम भी संरक्षण देने को लेकर चर्चित हो रहे हैं।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुरिया ताल्लुके गजरौला के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र जगन्नाथ ने बीते दिनों डीएम से शिकायत कर बताया था कि कुछ समय पूर्व उसके भतीजे चंदन का संपर्क बिलसंडा ब्लॉक में तैनात चल रहे एक बाबू (लेखाकार) से हुआ। उसने पंचायत राज विभाग में सफाई कर्मचारी पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। ये भी कहा कि सफाई कर्मचारी के साथ ही पत्रवाहक के पद पर भी नियुक्ति लग सकती है। आरोपी से संपर्क किया गया तो उसने गारंटी के तौर पर डेढ़ लाख और कागजी खर्च 50 हजार रुपये देने की बात कही। इस पर पीड़ित के अलावा परिवार के ही मोहल्ला बाग गुलशेर खां के रजित कुमार, राहुल बिल्सी बदायूं के वीरु और राजीव कॉलोनी सुभाष नगर बरेली की राखी की नौकरी लगवाने की बात हुई।

> इस मामले की जांच गंभीरता से कराई जा रही है। सीडीओ की अध्यक्षता में सदस्यीय कमेटी भी गठित की गई है। शिकायतकर्ता और लिपिक को बुलाकर जानकारी की गई। दोनों ने अपना पक्ष रखा। नियुक्ति पत्र की सत्यता को लेकर भी जांच करा रहे हैं। – **अमित कुमार शुक्ला**, बिलसंडा बीडीओ

## लेखपाल की अभद्रता पर भड़के प्रधान

**बिलसंडा, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत तिलछी में ग्राम समाज की जमीन की पैमाइश करने के दौरान हल्का लेखपाल द्वारा प्रधान पति से की गई अभद्र टिप्पणी की जांच अब तहसीलदार करेंगे। एसडीएम ने प्रधान संगठन की शिकायत पर आरोपी लेखपाल के खिलाफ जांच शुरू कराई है। बता दें कि एक बार तहसील क्षेत्र का एक लेखपाल चर्चित है। आरोप है कि ग्राम प्रधान के पति से उस वक्त अपशब्द कहे जब वह ग्राम समाज की जमीन की पैमाइश की बात कह रहे थे। लेखपाल का वीडियो भी वायरल हुआ। इसके बाद से उसकी न केवल फजीहत हो रही है ,बल्कि अब प्रधान संगठन भी इस मामले को लेकर खफा है। प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सचिन गंगवार की अगुवाई में दर्जन भर से अधिक प्रधानों ने एसडीएम नागेंद्र पांडेय से शिकायत की कार्रवाई की मांग की।

# भाई की गर्दन काटकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पत्नी और छोटे भाई के बीच संबंध के शक ने बड़े भाई को हत्यारा बना डाला। आरोपी ने सोते वक्त ही मौका पाकर मंदिर परिसर में जाकर छोटे भाई की गर्दन पर फरसा (टोका) से गर्दन पर वार करके हत्या कर दी थी। न्यूरिया पुलिस ने घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया। चालान कर कोर्ट में पेश करके हत्यारोपी को जेल भेज दिया है।

बता दें कि न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बहरुआ के रहने वाले सपन घोष (40) पुत्र स्वर्गीय खगेन घोष मजदूरी करते थे। वह अववाहित थे और पिछले कई सालों से अपनी मां पतासी घोष के साथ गांव में ही रानी कॉलोनी स्थित श्मशान घाट परिसर में स्थित मंदिर में रहते थे। 17 अक्टूबर की रात को सपन घोष की गर्दन पर धारदार हथियार से वार करके हत्या कर दी गई थी।

मृतक के बड़े भाई वीर घोष के खिलाफ हत्या करने की नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसपी अविनाश पांडेय ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी को तीन टीमें गठित की थी। शुरुआती जांच में हत्या अवैध संबंध को लेकर किए जाने की बात निकलकर आ रही थी। रविवार को पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी वीर घोष को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी वीर घोष। ● अमृत विचार

### वर्तमान में देहरादून में रह रहा था आरोपी

आरोपी वीर घोष मूल रुप से बहरुआ कॉलोनी का निवासी था। मगर पिछले काफी समय से विवाद के चलते ही वह देहरादून के थाना डोईवाला क्षेत्र के मोहल्ला कोठरी जोली ग्रांन्ट वार्ड नंबर पांच में रह रहा था। घटना के कुछ दिन पहले ही वह गांव आया था और मौके की तलाश कर रहा था।

● **सोते वक्त फरसा से गर्दन पर वार कर मारा था छोटे भाई को**

● **आरोपी ने अपनी पत्नी से संबंध होने के शक में की थी वारदात**

● **न्यूरिया पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, फरसा बरामद**

उसे थाने लाकर न्यूरिया पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस के अनुसार आरोपी ने हत्या करने की बात स्वीकारी और फिर उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल फरसा भी बरामद कर लिया गया। आरोपी को शक था कि उसकी पत्नी और छोटे भाई (मृतक) के बीच संबंध हैं। इसी को लेकर उसने घटना की रात सोते पर ही फरसा से सपन घोष की गर्दन पर वार किए और हत्या कर दी थी। तभी से पुलिस आरोपी को तलाश कर रही थी।

> बीते दिनों हुई सपन घोष की हत्या के मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले में आरोपी वीर घोष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विवेचना पूरी कर जल्द चार्जशीट दाखिल की जाएगी। – **अशोक पाल**, इंस्पेक्टर न्यूरिया

# चिकित्सा मित्रों ने समस्याओं पर चर्चा की



बैठक में शामिल होने पहुंचे चिकित्सा मित्र। ● अमृत विचार

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** चिकित्सा मित्र एंड एजुकेशनल सोसायटी के बैनर तले मीटिंग ब्लाक निगोही में जिलाध्यक्ष डा. तरसेम सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि चिकित्सा मित्रों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे बंद कराया जाए। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक सलोना कुशवाहा के कार्यालय में दिया गया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि इन्हीं ग्रामीण डॉक्टरों ने कोरोना काल महामारी में प्राथमिक उपचार कर लाखों-करोड़ों लोगों की जान बचाई थी। अब चिकित्सा मित्रों को हटाने की बात हो रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूपी में चिकित्सा मित्रों की संख्या 35 से 40 लाख है। उन्होंने मांग की कि जो चिकित्सा मित्र 10 वर्ष से प्राथमिक उपचार कर रहा है, उसे निरंतर सेवा में बने रहने दिए जाए, जो सीसीएच, डी फार्मा किए हैं, उनका प्राथमिक उपचार करने दिया जाए। सरकार सभी को प्रशिक्षण दिलवाए और चिकित्सा मित्र घोषित करे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा, हाकिम सिंह ने सभी ब्लाकों की कार्यकारिणी गठित करने को कहा।



टिकट गंज बाजार में ई-रिक्शा की वजह से लगा जाम। ● अमृत विचार

# लोगों को नहीं मिला आराम बाजार में बरकरार रहा जाम

## बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़, टेंपो-ई-रिक्शा ने बढ़ाई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** करवा चौथ के त्योहार पर शहर के प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था की पोल खुल गई। दिनभर बाजार में जाम लगा रहा। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम का सबसे बड़ा कारण बाजारों में चार पहिया, तीन पहिया वाहनों का प्रवेश और दुकानदारों का फुटपाथ पर फड़ लगाना रहा। पुलिस सुरक्षा के लिए जगह-जगह लगी रही। मगर, ट्रैफिक व्यवस्था का पालन कराने में फेल दिखी।

- **बाजार में जगह-जगह लगा रहा जाम, खरीदारी करने आए लोगों को हुई परेशानी**



सुभाष चौक से सर्राफा बाजार की ओर से आते ई-रिक्शा। ● अमृत विचार



सर्राफा बाजार में ई-रिक्शा और टैंपो से लगा जाम। ● अमृत विचार

त्योहार के सीजन में बाजार में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके लिए बाजार में यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए यातायात पुलिस तैनात की गई है। परंतु बाजार में तैनात पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। बाजार में तीन पहिया, चार पहिया वाहन धड़ल्ले से प्रवेश कर जाम का कारण बन रहे हैं। के प्रमुख बाजार नेहरू चौक, बड़ा बाजार, सर्राफा बाजार, टिकट गंज, सुभाष चौक बाजार में रविवार को दिन भर ई-रिक्शा, टेंपो और चार पहिया वाहनों की धमाचौकड़ी लगी रही। इन वाहनों के साथ दुकानदारों द्वारा सड़क पर किए गए अतिक्रमण की वजह से दिन में कई बार जाम लगा। ग्राहकों की बाइक भी खड़े रहने से बाजार में जाम की स्थिति बनी। ऐसा ही हाल बड़ा बाजार में रहा। जहां ई-रिक्शा और टैंपो आसानी से प्रवेश कर जा रहे थे। इन वाहनों को रोकने टोकने वाला नहीं था।

बड़ा बाजार, छह सड़का, घंटाघर सहित सुभाष चौक पर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए यातायात पुलिस के साथ ही पीआरडी के जवानों की ड्यूटी लगी हुई है। परंतु यातायात पुलिस वाहनों को बाजार में प्रवेश करने से रोकने के स्थान पर मूक दर्शक बनी रही।



नेहरू चौक बाजार में आसानी से प्रवेश करता ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

### 16वें दिन भी जारी रहा भाकियू चढ़ूनी का धरना

**बदायूं, अमृत विचार** : ब्लॉक जगत के गांव खिरिया रहलू की गौशाला की संचालक कमेटी द्वारा पुलिस से सांठगांठ कर भाकियू चढ़ूनी कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज की गयी रिपोर्ट के खिलाफ संगठन का बेमियादी धरना रविवार को सोलहवें दिन भी जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन के दो कार्यकर्ताओं पर अलापुर पुलिस ने झूठा केस दर्ज कर दिया है, साथ ही कुंवरगांव निवासी इरफान अहमद को कार्यवाही करने आश्वासन देकर धरने से हटा दिया गया था। कार्यवाही करने पर फिर से धरना शुरू कर दिया गया है।

### विधायक ने रामलीला का किया उद्घाटन

**कछला, अमृत विचार** : कस्बा के मुख्य चौराहे पर रामलीला का बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने फीता काटकर किया उद्घाटन। जिसके बाद नारद मोह एवं विश्वमोहिनी स्वयंवर का मंचन किया गया। इस मौके पर चेयरमैन कछला जगदीश सिंह, मुनीश राघव, डॉक्टर बेद प्रकाश शाक्य, नन्दराम वर्मा, चौकी इंचार्ज योगराज सिंह मौजूद रहे।

### कांग्रेस का बेमियादी धरना 14वें दिन भी जारी

**ककराला, अमृत विचार** : ककराला सीएचसी में इमरजेंसी चिकित्सा शुरू करने एवं अन्य कई समस्याओं को लेकर कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया धरना चौदहवें दिन भी जारी रहा। कांग्रेसियों ने कहा कि जब तक उक्त समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा।

### भाकियू ने की बैठक

**कछला अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक रविवार को तोमर मार्केट स्थित सुरेश पाल सिंह के प्रतिष्ठान पर की गई। कई मुद्दों पर चर्चा की गई इस दौरान जुगेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, सुधीर कुमार सुखपाल, नंदराम आदि रहे।

# चीनी मिल के विस्तारीकरण को शासन से मांग करेंगे गन्ना मंत्री



कार्यक्रम में शामिल सभापति और गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **शनिवार देर शाम शहर के एक स्कूल में हुआ भाजपा का सदस्यता अभियान संबंधी कार्यक्रम**
- **किसानों की मांग पर गन्ना मंत्री संजय गंगवार ने दिया आश्वासन**

**अमृत विचार:** किसान सहकारी चीनी मिल का विस्तारीकरण कराया जाएगा। आगामी वित्तीय वर्ष में इस कार्य को स्वीकृति दिलाने का विश्वास गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार ने दिया है। उन्होंने कहा कि सहकारी गन्ना विकास समिति व चीनी मिल प्रबंधन समिति द्वारा जो भी प्रस्ताव शासन को भेजे जाएंगे उन पर कार्यवाही की जाएगी।

सहकारी गन्ना विकास समिति व किसान सहकारी चीनी मिल शेखूपुर के संचालक मंडल के सभापति, उपसभापति एवं सदस्यों के सम्मान समारोह में उन्होंने निर्वाचित लोगों को बधाई दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार, नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भी मौजूद रहे। इस दौरान गन्ना राज्य मंत्री व अतिथियों ने गन्ना समिति के सभापति वेद प्रकाश सिंह राठौड़, उपसभापति सुरजीव गुप्ता, चीनी मिल के उपसभापति सोवरन सिंह राजपूत के साथ सभी संचालक मंडल का शॉल उड़ाकर व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। सांसद ने गन्ना समिति व चीनी मिल के संचालक मंडल का चुनाव निर्विरोध संपन्न करने पर जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व सहकारिता चुनाव प्रभारी रविंद्र पाल सिंह को धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, जिला प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा, विधायक महेश चंद गुप्ता, हरीश शाक्य, राकेश कुमार अनवा, राजेश्वर सिंह पटेल, हर प्रसाद सिंह पटेल, सुखदेव सिंह राठौड़, उपस्थित रहे। गन्ना समिति की ओर से सचिव राजीव कुमार सिंह, मृदुल राठौर, उमेश चंद सिंह व चीनी मिल की ओर से विजय गंगवार उपस्थित रहे।

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236
नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।
यदि आप
• मर्दाना कमजोरी
• शुक्राणु की कमी
• शीघ्रपतन
का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें
• जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
• क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।
डा. आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय प्रातः 10 से 5 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरूष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरूष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरूष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने से पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार
27 अक्टूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज
एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, बन्थरा, शाहजहांपुर (उ.प्र.)
Ph.: 7521001988, 7521001989
विशेष कैम्प
2 अक्टूबर से प्रारम्भ
मुफ्त परामर्श
मुफ्त आपरेशन
दवाईयों का खर्चा अतिरिक्त
डिलीवरी एवं सिजेरियन मुफ्त
सहयोग राशि 1000/- प्रति डिलीवरी
मुफ्त टीकाकरण
मुफ्त भर्ती व भर्ती मरीजों का
कलर अल्ट्रासाउण्ड 200/- रुपये,
एक्स-रे 50/- रुपये मात्र,
ECG 20/- रुपये मात्र व
सिर का सी.टी. स्कैन 800/- रुपये मात्र
सिर का एम. आर. आई. 2000/- रुपये मात्र
वाह्य रोगी विभाग की जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट
मरीजों का रजिस्ट्रेशन मुफ्त
भर्ती मरीजों की जांचें 75% छूट पर
मोतियाबिन्द ऑपरेशन व लैंस मुफ्त
ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से 3 बजे तक
इमरजेन्सी 24 घंटे
ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे
दवाईयों में 20% छूट
कैम्प द्वारा भर्ती मरीजों का खाना मुफ्त
उपलब्ध विभाग एवं सुविधायें
अस्थिरोग विभाग
नेलिंग, प्लेटिंग, इन्टर लॉकिंग नेलिंग, जोड़ों का बदलना कूल्हे एवं घुटनें के जोड़ की आधुनिकतम सर्जरी।
सर्जरी विभाग
पेट के समस्त आपरेशन, कैंसर के जटिल ऑपरेशन, हार्निया, पित्त की थैली आदि के आपरेशन।
जच्चा बच्चा व स्त्री रोग विभाग
डिलीवरी की सुविधा, सिजेरियन, बच्चेदानी के ऑपरेशन
बाल रोग विभाग
नवजात शिशुओं एवं बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच व इलाज
मेडिसिन विभाग
पेट, जिगर रोड एवं पीलिया, तेजाब, अल्सर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग आदि।
नेत्र रोग विभाग
आंख की समस्त बीमारियों का इलाज व मोतियाबिन्द का ऑपरेशन।
नाक, कान, गला विभाग
नाक, कान एवं गले से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
दन्त रोग विभाग
समस्त प्रकार के दांतों के रोग का इलाज
त्वचा रोग विभाग
त्वचा से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज।
फिजियोथेरेपी विभाग
जोड़ों के दर्द, फालिज, नसों का सुन्नपन, रीढ़ की हड्डी की बीमारियों, गठिया आदि का इलाज।
छाती व सांस रोग विभाग
सांस टी.बी. की बीमारियों के लिए।
मस्तिष्क रोग विभाग
मिर्गी के दौरे तथा दिमागी परेशानी के लिये।
आई.सी.यू.
सभी विभाग में आई.सी.यू. अत्याधुनिक वैन्टीलेटरों के साथ गम्भीर मरीजों, एक्सीडेन्ट, पायजनिंग, दौरे व बेहोशी के मरीजों के लिए अत्याधुनिक गहन चिकित्सा कक्षा।
रेडियोलॉजी विभाग
सभी प्रकार के एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई. एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध।
वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज
एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, ग्रा. बन्थरा, शाहजहांपुर

# बहन से था प्रेम प्रसंग, कर दी फुफरे भाई की हत्या

## थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव बसौमी में 16 अक्टूबर को घूरे में दबा मिला था मुरादाबाद के युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव बसौमी आए मुरादाबाद के आकाश की हत्या करके शव घूर में दबा दिया गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। शव सड़ने की वजह से मौत का तरीका स्पष्ट नहीं हुआ था। हालांकि जानवर के शरीर काटने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने मृतक की मां की तहरीर पर मृतक के दो ममेरे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने बताया कि उनकी रिश्ते की बहन से आकाश का प्रेम प्रसंग चल रहा था। कई बार समझाने के बाद भी वह नहीं माना तो फुफरे भाई की गमछे से गला दबाकर युवक की हत्या की और



फैजगंज बेहटा पुलिस की गिरफ्त में हत्या करके शव घूर में दबाने का आरोपी।

शव घूर में दबा दिया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

मुरादाबाद जिले के थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव नानकपुर निवासी आकाश (21) पुत्र गुलजारी की ननिहाल थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव बसौमी में है। वह और उसके ममेरे भाई पान सिंह, नेम सिंह

- मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने उसके दो ममेरे भाइयों के खिलाफ दर्ज की थी रिपोर्ट, रविवार को गिरफ्तार किया आरोपी

> मुरादाबाद निवासी युवक का शव घूर में दबा मिला था। मृतक के परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। – केके सरोज, एसपी देहात

और चोखे लाल एक ही कंपनी में नौकरी करते थे। जिसके चलते आकाश अक्सर अपनी ननिहाल आता रहता था। ननिहाल के परिवार में एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग हो गया था। आकाश के ममेरे भाई पान सिंह और चोखे लाल को इस बात की जानकारी हो गई थी। 16 अक्टूबर को ग्रामीणों ने गांव बसौमी से गांव गंगामढ़ जाने वाले मार्ग किनारे घूर से किसी का हाथ बाहर आता देखा था, जिसे कुत्ते नोंच रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा पुलिस बल और आकाश के परिजन के साथ पहुंचे। शव को घूर से बाहर निकाला । उसका चेहरा तेजाब डालकर जलाया गया था। वह नग्न था। प्राइवेट पार्ट पर भी चोट के निशान थे। आकाश की मां मुन्नी देवी के अनुसार 12 अक्टूबर को पान सिंह और चोखे लाल उनके घर पर आए थे। आकाश को अपने साथ ननिहाल ले गए। जिसके बाद से आकाश वापस नहीं लौटा। अब हत्या की सूचना मिली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के भाई विजय पाल की तहरीर पर पान सिंह और चोखे लाल के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी फरार हो गए थे।

रविवार को पुलिस ने आरोपी चोखे लाल को गांव बसौमी जाने वाले मार्ग स्थित अल्हेपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घूर में शव दबाने में प्रयुक्त फावड़ा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि आकाश को पहले शराब पिलाई थी। फिर गमछा से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। फावड़ा से घूर में शव दबा दिया था। कहा कि आकाश का उसके परिवार की रिश्ते की बहन से प्रेम प्रसंग था। जिसकी वजह से उसकी हत्या की थी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा, उपनिरीक्षक मलखान सिंह, कांस्टेबिल रोहित कुमार, आकाश चौधरी व विजय कुमार रहे।

## फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर बदायूं के युवक से ठगी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पूरनपुर क्षेत्रनिवासी सुनील कुमार पुत्र जगन्नाथ ने डीएम से शिकायत कर बताया था कि उसके भतीजे चंदन का संपर्क बिलसंडा ब्लॉक में तैनात एक बाबू (लेखाकार) से हुआ। उसने पंचायत राज विभाग में सफाई कर्मचारी पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। पीड़ित के अलावा परिवार के ही मोहल्ला बाग गुलशेर खां के रजित कुमार, राहुल बिल्सी बदायूं के वीरु और राजीव कॉलोनी सुभाष नगर बरेली की राखी की नौकरी लगवाने की बात हुई। सभी ने एकत्र कर दो लाख रुपये दे दिए थे। नौ मई 2024 को सभी को बुलाकर नियुक्ति पत्र दे दिए, जोकि फर्जी निकले। ये भी कहा था कि कुछ समय बाद ज्वाइनिंग भी करवा देगा। मगर न तो नौकरी लगी न ही रुपये वापस किए।

बिलसंडा बीडीओ मामले की जांच कर रहे हैं। डीएम ने सीडीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी भी गठित की है।

# सिपाही का निलंबन विभागीय जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- निलंबन के समय एसओजी बन कर घूम रहे थे सिपाही
- चोरों की गाड़ी को थाने में लावारिस में दाखिल कर दिया
- एसपी देहात जांच पूरी कर एसएसपी को सौंपी आख्या

**अमृत विचार :** निलंबन के समय एसओजी बनकर घूम रहे सिपाही ने चोरों की गाड़ी को थाना कुंवरगांव में लावारिस में दाखिल किया था। मामला सामने आने के बाद एसएसपी ने एसपी देहात से जांच कराई थी। एसपी देहात ने संबंधित सभी के बयान दर्ज करके आख्या तैयार करके एसएसपी को सौंप दी। जिसमें सिपाही को दोषी माना गया है। एसएसपी ने सिपाही को फिर से निलंबित करके विभागीय जांच शुरू कराई है।

कोतवाली सिविल लाइन का सिपाही संतोष गंगवार और एक अन्य सिपाही अधिकारियों की अनुमति लिए बिना रूद्रपुर चले गए थे। मामला सामने आने के बाद एसएसपी ने दोनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया था। जिसके बाद उसे 28 सितंबर को बहाल कर दिया गया था। इसी दौरान पता चला कि निलंबन के समय संतोष गंगवार फर्जी एसओजी बनकर घूम रहा है। वह राजमार्ग पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से मिला। थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव हरिनगला में एक व्यक्ति के पास से चोरी की कार बरामद की। जिसे थाने में लावारिस में दाखिल किया गया। इसमें भी सिपाही पर उगाही का आरोप लगा था। रकम के बंटवारे को लेकर विवाद होने पर मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया था तो एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने एसपी देहात केके सरोज से जांच कराई। जिसमें संतोष गंगवार दोषी मिला है। एसएसपी बताया कि जांच के दौरान सिपाही की गलती सामने आई है। सिपाही को निलंबित करते हुए विभागीय जांच कराई जा रही है।

इस जांच के बाद पुलिस विभाग में इस बात की चर्चा जोरों परहै कि सिपाहियों ने निलंबन के दौरान गैरकानूनी कार्य को अंजाम देकर पुलिस की छवि धूमिल की है।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की शिकायत पर लिपिक पर रिपोर्ट

**उझानी, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज निवासी चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी ने कॉलेज के लिपिक और उसके दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने राज्य महिला आयोग को शिकायत पत्र भेजकर बताया था कि साल 2020 में उसके पति की मौत हो गई थी। मृतक आश्रित में महिला की नौकरी लगवाने के नाम पर लिपिक योगेंद्र ने गई बार महिला से छेड़छाड़ की। महिला ने कॉलेज प्रधानाचार्य से लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायत की लेकिन आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। 22 जून की दोपहर लिपिक ने महिला को गंदी नीयत से जमीन पर गिराकर अश्लीलता की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला के अनुसार एक बार शिकायत करने पर पुलिस के सामने कोतवाली में उनका फैसला हो गया था। आरोप है कि 27 जून 2024 को लिपिक योगेंद्र और उसके बेटे गणेश व संतोष ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा, छेड़छाड़, आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच उपनिरीक्षक मनोज कुमार को सौंपी गई है।

# वादी को फंसाने को कोतवाली गेट पर डाला पेट्रोल, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शनिवार रात एक युवक ने कोतवाली सहसवान के गेट पर अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। उसे जिला अस्पताल ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस की जांच में पता चला कि युवक, उसके पिता और भाई पर मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके वादी को फंसाने और पुलिस को डराने के लिए युवक ने ड्रामा किया। कोतवाली सहसवान के गेट पर पेट्रोल डाल लिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। रविवार को उसे जेल भेज दिया गया है।

शुक्रवार दोपहर लगभग साढ़े चार बजे सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर टप्पा अहमद नगर निवासी जयपाल ने पुलिस को शिकायत पत्र दिया था। जिसमें बताया कि वह गांव में परचून की दुकान चलाते हैं। गांव तिगरा निवासी अवधेश दुकान पर आए और उनके बेटे योगेंद्र को पांच सौ रुपये का नोट देकर सामान मांगा। योगेंद्र ने पुराने उधारी के सौ रुपये काटने की बात कही तो आरोप है कि अवधेश गाली-गलौज करने लगा। जिसके बाद अवधेश ने फोन



पुलिस गिरफ्त में पेट्रोल डालकर मुकदमा के वादी को फंसाने का प्रयास करने का आरोपी

करके अपने बेटे आशीष और दीपक को मौके पर बुला लिया। सभी ने मिलकर लाठी से योगेंद्र से मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र होने लगे।

आरोप है कि आशीष ने झूठे मुकदमा में फंसाने की धमकी दी। सभी हमलावर फरार हो गए। जयपाल शिकायत करने अपने बेटे योगेंद्र के साथ कोतवाली पहुंचे। गेट पर पहले से मौजूद आशीष ने मारपीट की कोशिश की। राहगीरों ने बीच बचाव कराया। पुलिस ने तीनों हमलावर पिता-पुत्र के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की थी। शनिवार रात पुलिस ने जांच में पूछताछ के लिए कोतवाली बुलाया। जिसके बाद अवधेश का बेटा आशीष शराब के नशे में धुत होकर कोतवाली

- एक युवक ने शनिवार रात कोतवाली सहसवान के गेट पर अपने ऊपर डाला पेट्रोल
- अपने ऊपर दर्ज मुकदमा के वादी को फंसाने और पुलिस को डराने का प्रयास, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके भेजा जेल

पहुंचा। पुलिस को डराने के लिए बोतल में लगाया पेट्रोल अपने ऊपर डाल लिया। आत्महत्या करने की धमकी दी। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसे जिला अस्पताल ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने आरोपी आशीष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसे जेल भेज दिया है। अवधेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसपी देहात केके सरोज ने बताया कि सहसवान क्षेत्र के गांव तिगरा निवासी आशीष पुत्र अवधेश शराब के नशे में कोतवाली के गेट पर आया। अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर पुलिस को डराना चाहता था। वह अपने ऊपर दर्ज मुकदमा के वादी को फंसाना चाहता था। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आशीष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया है।

# पुल से गिरकर हुई थी श्रमिक की मौत पत्नी ने ठेकेदार पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- महिला ने सीओ बिसौली से की थी शिकायत तो ठेकेदार पर की गई कार्रवाई

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेस वे के पुल पर काम करने के दौरान एक श्रमिक की मौत हो गई थी। ठेकेदार ने श्रमिक की पत्नी को मुआवजा दिलाने की बात कही। उससे कई सादा कागज पर अंगूठे भी लगवाए। मुजावजा न मिलने पर महिला ने ठेकेदार से कहा। आरोप है कि खुद को फंसता देखकर ठेकेदार ने महिला के बैंक खाते में 2.25 लाख रुपये जमा कराए लेकिन बाकी के रुपये नहीं दिए। महिला ने सीओ से शिकायत की। सीओ के आदेश पर ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सुजानपुर निवासी अंगूरी देवी ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे की परियोजना के कंपनी ठेकेदार मुकेश शर्मा उनके पति हरवीर से पुल का निर्माण कार्य करा रहे थे। ठेकेदार ने बिना सुरक्षा बेल्ट व संसाधनों के जबरन उनके पति को पुल के ऊपर चढ़वा दिया। जिससे काम करने के दौरान वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि ठेकेदार ने अंगूरी देवी के अनपढ़ होने का फायदा उठाया और धोखाधड़ी करके कई सादा कागजों पर उनका अंगूठा लगवा लिया। जैसा उसने कहा, अंगूरी देवी करती गईं। एक दिन ठेकेदार ने महिला के घर पहुंचकर पति के मुआवजे के रुपये आने की बात कही और महिला व बच्चों को आईडी लेकर कार्यालय में चलने को कहा। वहां एक व्यक्ति से मुआवजे की फाइल तैयार करने को कहा। वहां भी कागज पर महिला का अंगूठा लगवाकर चेक से बैंक में रुपये पहुंचने की बात कही। कई दिनों के बाद मुआवजा नहीं मिला तो महिला ने जानकारी की। पता चला कि ठेकेदार ने उनके पति की मौत पर अज्ञात गाड़ी पर मुकदमा कराया है।

## किराया मांगने पर मकान मालिक को पीटा, जांच शुरु

**बदायूं, अमृत विचार:** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव मोहम्मद नगर सुलहरा निवासी मयंक प्रताप सिंह दिल्ली में रहते हैं। उन्होंने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में उनकी जमीन और घर है। वह समय-समय पर अपने गांव आते रहते हैं। बरेली के थाना सुभाषनगर के मोहल्ला श्याम कॉलोनी निवासी दिनेश चंद्र पांडेय और थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव खामपुर उर्फ गंगापुर निवासी लाखन सिंह तकरीबन 15 साल से उनके गांव वाले मकान पर किराए पर रह रहे हैं। उन दोनों पर मकान के किराए के 50 हजार रुपये बकाया हैं। उन्होंने बिजली का बिल भी जमा नहीं किया है। कई बार कहने के बाद भी वह रुपये नहीं दिये। 19 जुलाई की रात लगभग 11 बजे मयंक गांव आए थे। आरोप है दिनेश , लाखन सिंह और साथी ने उन्हें पीटा पड़ोसियों ने बचाया।

# छात्रा का रास्ता रोक कर छेड़ा मजदूर आए तो भागा आरोपी

कार्यालय संवाददददाता, बदायूं

- मिशन शक्ति का असर, असुरक्षित महसूस होने पर छात्रा ने चिल्लाकर दिखाई होशियारी
- छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट, आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान का स्कूलों में चलाये जा रहे अभियान का असर रविवार को दिखाई पड़ गया। स्कूलों में छात्राओं को बताए जा रहे आत्मरक्षा के तरीकों में से एक का प्रयोग छात्रा ने करके अपने को बचा लिया। दूसरे समुदाय के एक सिरफिरे ने छात्रा का रास्ता रोककर उससे छेड़छाड़ की तो छात्रा ने शोर मचा दिया। इससे पड़ोस के कोल्डस्टोर पर काम कर रहे लोग निकल आये। मजदूरों को देखकर युवक भाग खड़ा हुआ। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा कस्बा वजीरगंज क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में पढ़ती है। रविवार को वह वजीरगंज क्षेत्र स्थित कोचिंग से सुबह नौ बजे लौट रही थी। वह एक कोल्ड स्टोरेज पर पहुंची ही थी कि बाइक सवार युवक ने बाइक आगे लगाकर छात्रा का रास्ता रोक लिया। छात्रा का दुपट्टा खींचा, हाथ पकड़कर खींचना शुरू कर दिया। छात्रा ने किसी तरह उससे अपना हाथ छुड़ाया और शोर मचाते हुए पास के कोल्ड स्टोर की ओर दौड़ी। शोर सुनकर कोल्ड स्टोर के मजदूर बाहर निकल आए। आरोपी को पकड़ने के लिए गए लेकिन आरोपी बाइक से भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# शादी के एक साल बाद मांगा अतिरिक्त दहेज, पति समेत नौ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तीन सितंबर 2023 को हुई थी महिला की शादी

**अमृत विचार :** शादी के तकरीबन एक साल के बाद ही ससुरालीजनों ने महिला से एक अपाचे बाइक और पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। महिला के असमर्थता जताने पर उसके साथ मारपीट की और भूखा रखा। महिला का जबरन गर्भपात करा दिया। महिला की तहरीर पुलिस ने पति समेत नौ ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बिसौली के मोहल्ला इमामबाड़ा निवासी अर्शी की शादी 3 सितंबर 2023 को गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र की पूजा कॉलोनी निवासी जुनैद पुत्र अहमद अली के साथ हुई थी। अर्शी के माता-पिता ने डेढ़ लाख रुपये की बाइक, वॉशिंग मशीन, फ्रिज, अलमारी, कूलर, बेड, सोफा, सोने-चांदी के लगभग 10 लाख रुपये के आभूषण आदि दिया था। शादी बिसौली में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दान दहेज से खुश नहीं थे। पति जुनैद सहित ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में एक अपाचे बाइक और पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। 19 जुलाई 2024 की रात लगभग 11 बजे अर्शी का भाई खुश, मोहर्रम का सामान लेकर अर्शी के घर गया। ससुरालीजनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। कहा कि दहेज की मांग पूरी नहीं की तो जान से मार देंगे। कई बार पंचायतें कराने के बाद भी ससुरालीजन महिला को रखने तैयार नहीं हुए। बिसौली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मनप्रीत सिंह अविवाहित है तथा उसने कहीं भी, किसी से भी प्रेम विवाह या विवाह नहीं किया है। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय में आपत्ति दर्ज करायें। **अमरजीत सिंह पुत्र मेवा सिंह निवासी ग्राम निवार ऐंठपुर पोस्ट सखौला तहसील अमरिया जिला पीलीभीत। मो. 9759003746**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सोलह श्रृंगार कर चंद्रमा को देखकर सुहागिनों ने पूरा किया व्रत

## दिनभर रहीं निर्जला, शाम को पूजा की तैयारी के बाद चांद निकलने का किया बेसब्री से इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शाम जैसे ही ढली वैसे ही सुहागिन महिलाओं की निगाहें आसमान में चांद को निहारने में लग गईं। शाम के धुंधले अंधेरे में जैसे ही चांद के दीदार हुए सुहागिनों के साथ-साथ उनके पति के चेहरों पर मुस्कान तैर गई। पति-पत्नी दोनों ने एक साथ चांद का दीदार किया और पूरे दिन का निर्जला व्रत खोला। इससे पहले सुहागिन महिलाओं ने मंदिरों और घरों में जाकर व्रत की कहानी सुनी।

रविवार सुबह से ही महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। दिन में करवा चौथ से जुड़ी कहानियां मंदिरों व एक दूसरे के घरों में जाकर सुनीं। सभी घरों में पकवान बनाए गए। शाम के 7 बजकर 25 मिनट पर आसमान में चांद चमका। जैसे ही चांद दिखा वैसे ही लोगों ने पटाखे छुड़ाने शुरु कर दिये। एक बारगी तो ऐसा प्रतीत हुआ कि जैसे दिवाली की धूम मची हो। सुहागिनों ने अपने जीवन साथी के साथ चांद का दीदार किया और दिन भर की उम्मीदों को मूर्त रूप दे दिया। चांद को अर्घ्य दिया और सजना ने अपने हाथ से सजनी को पानी पिलाकर व्रत खुलवाया। इस दौरान घरों की छतों पर महिलाएं एक साथ दिखाई दीं। इससे पूर्व दिन भर सुहागिनों ने अपने सजना की दीर्घायु की कामना को रखे जाने वाले करवा चौथ के व्रत को पूरी श्रद्धा के साथ रखा।

**फोटो खिंचवाने की रही होड़ :** करवा चौथ पर्व को यादगार बनाने को विवाहित जोड़ों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। अपने इस दिन की याद को संजोने के लिए विवाहित जोड़ों ने फोटो खिंचवाए। मोबाइल से महिलाओं ने फोटो खींच कर उसे सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया। कुछ महिलाओं द्वारा फोटो स्टूडियो पर पहुंचकर फोटो खिचवाएं। **पर्व को लेकर दिखा उल्लासर :** नव विवाहिताएं हों या फिर अधेड़, सभी ने पति की सुख समृद्धि की कामना की। इसके लिए सभी में समान रूप से उल्लास दिखाई दिया। हर ओर सोलर श्रृंगार करे सजी संवरी महिलाएं दिखाई दी। महिलाओं ने श्रृंगार व सजने में किसी ने कोई कोताही नहीं बरती। पुरुषों ने भी अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए अपनी जीवन संगिनी को तोहफे भेंट किए। साथ ही सातों जन्म के लिए अपने सजना-सजनी का साथ मांगा।



चांद निकलने का इंतजार में पूजन से पहले एक साथ चांद को देखने की तैयारी करती सुहागिनें । ● अमृत विचार



सहसवान में चांद की पूजा करतीं सुमन गुप्ता।



चांद का पूजन करती सुहागिन । ● अमृत विचार



चांद का दीदार करने से पूर्व घर में करवा चौथ की कथा सुनती महिलाएं । ● अमृत विचार

### रात में सैर करने निकले दंपती

चांद का दीदार करने और व्रत खोलने के बाद अपने जीवन साथी के साथ अधिकांश जोड़े सैर को निकल पड़े। बाजारों में फिर से जैसे रौनक छा गई हो। रात को रेस्तरांओं और होटलों की रौनक बढ़ने लगी। अधिकांश जोड़ों ने बाहर जाकर लजीज भोजन का लुत्फ उठाया।

### सोशल मीडिया के माध्यम से किया पति का दीदार

चाहे सजना कितने भी दूर क्यों न हों। इंटरनेट ने इन दूरियों को कम कर दिया है। जिन महिलाओं के पति बाहर दूर शहर में हैं उनके लिए इंटरनेट एक सफल माध्यम बन गया है। महिलाओं ने इंटरनेट से अपने सजना का दीदार कर व्रत खोला।

### महिला कैदियों ने रखा करवा चौथ का व्रत

जिला कारागार के भीतर भी करवा चौथ त्यौहार मनाया गया। इन दिनों विभिन्न मामलों में कारागार में बंद करीब 60 से अधिक हैं। इनमें से दस महिलाओं ने जेल प्रशासन से इजाजत लेकर करवा चौथ का व्रत रखा है। जेल प्रशासन ने इन महिलाओं को इजाजत देने के साथ ही जरूरत की वस्तुएं मुहैया कराई। जेलर रणंजय सिंह ने बताया कि इन महिलाओं को करवा, सींक समेत अन्य पूजन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। पूजन करने वाली महिलाओं को सामान्य मिलाई के तौर पर सूर्यास्त से पहले तक उनके पति से भी मुलाकात कराई गई।

### दिन में मेहंदी लगाने की रही होड़

शहर के चूना मंडी, बड़ा बाजार, टिकटगंज सहित अन्य बाजारों में मेहंदी लगाने वालों के पास महिलाएं बाजार खुलते ही पहुंचने लगी। जिसमें सबसे ज्यादा भीड़ चूना मंडी में रही। जहां महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी रचाई।

# दुनिया से रुखसत हुए फहमी बदायूंनी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रविवार को हुआ निधन, साहित्यिक जगत में शोक

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदायूं की पहचान बनाने वाले शायद फहमी बदायूंनी रविवार शाम दुनिया से रुखसत हो गए। वह 72 साल के थे और एक महीने से बीमार चल रहे थे। कम शब्दों में बड़ी बात कहना उनकी शायरी में शामिल होता था। उनके निधन की सूचना पर साहित्य जगत में शोक है। लोगों ने उनके परिवार को सांत्वना दी। सोमवार को शायर का शव सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।



मृतक फहमी बदायूंनी।

शायर फहमी बदायूंनी का जन्म चार जनवरी 1952 को बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला पठानटोला में हुआ था। उनका पूरा नाम जमां शेर खान उर्फ पुत्तन खां था। उन्होंने लेखपाल पद पर नौकरी की थी। कुछ दिन करने के बाद भी उन्होंने नौकरी छोड़ दी और इंटरमीडिट के बच्चों को कोचिंग पढ़ाना शुरू कर दिया था। साथ में वह शायरी करते थे। धीरे-धीरे वह फहमी बदायूंनी के नाम से फेमस हो गए। वह अपनी शायरी में कम लफ्ज का इस्तेमाल करते थे।

कम शब्दों में बड़ी बात कह देते थे। उनके बड़े बेटे जावेद खां अमजेर में एक पोल्ट्री फॉर्म संचालक हैं। दूसरे बेटे परवेज खां बड़े बिजनेसमैन हैं। उनकी दो बेटियों निगार खातून और रुखसाना की शादी हो चुकी है। बदायूं क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष ने बताया कि फहमी बदायूंनी का दुनिया छोड़कर जाना साहित्यिक जगत की बढ़ी क्षति है।

## विद्यार्थियों को बताई स्टार्टअप की महत्ता

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बौद्धिक संपदा अधिकार पर चर्चा हुई। भारत सरकार के पेटेंट तथा डिजाईन परीक्षक परीक्षक यासिर अब्बास जैदी ने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को दो सत्रों में अलग अलग प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यशाला के आयोजक डॉ. संजीव राठौर ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से शिक्षक और विद्यार्थी अपने शोध श्रम के द्वारा अर्जित बौद्धिक सम्पदा को अनुरक्षित कर नए नए स्टार्टअप के द्वारा विकसित भारत के निर्माण में योगदान कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार बतरा ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी अपने बौद्धिक संपदा अधिकार का उपयोग करना सीखेगी। इस मौके पर डॉ बबीता यादव, डॉ सतीश सिंह यादव, शशिप्रभा, डॉ सचिन कुमार, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ सरिता, डॉ दिलीप वर्मा, डॉ पवन कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल तौल से उपभोक्ताओं के राशन से कर रहे 20 प्रतिशत कटौती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अंगूठा लगवाने के बाद बाट रख निकाल रहे पर्ची, फिर तौला जा रहा राशन, वीडियो वायरल

**अमृत विचार:** राशन कोटेदार खुलेआम शासन की व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहे हैं। उनके द्वारा प्रति उपभोक्ता 20 प्रतिशत राशन की घटतौली कर ली जा रही है। उपभोक्ता से डिजिटल मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद बाट रखकर पर्ची निकाल ली जाती है। उसके बाद मनमर्जी से राशन तौल कर दिया जाता है। डिजिटल कांटे पर बाट रखकर पर्ची निकालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो इस बात की गवाही दे रहा कि जिले में डिजिटल व्यवस्था को किस प्रकार से माफिया ठेंगा दिखा रहे हैं। जिले में बड़े पैमाने पर राशन में कटौती करने का खेल जारी है। हालांकि जिम्मेदार व्यवस्था में कोई नहीं होने का दावा कर रहे हैं।

पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्ड धारकों को सरकारी राशन की दुकानों से फ्री में राशन दिया जाता है। जिसमें पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक को यूनिट के अनुसार और अन्त्योदय कार्ड धारक को 35 किलो राशन दिया जाता है। व्यवस्था को चोट पहुंचाने वाले कोटेदार उपभोक्ता का अंगूठा लगवाने के बाद डिजिटल मशीन पर बाट रखकर पर्ची निकाल ले रहे हैं। उसके बाद बीस प्रतिशत की कटौती कर राशन तौल कर दिया जा रहा है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो दो से तीन दिन पुराना है। वीडियो ग्राम पंचायत म्याऊं की कोटेदार कलावती के यहां का बताया जा रहा है। जिसमें कोटेदार द्वारा रखे गए व्यक्ति द्वारा कांटे पर बाट रखकर पर्ची निकाल ली जा रही है। उसके बाद मनमर्जी से राशन तौल कर दिया जा रहा है। वायरल वीडियो के प्रति पूर्ति विभाग के अधिकारी अनभिज्ञता जाता रहे हैं। उनके द्वारा जांच कर कार्रवाई की बात कही जा रही है।



बाट रखकर पर्ची निकालता कोटेदार का व्यक्ति।

> वायरल वीडियो की जानकारी नहीं है। जानकारी कर जांच कराई जाएगी। दोषी मिलने पर कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> -रमन मिश्रा, डीएसओ

# मेडिकल कॉलेज मनाएगा फेस्ट न्यूक्लियस, छह दिन होंगी प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज में वार्षिकोत्सव न्यूक्लियस कार्यक्रम का आयोजन 21 अक्टूबर से किया जाएगा। यह कार्यक्रम 26 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम में खेल कूद, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री करेंगे।

रविवार को राजकीय मेडिकल कालेज में फेस कमेटी के प्रेसिडेंट मुख्त्याज हुसैन ने बताया कि मेडिकल कल कालेज में दूसरी बार वार्षिकोत्सव न्यूक्लियस 2024 कार्यक्रम 21 अक्टूबर से आयोजित किया जाएगा, जो 26 अक्टूबर तक अनवरत चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को सुबह दस बजे केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा करेंगे। अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।उन्होने बताया कि सोमवार को स्पोर्ट्स ग्राउंड पर एमबीबीएस, नर्सिंग व पैरामेडिकल के छात्र छात्राएं अपने बैच के झंडे लेकर परेड करेंगे। 21 से 24 तक खेलकूद एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं होंगी। 25 व 26 को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन तथा पुरस्कार वितरण किया जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं में जिला प्रशासन के उच्च अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम आयोजक के रूप में प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार, डा. मुक्त्याज हुसैन, डा. नेहा सिंह, डा. अमित कुमार, डा. प्रशांत सिंह, डा. पूजा नागाइच, डा. वशिष्ठ मिश्रा, डा. मनीष कुमार सिंह, डा. श्रवण कुमार भार्गव, डा. रश्मि सिंह, डा. अमृता वाजपेयी, मीडिया प्रभारी डा. लालेन्द यादव शामिल रहेंगे।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कॉलेज प्रांगण में साफ सफाई कराने के साथ ही स्टाफ को अलग अलग जिम्मेदारी बांटी गयी है। अतिथियों का स्वागत करने वाले स्टाफ को सुबह सात बजे तैयार रहने को निर्देशित किया गया है।



कार्यक्रम की जानकारी देते फेस कमेटी प्रेसिडेंट मुख्त्याज हुसैन व अन्य।

- राजकीय मेडिकल कालेज में तैयारी पूरी, प्राचार्य ने दी जानकारी, बांटी गयी जिम्मेदारी

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल


**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज मार्ग पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक को चालक सहित पकड़ लिया है। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी राहुल (22) पुत्र रामनिवास दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। दिल्ली में वह बीमार हो गया था तो पांच दिन पहले गांव आ गया था। रविवार देर शाम वह बदायूं के गांधी ग्राउंड में लगी रामलीला देखने के लिए गांव के अपने दोस्त सुनील पुत्र ज्वाला प्रसाद के साथ आया था। शहर के पास दातागंज तिराहे पर शहर की ओर से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राहुल की मौके पर मौत हो गई जबकि सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर सिविल लाइन कोतवाली पुलिस पहुंची। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने राहुल की मौत की पुष्टि कर दी जबकि सुनील को भर्ती किया है। हादसे की सूचना पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। बताया कि राहुल अपनी छह बहनों का अकेला भाई था।

# जागरुकता तक सीमित अभियान किसान जला रहे खेतों में पराली

संवाददाता, आसफपुर

**अमृत विचार:** खेतों में पराली जलाए जाने पर शासन की ओर से प्रतिबंध लगा है। साथ ही ऐसा करने वालों के खिलाफ दंड भी निर्धारित है। इसके बाद भी किसान पराली जला रहे हैं। लेकिन कार्रवाई के स्थान पर मात्र जागरूकता का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। इसकी जानकारी कृषि और तहसील स्तर के अधिकारियों को हैं, परंतु कार्रवाई के नाम पर हाथ खाली हैं।

पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने के लिए पराली जलाने पर प्रतिबंध है। ऐसा करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज कराने से लेकर 25 हजार रुपये तक जुर्माना वसूलने का आदेश है। साथ ही ऐसे किसानों को किसान निधि भी बंद करने का आदेश है। कृषि और तहसील स्तरीय अधिकारियों से ड्रोन से निगरानी रखने को भी कहा गया है। जागरुकता के लिए मात्र एक गाड़ी घुमाई जा रही है। जिसका प्रभाव किसानों पर नहीं पड़ रहा है। विकास खण्ड आसफपुर के ग्राम भूड़ में शनिवार को कई किसानों के द्वारा धान की कटाई कराने के उपरांत उसके अवशेष जला दिए। इस क्षेत्र में प्रतिदिन कोई न कोई किसान खेतों में पराली जला रहा है। जिसकी जानकारी तहसील और कृषि अधिकारियों को है, परंतु वह अनभिज्ञता जाता रहे हैं।



आसफपुर ब्लॉक के गांव भूड़ के खेत में जली पराली ।

> खेतों में पराली जलाई जा रही है। इसकी जानकारी नहीं है। जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -विजय कुमार शुक्ला, तहसीलदार बिसौली

> जागरूकता के बाद भी किसान मानने को तैयार नहीं है। पराली जलाने वालों पर संबंधित तहसील के एसडीएम को कार्रवाई करनी होती है। हमारे अधिकार क्षेत्र में कुछ नहीं है।
>
> -मनोज कुमार, डीडी एग्रीकल्चर

## सार-संक्षेप

### चांद की तरह समाज को शीतलता-कोमलता प्रदान करें स्त्री



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित प्रज्ञा आर्य मंदिर पर आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग में आचार्य संजीव रूप ने करवा चौथ का व्रत करने वाली सभी माताओं को कहा कि चांद की पूजा करके यह व्रत रखा जाता है, इसके पीछे एक बहुत बड़ा संदेश छुपा है। चांद शीतलता देता है, कोमल होता है, आकर्षण होता है, इसी तरह जो स्त्री अपने गृहस्थ जीवन में शीतल वाणी, कोमल व्यवहार तथा आकर्षक व्यक्तित्व की होकर के रहती है। उस गृहस्थ का सदा सुख बढ़ता जाता है, छोटी-छोटी बातों पर कलह नहीं करनी चाहिए। तृप्ति शास्त्री ने कहा कि घर एक मंदिर होता है। जहां पति के लिए पत्नी और पत्नी के लिए पति देवी देवता होते हैं। इस मौके पर प्रश्रय आर्य ने यज्ञ कराया तथा आर्य संस्कार शाला गुरुकुल की बेटियों ने वेद पाठ किया।

### सदर विधायक ने किया मेला का उद्घाटन



**विजय नगला, अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर क्षेत्र के गांव भितरा में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने रामलीला मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा मर्यादा भगवान श्री राम के आदर्शों पर सभी को चलना चाहिए। रामलीला जैसे महोत्सवों से आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। बुराई पर सच्चाई की जीत होती है। रावण रूपी बुराई का वध किया जाता है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति अनेक पाल सिंह, सोवरन सिंह राजपूत, सुरेश चंद्र गुप्ता, सतीश चंद्र अजय पाल यादव, यादराम मौर्य, राजीव सिंह, संजू यादव, चित्र पाल, पंकज गुप्ता, गुंजन, महेंद्र, महेश आदि लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस सेवादल ने निकाली प्रभात फेरी



**बदायूं, अमृत विचार :** कांग्रेस सेवादल ने रविवार को भूड़ा भदरौल गांव में प्रभात फेरी निकालकर गोष्ठी का आयोजन कर संगठन की मजबूती परबल दिया। कादरचौक में रविवार को ग्राम भूड़ा भदरौल के एक स्कूल में हुए कार्यक्रम में कांग्रेस सेवा दल द्वारा गांव में सेवादल के जिला अध्यक्ष उमेंद्र शंखधर की अध्यक्षता में प्रभात फेरी निकाली गयी। उसके बाद गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सोमेंद्र यादव ने ध्वजारोहण करते हुए संगठन को मजबूत करने पर बल दिया, कांग्रेस सेवादल के जिला उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, कांग्रेस सेवा दल के जिला कोषाध्यक्ष अवनीश कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष जगदीश सागर, उझानी नगर अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र कुमार, जिला सचिव प्रदीप कुमार आदि वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी में कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष कादर चौक पंडित राजू शर्मा, मुरारी लाल बघेल, बालकिशन शर्मा, नन्नू बघेल, भारत सिंह कश्यप, ब्लॉक उपाध्यक्ष गिर्राज शर्मा, सतीश चंद, श्याम बाबू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### राज्य सूचना आयुक्त का उझानी में स्वागत



**उझानी, अमृत विचार :** रविवार को उझानी पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता का मोहित कुमार एडवोकेट के आवास पर उनका फूल माला से स्वागत सत्कार किया गया। इसके बाद राज्य सूचना आयुक्त ने वाल्मीकि बस्ती पहुंच कर मंदिर में भगवान वाल्मीकि की मूर्ति का माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होने कहा भगवान वाल्मीकि ने हमारे समाज को एक नई दिशा दी। लोगों को आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ बृजेंद्र वार्ष्णेय, कमलेश वार्ष्णेय, विष्णु गुप्ता एडवोकेट, संजीव गुप्ता, अजीत जैन, शिवम अग्रवाल, राजू प्रधान, मंथन, आदित्य गुप्ता, अमन सागर, मनीष वाल्मीकि, प्रतीक वाल्मीकि, शिव भारद्वाज, संजय कुमार, आशीष, सोनू आदि उपस्थित रहे है।

### उरौलिया और ककराला में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बदायूं, अमृत विचार :** डेंगू और चिकनगुनिया के प्रकोप को देखते हुए मेडिकल सर्विस सोसाइटी द्वारा ग्राम उरौलिया और ककराला में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। रविवार को मदरसा दरगाह इस्लामी में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डा. इत्तेहाद आलम, डॉ अमन आजाद, डॉ. खालिद जफर, डॉ. जियाउर्रहमान, डॉ. शकील अहमद अंसारी, डॉ. राबिया शकील, डॉ. संजीदा आलम ने मरीजों को देखा। अल फारिया हॉस्पिटल के स्टाफ और डॉ. मुवाहिद ने दवाएं वितरण कीं। इस मौके पर रफ़ीकुज़्ज़मा खान, मुहम्मद अनस, इबरत अली खान, डॉ. ताहिर अली खान, अब्दुल फईम खान, याहया खान, अमीरुल हसन खान, मोहम्मद जकिया खान, मोहम्मद नईम खान, उबादा, हाफिज फाजिल, आदि साथियों का भरपूर सहयोग रहा।

### नगर में धूमधाम से निकली शिव बारात, लोगों ने किया स्वागत



**दातागंज, अमृत विचार :** आर्य रामलीला कमेटी के तत्वावधान में भगवान शिव शंभू की बारात नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। विधायक राजीव कुमार सिंह ने भगवान शिव शंभू पूजा कर बारात शुरु करवाई। बारात में भगवान की सुन्दर सुन्दर झाकियां, काली अखाड़ा आकृषण का केंद्र रहा। कई जगह लोगों ने बारात का स्वागत किया। इस दौरान प्रेमपाल गुप्ता, अनूप गुप्ता, सचिन गुप्ता, स्वयं गुप्ता, कोतवाल अरिहन्त सिद्धार्थ समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### नारद मोह लीला का हुआ मंचन



**दातागंज, अमृत विचार :** आर्य रामलीला कमेटी के तत्वाधान में शिव शंभू की बारात के साथ ही रामलीला का मंचन शुरू हो गया। रविवार को मिथिला रामलीला नाट्य कला परिषद के कलाकारों द्वारा नारद मोह का मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। नारद मुनि विश्व मोहिनी को देखकर मोहित हो जाते है। और उनसे विवाह करने के लिए नारायण से उनका हरि रूप मांगते है। देवर्षि नारद भगवान हरि का रूप यानी वानर का रूप प्रदान कर देते है। जिसके कारण स्वयंवर में उनका मजाक बनता है

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| $33^0$ अधिकतम तापमान | $20^0$ न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.32 | सूर्यास्त 07.11 |

**जिले में आज**

- प्रदेश स्तरीय बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का ट्रायल खेल स्टेडियम फरीदनगर में दोपहर दो बजे से।
- मोहनपुर में श्री भगवान राम की लीलाओ का मंचन शाम आठ बजे से।
- सुन्नगढी के आंबेडकर पार्क सिद्वपुर में बौद्ध कथा का आयोजन सुबह दस बजे से।
- कस्बा बिलराम में भगवान श्री राम की लीलाओ का मंचन रात आठ बजे से।
- भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारी डीएम को ज्ञापन देंगे सुबह दस बजे।

# चांद देखकर सुहागिनों ने व्रत किया पूरा

## चंद्रमा निकलते ही चेहरे पर आई चमक, दंपतियों ने घर के बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददात, कासगंज

**अमत विचार :** रविवार को महिलाओं के अखंड सौभाग्य का पर्व करवाचौथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा। रात को चंद्रोदय होने पर अर्घ्य देकर पति के दीर्घायु की कामना की। बायना मंसा बुजुर्गों को देकर उनका आशीर्वाद लिया। पतियों ने जल पिलाकर व्रत खुलवाया।

करवा चौथ को लेकर महिलाओं में सुबह से ही उत्साह था। घरेलू कामकाज निपटाने के बाद महिलाएं ब्यूटी पार्लर गईं, मेहंदी रचाई। शाम को महिलाओं ने व्रत की कथा पढ़ी। सारे दिन निर्जला व्रत रखकर चंद्रमा के उदय होने का रास्ता देखती रहीं। सूर्य अस्त होते ही छतें गुलजार हो गईं। बच्चों का शोर गूंजने लगा।



आवास विकास कॉलोनी में चंद्रमा को अर्घ्य देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

सभी चांद निकलने की राह देख रहे थे। चंद्रमा निकलते ही महिलाओं ने छलनी से पति की छवि निहारी। चंद्रदेव को अर्घ्य दिया।

पति की दीर्घायु की कामना की और आरती उतारी। पति ने जल पिलाकर एवं मिष्ठान खिलाकर पत्नी का व्रत खुलवाया।



करवा चौथ पर्व कथा का पाठ करती सुहागिन।

**सेल्फी का दिखा जबरदस्त क्रेज**

करवाचौथ पर्व पर सुहागिनों में सेल्फी का जबरदस्त क्रेज दिखा। पूजा अर्चना व चांद का दीदार करने के बाद दंपतियों ने अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालीं। अपनों की तारीफें मिलीं। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप परऐसी तस्वीरें भेजने की होड़ सी दिखी।

**बच्चों ने छुड़ाए पटाखे**

चंद्रोदय होते ही महिलाएं पूजा–पाठ में लगी थीं तो उत्साहित बच्चे पटाखे छुड़ा रहे थे। गली, कूंचों एवं छतों से पटाखों की आवाज गूंज रही थी। पूजा के बाद बच्चों के साथ बड़े भी शामिल हुए और पटाखों से रोशनी कर आनंद लिया। छतों पर बच्चे भी आसमान की ओर निहार रहे थे। चांद नहीं निकल रहा था उसके बावजूद महिलाओं से चांद निकल आया कहकर परेशान कर रहे थे।

## प्रदेश स्तरीय समन्वय हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु ट्रायल आज

**मोहनपुर, अमृत विचार :** जिला खेल निदेशालय के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का जनपदीय ट्रायल आज दोपहर 2 बजे से जिला खेल स्टेडियम फरीदनगर सोरों जी पर आयोजित किया जाएगा। उक्त ट्रायल में चयनित खिलाड़ी अगले दिन 11 बजे से अलीगढ़ में आयोजित होने वाले मंडलीय ट्रायल में शामिल किए जाएंगे। वहीं मॉडल स्तर पर चयन पाने वाले खिलाड़ी अमेठी में 6 से 9 नवंबर को आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।उप क्रीड़ा अधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि सभी इच्छुक खिलाड़ी अपने आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ छाया प्रति लाकर समय से प्रतिभाग करें।

## प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने को बदले एसडीएम

**कासगंज, अमृत विचार:** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को और बेहतर करने की कवायद तेज की गई है। डीएम ने मजबूत व्यवस्था के लिए उपजिलाधिकारियों के कार्य क्षेत्र में फेर बदल कर दिया है। तत्काल संबंधितों को संबंधित तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने पटियाली एसडीएम कुलदीप सिंह को एसडीएम न्यायिक सदर बनाया है। एसडीएम न्यायायिक सदर अंजली गंगवार को एसडीएम सहावर बनाया है। एसडीएम सदर संजीव कुमार एसडीएम न्यायायिक पटियाली, सहावर एसडीएम कोमल पवार को एसडीएम सदर एवं एसडीएम न्यायायिक पटियाली प्रदीप कुमार विमल को एसडीएम पटियाली बनाया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तत्काल अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्य भार ग्रहण करें। डीएम मेधा रूपम ने कहा कि एसडीएम के कार्य क्षेत्र बदल दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अपने तैनाती स्थल पर कार्यभार तत्काल प्रभाव से ग्रहण करें।

# प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की सफलता को बनाई रूपरेखा




भगवान चित्र गुप्त की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की रुपरेखा बनाते कायस्थ समाज के लोग।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- 27 को चित्रगुप्त की भव्य प्रतिमा का वृंदावन में अनावरण
- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने तैयारी को लेकर की बैठक

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक प्रदेश सचिव नवल कुलश्रेष्ठ के प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक में वृंदावन में प्रस्तावित भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की सफलता को रूपरेखा बनाई गई। यहां कार्यकर्ताओं को साथ मंथन किया गया। साथ ही जिम्मेदारी भी सौंप गई।

अतिथि एडवोकेट नारायण स्वरूप सक्सेना, संरक्षक सुरेश चंद्र सक्सेना रहे। भगवान चित्रगुप्त की वृन्दावन में भव्य प्रतिमा का अनावरण 27 अक्टूबर को होगा। इसी को लेकर चर्चा की गई। प्रदेश सचिव नवल कुलश्रेष्ठ ने कहा कि वृंदावन में 51 फुट की भगवान चित्रगुप्त की भव्य प्रतिमा का अनावरण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निमंत्रण दिया गया है। संरक्षक एडवोकेट नारायण स्वरूप सक्सेना ने कहा यह कार्यक्रम बहुत ही बड़ा और भव्य होने जा रहा है। चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज के अथक प्रयास से भगवान चित्रगुप्त की 51 फुट की प्रतिमा वृन्दावन में लग रही है। जिलाध्यक्ष केके सक्सेना ने बताया 27 अक्टूबर को चित्रगुप्त पीठ पर हर राज्य से, देश से, विदेश से कायस्थ बंधु, विधायक, सांसद और तमाम मंत्री पहुंच रहे हैं। कासगंज से भी ज्यादा ज्यादा संख्या में कायस्थ बंधु चित्रगुप्त पीठ पर पहुचेंगे। इसकी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है।

**एक नजर**

**हत्यारोपी गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद**

**कासगंज :** थाना सहावर क्षेत्र में बीती 17 अक्टूबर को राजेश कुमार की हत्या कर दी गई। इस हत्या में वांछित सहावर के मुहल्ला कटरा निवासी आरोपी राजेश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गंजडुंडवारा पुलिस ने आरोपी को सहावर रोड से गिरफ्तार कर पूछताछ की है। गंजडुंडवारा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी की निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल चाकू बरामद किया गया है।

**ऑटो की टक्कर से राहगीर घायल**

**कासगंज :** सदर कोतवाली क्षेत्र के गोरहा सहावर मार्ग पर गांव रजपुरा के समीप ऑटो ने राहगीर को टक्कर मार दी। देवरी निवासी 55 वर्षीय रतीराम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनो ने रतीराम को निजी हॉस्पीटल में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार चल रहा है।

**शराब के विरुद्ध अभियान जारी, एक गिरफ्तार**

**कासगंज :** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया। कोतवाली प्रभारी लोकेश भाटी ने गांव भैंसोरा खुर्द से अनुराग को गिरफ्तार कर 32 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद की गई है।

# जेल में बंद महिलाओं को पहुंचाई व्रत सामग्री



जेल अधीक्षक को व्रत सामग्री सौंपते समाजसेवी अशीष गांधी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष एवं समाज सेवी आशीष गांधी अपने साथियों के साथ जिला कारागार पहुंचे।

उन्होंने जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह से मुलाकात की और जेल में बंद महिलाओं को व्रत सामग्री देने की अनुमति मांगी। जेल प्रशासन ने नियमों का पालन कराते हुए व्रत सामग्री महिलाओं तक पहुंचाने की अनुमति दे दी। जितेंद्र कश्यप,सुनील बाल्मीकि ,चंद्रपाल सिंह वर्मा , विशाल राजपूत, अनमोल सक्सेना शामिल रहे। इन कार्यकर्ताओं ने जेल अधीक्षक का आभार जताया।

## महिला उत्पीड़न पर जनसुनवाई का आयोजन कल

**एटा, अमृत विचार :** महिला आयोग के निर्देशानुसार जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 22 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का आयोजन महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ की अध्यक्षता में किया जाएगा। इस दौरान संबंधित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, महिला थानाध्यक्ष, और क्षेत्राधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की गंभीरतापर आवश्यक कदम उठाना है। महिला बंदी गृह और बालिका महिला गृह का निरीक्षण किया जाएगा ताकि महिलाओं और बच्चों की स्थिति का जायजा लिया जा सके।

# सिग्नल फेल, थमे मालगाड़ी के चक्के

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- क्रॉसिंग पर खड़ी रही मालगाड़ी, जाम में परेशान होते रहे लोग

**अमृत विचार:** कासगंज से मथुरा, कानपुर, बरेली ट्रैक के लिए ट्रेन और मालगाडियां रफ्तार भरती हैं, लेकिन कभी कभी तकनीकि खामी लोगों के लिए समस्या बन जाती है। रविवार को भी ऐसा ही हुआ। बरेली रेल ट्रैक के अमांपुर रोड फाटक सिंग्नल फेलियर की समस्या से मालगाडी के ट्रैक पर खड़ी रही। लगभग 40 मिनट तक फाटक बंद रहने से जाम लग गया।

रविवार दोपहर कासगंज-बरेली ट्रैक के अमांपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग पर यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।राहगीर जाम में फंसे रहे। सिग्नल फेलियर होने के कारण ट्रैक पर मालगाडी खड़ी रही। पहले तो लोग समझ नहीं पा रहे थे, कि किस कारण से मालगाडी ट्रैक पर खड़ी है और फाटक बंद है, लेकिन बाद में पता चला कि सिग्नल नहीं मिल पा रहा है। रेलवे के अधिकारी इस मामले को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।




रेल ट्रैक पर मालगाड़ी खड़ी होने के चलते बंद रेलवे फाटक। ● अमृत विचार

> मामला संज्ञान में नहीं आया, लेकिन जानकारी कर रहे हैं, कि किस कारण से मालगाडी ट्रैक पर खड़ी रही। रेलवे फाटक बंद रहा। इससे पहले तकनीकि खामी की जानकारी रही। प्रयास है कि रेल यातायात को लेकर सड़क यातायात प्रभावित न हो।
> **–मनोज शर्मा, स्टेशन अधीक्षक।**

**आए दिन होती है समस्या**

जिस रेल फाटक पर रविवार को मालगाडी खडे रहने के कारण लोगों को परेशानी हुई। वहां आए दिन समस्या होती है। इससे पहले पिछले माह में दो बार और इस माह में एक बार तकनीकि खामी के कारण रेलवे फाटक दो से तीन घंटे तक बंद रहा था। उस समय भी लंबी कतार लगी रही।

## विवाहिता के गले में फंदा लगाकर की हत्या

**एटा, अमृत विचार :** नयागांव थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की दहेज की गले में खातिर फंदा लगाकर हत्या कर दी गई। मामले की रिपोर्ट भाई ने बहन के पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जनपद फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद क्षेत्र गांव बुडनाखार निवासी मनोज कुमार पुत्र रामनिवास नयागांव थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 26 वर्षीय बहन पूजा की शादी नयागांव थाना क्षेत्र के गांव गुनामई निवासी प्रवेश कुमार के साथ की थी। शादी में दिए दान दहेज से असंतुष्ट ससुरालीजनों ने पूजा का उत्पीड़न शुरू कर दिया। शनिवार की देर रात पति प्रवेश, सास यशोदा देवी, ननद प्रमिला, देवर अवनीश और ससुर दीवान सिंह ने फंदा लगाकर पूजा की हत्या कर दी।



मृतका पूजा।

# झोलाछाप ने लगाया इंजेक्शन, ग्रामीण की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचारः** दरियावगंज में झोलाछाप के इंजेक्शन लगाते ही सिर दर्द से परेशान ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक बच्चन सिंह।

पटियाली थाना क्षेत्र के गांव ककराला निवासी 45 वर्षीय बच्चन सिंह पुत्र कल्याण सिंह को शनिवार की शाम सिर में तेज दर्द शुरु हो गया। परिजन दरियावगंज में ही एक क्लीनिक पर दवा दिलाने के ले गए थे। डाक्टर के बच्चन सिंह को इंजेक्शन लगाने के बाद उनकी हालत खराब हो गई। कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। झोलाछाप क्लीनिक बंद कर भाग गया। परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को काफी समझाया बुझाया, लेकिन वह चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग को लेकर अडे रहे। परिजनों ने बताया कि झालाछापने गलत इंजेक्शन लगा दिया। जिससे बच्चन सिंह की मौत हो गई। इंस्पेक्टर पटियाली गोविंद वल्लभ शर्मा ने बताया कि दरियावगंज में क्लीनिक पर बच्चन सिंह नाम के ग्रामीण की मौत हो गई।

डॉक्टर मौके से फरार है। परिजनों द्वारा तहरीर दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**झोलाछाप ने किया उपचार, बालक की गई जान**

**कासगंज, अमृत विचार :** सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव थानपुर कुलवारा निवासी सत्यवीर सिंह के दस वर्षीय पुत्र अवनीश के पेट में दर्द हुआ। परिजन उसे सेमरा मोर्चा में एक झोलाछाप के क्लीनिक पर लेकर पहुंचे। जहां उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। फिर सिढपुरा में डाक्टर के यहां ले जा रहे थे। रास्ते में ही बालक ने दम तोड दिया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। सिढपुरा इंस्पेक्टर राधेश्याम ने कहा कि तहरीर मिल गई है। मामले में जांच की जा रही है।

> लगातार झोलाछापों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कई झोलाछापों के क्लीनिकों को सीज कर मुकदमा दर्ज कराया गया है। दरियावगंज में एक क्लीनिक पर ग्रामीण की मौत की सूचना प्राप्त हुई है। टीम को भेजकर जांच कराई जा रही है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।
> **–डा. राजीव अग्रवाल, सीएमओ।**

# सुरेश बने जिलाध्यक्ष , प्रदीप को महामंत्री चुना गया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद विहारी मिश्रा द्वारा शनिवार शाम को घोषणा की गई। कासगंज जिलाध्यक्ष के पद पर सुरेश वार्ष्णेय को सातवीं बार चुना गया है, वहीं जिला महामंत्री के पद पर प्रदीप गुप्ता को तीसरी बार चुना गया है।



सुरेश वाष्णेय।



प्रदीप गुप्ता।

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के जिलाध्यक्ष और महामंत्री की घोषणा

हर्ष व्यक्त करने वालों में अशोक सिसोदिया, जितेंद्र वार्ष्णेय, डा. मो. फारूक, डा. विकास गुप्ता, संजीव सिसोदिया, गोपाल माहेश्वरी, सौरभ गुप्ता, किशोर अग्रवाल, अवनीश चौहान, कुमकुम वार्ष्णेय, दीप्ति माहेश्वरी, अनीता उपाध्याय, विनय राज पन्नू, अरविंद वार्ष्णेय, त्रिलोकी नाथ वार्ष्णेय, दुर्गेश माहेश्वरी, सोहन सिंह सोनी, संजय साहू, अभिनव गुप्ता, प्रेमपाल साहू, विवेक वार्ष्णेय, शम्मी कपूर गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, विजय गुप्ता, बी डी राणा, राजू गुप्ता, ग्रीश यादव, भूदेव सिंह वर्मा, गौरांग अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- धर्मपुर के समीप हुई दुर्घटना, शव रखकर ग्रामीणों ने लगाया जाम
- एसडीएम कुलदीप सिंह ने ग्रामीणों को समझाकर शांत किया

**अमृत विचारः** सुन्नगढी थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर के समीप रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। इसको लेकर परिवार में चीख-पुकार मची हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की अनदेखी के कारण यह हादसा हुआ है। परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। ट्रैक्टर चालक वाहन सहित फरार हो गया है।



मृतक अवधेश।

सुन्नगढी थाना क्षेत्र के गांव देवकली निवासी 24 वर्षीय अवधेश पुत्र रक्षपाल सिंह शनिवार की देर शाम आठ बजे गंजडुंडवारा से अपने गांव जा रहे थे। छितेरा पेट्रोल पंप के समीप गांव धर्मपुर पर बालू से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली ने सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में अवधेश की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया। गुस्साये परिजनों और ग्रामीणों ने शव गंजडुंडवारा-बदायूं मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया और चालक पर कार्रवाई की मांग करने लगे। लोगों का कहनाथा कि पुलिस सक्रिय होती तो चालक पकड़ा जा सकताथा। जाम की सूचना मिलते ही एसडीएम कुलदीप सिंह और सुन्नगढी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। आक्रोशित ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया और शव को रात में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

> हादसे के बाद से चालक ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर फरार हो गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चालक और हादसे को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।
> **–राजकुमार पांडेय, सीओ पटियाली।**

**दो वर्ष पूर्व हुई थी शादी**

मृतक के भाई राहुल ने बताया अवधेश की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। अवधेश पर एक वर्ष का बेटा है। घटना को लेकर पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस को तहरीर दे दी गई है। चालक ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर फरार है।

**खेती–किसानी** | केले की खेती के प्रति बढ़ी किसानों की रुचि, एक बार लगाकर चार फसलें लेते हैं

# केले की खेती से आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** केले की खेती कर किसान अपनी आर्थिक दशा सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। रकबा जरूर कम है, लेकिन उन्नति की संभावनाएं हैं। इस खेती की विशेषता है कि एक बार लगाई जाती है और चार बार केले का फल आता है।

लागत कम होती है और आमदनी बढ़ जाती है। पटियाली की महिला किसान निम्मो देवी का कहना है कि एक बार केले के पौधे रोपे जाते हैं। उसके बाद चार बार फसल मिलती है। हर साल केले का फल तैयार हो जाता है तो फल को निकाल लेते हैं और पौधे खड़े रहने देते हैं। फिर से फल आ जाता है। पहली बार में जब फसल रोपते हैं, तब लागत अधिक आती है और फिर अगली चार फसलों के लिए पौधा नहीं रोपना पड़ता। हर बार फल का वजन बढ़ ही जाता है। ऐसे में हर साल लागत कम होती जाती है और आमदनी बढ़ती जाती है।



पटियाली होती केले की खेती। ● अमृत विचार

**जिले में फल की फसल, सब्जी की नहीं**

केले की फसल दो प्रकार की होती है। एक प्रजाति की फसल सब्जी के लिए पैदा की जाती है और एक प्रजाति की फसल फल के लिए। जिले में फल के लिए किसान फसल कर रहे हैं, हालांकि सब्जी के लिए अभी जागरूकता नहीं हैं।

> केले की फसल बेहद लाभकारी है। एक बार रोपने से चार बार तक फल आता है। पहली बार में लागत अधिक आती है। फिर हर साल लागत कम होती जाती है। पहली बार में पौधे पर खर्च होता है। फिर हर साल पत्ता गिरता है तो हरी खाद बनती है। इससे हर साल खाद पर भी कम खर्च आता है।
> **– अवधेश मिश्र, जिला कृषि अधिकारी।**

**प्रति हेक्टेयर लागत और आमदनी**

- 1 लाख रुपये पहली बार फसल रोपने में आती है लागत।
- 3 लाख रुपये तक पहली फसल तैयार होने पर होता है मुनाफा।
- 50 हजार रुपये तक दूसरी से चौथी फसल तक आती है लागत।
- 3 से 3 .5 लाख रुपये तक दूसरी से चौथी फसल तक होती है आमदनी।

**आंकड़ों की नजर में**

- 14 महीने में तैयार होती है एक फसल।
- 25 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ही जिले में हो रही खेती।

## भरगैन में बिजली चोरी करते 6 को पकड़ा, एफआईआर

**भरगैन, अमृत विचारः** अधिशासी अभियंता अजय कुमार सविता के निर्देश पर विद्युत विभाग चेकिंग अभियान चला रहा है। दरियावगंज विद्युत उपकेंद्र के जेई विवेक कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाकर क्षेत्र में चेकिंग के लिए गई। टीम ने कस्बा भरगैन के मोहल्ला लालबाग निवासी इब्ने अली पुत्र अब्दुल, मोहल्ला मीरन थोक निवासी अशफाक अली पुत्र हामिद अली, मोहल्ला ईदा थोक निवासी छोटे खान पुत्र अजीज खान, मोहल्ला बीच थोक निवासी नजीर पुत्र अहमद सेठ, मोहल्ला ईदा थोक निवासी जावेद पुत्र छोटे खां, मोहल्ला ईदा थोक निवासी शमा परवीन पत्नी गुलफाम अहमद को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा। सभी के खिलाफ विद्युत चोरी का अभियोग दर्ज कराया गया है।

# दहेज हत्यारोपी सास, ससुर को नहीं मिली जमानत

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** दहेज हत्यारोपी सास, ससुर को एससी, एसटी कोर्ट से जमानत नहीं मिली। सहावर थाना क्षेत्र के ग्राम मंडनपुर निवासी अनार सिंह ने अपनी पुत्री गुलाब श्री की शादी दो वर्ष पूर्व होडिल सिंह पुत्र मेघसिंह निवासी नगला समस थाना कासगंज के साथ की थी। शादी में अपनी क्षमता अनुसार दान दहेज भी दिया था।

आरोप है शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर गुलाब श्री का उत्पीडन करने लगे। गुलाब श्री अपने पिता को बताया, तो उन्होंने बेटी के ससुरालीजनों को समझाया बुझाया, लेकिन वे नहीं माने। 24 जुलाई 2024 को फोन पर गुलाब श्री की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई। अनार सिंह अपने परिजनों और परिचितों के साथ कासगंज के अशोक नगर स्थित चिकित्सालय पर पहुंचे। वहां गुलाब श्री का शव मिला। मामले की प्राथमिकी अनार सिंह ने सास, ससुर, दामाद के विरुद्ध कासगंज कोतवाली में दर्ज कराई। घटना के नामजद सास ईश्वरी देवी व ससुर मेघसिंह ने गांव की पार्टीबंदी के चलते झूठा फंसाया जाना बताया और जमानत पर रिहा किए जाने की याचना की। विशेष लोक अभियोजक लोकेश कुमार ने कड़ा विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

अश्वस्य भूषणं वेगो मत्तं स्याद् गजभूषणं।
चातुर्यम् भूषणं नार्या उद्योगो नरभूषणं॥

घोड़े की शोभा उसके वेग से होती है और हाथी की शोभा उसकी मदमस्त चाल से होती है। नारियों की शोभा उनकी विभिन्न कार्यों में दक्षता के कारण और पुरुषों की उनकी उद्योगशीलता के कारण होती है।

## संपादकीय

# एक वैश्विक चुनौती

आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु संकट और क्षेत्रीय संघर्ष जैसे कई वजहों से वैश्विक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य खराब हुआ है। आर्थिक अनिश्चितता भी मानसिक विकार की व्यापकता से जुड़ी हुई है। कहा जा सकता है कि मानसिक विकार न केवल व्यक्तिगत चुनौतियों के रूप में, बल्कि वैश्विक चुनौतियों के रूप में भी पहचाने जाते हैं। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को ठीक ढंग से हल न किए जाने के कारण अर्थव्यवस्था को भी काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। इससे न केवल देश की मानव पूंजी को नुकसान होता है बल्कि प्रभावित व्यक्ति की आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य विकारों का सर्वाधिक प्रभाव युवाओं पर पड़ता है। चूंकि भारत की अधिकांश जनसंख्या युवा है इसलिए यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, तकरीबन 7.5 प्रतिशत भारतीय किसी-न-किसी रूप में मानसिक विकार से ग्रस्त हैं। इससे सकल घरेलू उत्पाद में हानि हो सकती है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियां कम नहीं हैं। मेंटल स्टेट ऑफ इंडिया -2024 रिपोर्ट के मुताबिक देश में वर्ष 2020 की तुलना में वर्ष 2023 में लोगों का मानसिक स्वास्थ्य अधिक प्रभावित हुआ है यानी इस दौरान मानसिक विकार की समस्या बढ़ी है। देश में मानसिक स्वास्थ्य पर कुल सरकारी स्वास्थ्य व्यय का सिर्फ 1.3 प्रतिशत खर्च होता है। हर दस लाख आबादी पर सिर्फ तीन मनोचिकित्सक हैं, जबकि कॉमनवेल्थ देशों के मुताबिक हर एक लाख आबादी पर कम से कम 5-6 मनोचिकित्सक होने चाहिए। साथ ही मानसिक बीमारी वाले लोगों के मानवाधिकारों के संरक्षण से जुड़े कानून में कई कमियां हैं। हालांकि सरकार ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से समय-समय पर समुचित कदम उठाए हैं। जैसे कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2017 और मेंटल हेल्थकेयर एक्ट 2017 को लाया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से सितंबर 2020 में किरण हेल्पलाइन की शुरुआत की गई थी। इसके जरिए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को परामर्श दिया जाता है।

गौरतलब है कि डब्ल्यूएचओ अपनी स्वास्थ्य की परिभाषा में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी शामिल करता है। इसलिए मानसिक स्वास्थ्य को वैश्विक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं में शामिल किया जाना चाहिए। भारत में इसकी चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य और केंद्र के मध्य उचित समन्वय की आवश्यकता है। मानसिक स्वास्थ्य का समाधान करके ही हम देश में समावेशी विकास की उम्मीद कर सकते हैं।

# मनुष्य मूलतः मांसाहारी है या शाकाहारी



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

एक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में हर साल वैध-अवैध तरीके से बीस करोड़ जानवरों की हत्या की जाती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार हरेक वर्ष 9 .12 लाख भैंसें बूचड़खानों में कत्ल कर दी जाती हैं। एक किलो मांस के लिए जितने संसाधनों का उपयोग पशुपालन में किया जाता है।

वर्ष 2024 के साहित्य का नोबेल पुरस्कार हान कांग द्वारा लिखा गया उपन्यास 'द वेजिटेरियन' को मिला है, जो शाकाहार-मांसाहार पर आधारित है। इसने काफी दिनों से चल रहे शाकाहारी -मांसाहारी विवाद को हवा दे दी है। हालांकि उपन्यास में कोरियाई संस्कृति और समाज में मांसाहारी संस्कृति, स्त्री-द्वेष और वर्जित विषय-वस्तु पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

उपन्यास में नायिका को पशुओं की हत्या के दुःस्वप्न आते हैं और इससे उद्वेलित होकर वह मांसाहार त्यागने का निर्णय ले लेती है। चूंकि कोरियाई समाज मूलतः मांसाहारी है इसलिए, इससे उनके परिवार और समाज में आश्चर्य की दृष्टि से देखा जाता है और उन्हें इसके लिए अजीब या विक्षिप्त तक समझ लिया जाता है। इतना ही नहीं उस पर मांस खाने का दबाव बनाया जाता है। वह इसका कड़ा विरोध करती है। नायिका के इस निर्णय को सामाजिक-पारिवारिक अवज्ञा और पत्नी पर पति की सत्ता-शक्ति को नकारने के रूप में देखा जाता है। स्पष्ट है कि एक मांसाहारी समाज में शाकाहारी होने की सोच को गलत माना जाता है, परंतु यहां यह पक्ष विचारणीय है कि मनुष्य मूलतः है क्या एक मांसाहारी जीव या एक शाकाहारी जीव? सबके अपने-अपने तर्क और विचार हैं। वस्तुतः मनुष्यों में शिकार करके मांस खाने का प्रचलन लगभग 70 हजार ईसा पूर्व से ही है।

प्राचीन भारत में सिंधु घाटी सभ्यता के समय से ही गोमांस और जंगली सूअर का व्यापक रूप से सेवन किया जाता था। वैदिक युग में भी पशुओं और गाय की बलि देना सामान्य बात थी। यहां तक कि दक्षिण भारतीय ब्राह्मणों को कम से कम 16 वीं शताब्दी तक मांसाहार करते हुए पाया गया है जबकि उत्तर भारत के ब्राह्मणों और दूसरे सवर्णों ने 19 वीं शताब्दी के आखिरी वर्षों में मांसाहार का त्याग करना शुरू किया है। वर्तमान स्थिति यह है कि हाल के एक सर्वे के अनुसार 19 प्रतिशत भारतीयों ने खुद को शाकाहारी बताया था,जबकि 81 प्रतिशत भारतीयों ने मांसाहारी होना बताया है, जिसमें वो लोग भी शामिल हैं, जो कुछ खास पशु-पक्षियों का मांस नहीं खाते हैं या सप्ताह में किसी खास दिन मांस नहीं खाते हैं। लगभग 80 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में मांस का भक्षण करते हैं, परंतु इसमें

प्राचीन भारत में सिंधु घाटी सभ्यता के समय से ही गोमांस और जंगली सूअर का व्यापक रूप से सेवन किया जाता था। वैदिक युग में भी पशुओं और गाय की बलि देना सामान्य बात थी। यहां तक कि दक्षिण भारतीय ब्राह्मणों को कम से कम 16 वीं शताब्दी तक मांसाहार करते हुए पाया गया है।

क्षेत्रीय तौर पर, सामाजिक-जातीय और धार्मिक तौर पर काफी अंतर है। लक्षद्वीप में लगभग शत प्रतिशत जनसंख्या मांसाहारी है। मुस्लिम बाहुल्य वाले इस संघ शासित प्रदेश में प्रतिदिन के खाने में चावल के साथ मांस-मछली की कोई न कोई किस्म होती ही है। द्वीपीय प्रदेशों में मांसाहारी खाने वालों की संख्या ज्यादा होती है। देश के 16 राज्यों में लगभग 90 प्रतिशत लोग मांसाहार का सेवन करते हैं। विभिन्न सर्वे में लैंगिक तौर पर भी फर्क दिखता है। लगभग 83 प्रतिशत पुरुष मांसाहारी हैं, जबकि उनकी तुलना में लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं ही नॉन वेजिटेरियन खाना पसंद करती हैं।

एक आंकड़ा और दिलचस्प है कि भारत के 20 प्रतिशत शाकाहारियों में से एक प्रतिशत के पास भारत की 80 प्रतिशत संपत्ति है। हालांकि इसका शाकाहारी होने से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि ये संपत्तियां उन बड़े औद्योगिक परिवारों के पास है, जो गुजरात, मारवाड़ी हैं और मूलतः शाकाहारी हैं। चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद मांसाहार को विपत्तियों का घर कहती है और शाकाहार को प्रोत्साहित करती है। भारत में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को भी एक बहुत बड़ा वर्ग मानता और अपनाता है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि मांस एक तामसिक भोजन है, जिसे ग्रहण करने से मनुष्य की बुद्धि न केवल क्षीण हो जाती है, बल्कि वो अपनी इन्द्रियों पर से भी नियंत्रण खो देता है। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि मनुष्य में मांसाहारी जानवरों के समान न चीरने -फाड़ने वाले दांत हैं और न ही उसको पचाने वाले आंत हैं। शाकाहार की अवधारणा के पीछे "जियो और जीने दो" और "अहिंसा परमो धर्म" जैसे सिद्धांत हैं, जो भारत के मूल में रचा-बसा है। वस्तुतः शाकाहार का समर्थन मानवीय संवेदनशीलता और पशु अधिकारों पर ध्यान केंद्रित कर किया गया है। सभी जीवों को जीने का अधिकार है और किसी जीव को सिर्फ स्वाद या भोजन के लिए मारना, उसकी स्वतंत्रता छीनना है। प्रकृति ने यदि मनुष्य को ताकतवर बनाया है, वह कमजोर जीवों को खाने के लिए नहीं है। शाकाहारी आहार से रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल कम होना और हृदय रोग, मधुमेह और कुछ तरह के कैंसर की दर कम होना आदि लाभ होते हैं, जबकि मांसाहारियों का तर्क है कि मांस खाने से पोषण मिलता है। पौधे आधारित विकल्पों में मांस के समान पोषक तत्व नहीं होते। दुनिया के कुछ हिस्सों में भौगोलिक कारणों से सिर्फ पौधे आधारित आहार नहीं अपनाया जा सकता। वैज्ञानिक टॉम रेगन और पीटर सिंगर के अनुसार जानवरों की पीड़ा और मृत्यु नुकसानदेह मनुष्यों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है।

एक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में हर साल वैध-अवैध तरीके से बीस करोड़ जानवरों की हत्या की जाती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार हरेक वर्ष 9.12 लाख भैंसें बूचड़खानों में कत्ल कर दी जाती हैं। एक किलो मांस के लिए जितने संसाधनों का उपयोग पशुपालन में किया जाता है, उतने में पांच किलो अनाज पैदा हो सकता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि शाकाहारी आहार अधिक पौष्टिक होते हैं, चूंकि शाकाहार में पौधे आधारित भोजन जैसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, फलियां, नट और बीज युक्त चीजें शामिल होती हैं, जो शरीर के स्वस्थ विकास और रोग के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। शाकाहारी आहार में भरपूर मात्रा में फाइबर, प्लांट प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं। वस्तुतः शाकाहार एक संपूर्ण आहार है, जिसमें प्रोटीन, खनिज, वसा, और मिनरल्स जैसे तत्व पाए जाते हैं। कहा जाता है कि एक किलोग्राम मांस का उत्पादन करने के लिए पशु को खिलाने के लिए 25 किलोग्राम अनाज की आवश्यकता होती है और लगभग 15 हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है। यदि सारा अनाज जानवरों के बजाय इंसानों को खिलाया जाए, तो हम 3.5 अरब अतिरिक्त लोगों को खाना खिला सकते हैं। राष्ट्रीय सैंपल सर्वे ऑफिस' के 2011-12 के आंकड़ों के अनुसार उस समय भारत में लगभग आठ करोड़ लोग, यानी औसतन हर 13 में से एक भारतीय, गोमांस या भैंस का मांस खा रहा था। अप्रैल 2018 के एक अध्ययन के अनुसार केवल 20 प्रतिशत भारतीय अब शाकाहारी हैं। वर्ल्ड एटलस के अनुसार भारत में शाकाहारियों का प्रतिशत सर्वाधिक है। भारत में मांस की खपत दर भी दुनिया में सबसे कम है। पशु प्रोटीन की वैश्विक मांग तेजी से बढ़ रही है। मांस और मछली उत्पादन में तेज वृद्धि से यह मांग पूरी हो गई है। इस मांग को पूरा करने के लिए एफएओ 2021 के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन 9 लाख गाय, 14 लाख बकरियां, 17 लाख भेड़, 38 लाख सुअर, 120 लाख बत्तख और 20 करोड़ मुर्गियां मानवीय उपभोग के लिए मार दी जाती हैं। एक अनुमान के अनुसार, प्रतिदिन औसतन 21 करोड़ मछलियां मारी जाती हैं। प्रतिवर्ष लगभग 100 बिलियन जानवरों को मारा जाता है। वस्तुतः जिस स्तर पर मांस की खेती की जाती है, वह पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है।

एक अनुमान के अनुसार अगले 15 वर्षों में यदि मांसाहार को पूर्णरूपेण समाप्त कर दिया जाए तो सभी मीथेन उत्सर्जन में एक तिहाई और सभी नाइट्रस ऑक्साइड उत्सर्जन में दो तिहाई की कमी आ जाएगी। दुनिया की लगभग 45 प्रतिशत रहने योग्य भूमि का उपयोग कृषि के लिए किया जाता है। इसमें से केवल एक तिहाई पर ही फसलें उगाई जाती हैं, बाकी का अधिकांश भाग चरागाह भूमि है। पशुधन पालन में विशेष रूप से मुर्गी पालन में एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग होता है। ये प्रतिरोधी बैक्टीरिया भोजन के माध्यम से पशुओं से मनुष्यों में पहुंचते हैं, जो इंसानी शरीर पर बुरा असर छोड़ रहे हैं। शाकाहार समर्थकों के अनुसार मांसाहार एक जीवनशैली नहीं, बल्कि एक नैतिक अपराध है। इस कारण से काफी संख्या में मांसाहारियों द्वारा शाकाहारियों के प्रति द्वेष और घृणा प्रकट की जाती है जिसे वेजीफोबिया कहा जाता है। वह उनमें पशु हत्या का एक गिल्ट भाव जगाते हैं। यह भी एक प्रमाणित तथ्य है कि दुनिया के ज्यादातर मांसाहारी मांस खाते तो हैं, लेकिन जिंदा पशु को मरता हुआ नहीं देख सकते।

## प्रसंगवश

# तांत्रिक बाबा और मधुबाला की रूह

अभी कुछ दिनों पहले एक तांत्रिक बाबा को फोन लगाया। एक उम्रदराज व्यवसायी के तौर पर परिचय देने के बाद उधर से आवाज आई, "इस उम्र में क्या चाहिए सेठ जी मनचाहा प्यार कि शादी?" मेरे प्यार कहने पर सवाल आया - "कौन है वह और कहां की है ?" मैंने थोड़ा सकुचाते हुए जवाब दिया -"औरत नहीं है बाबा, एक रूह है।" आवाज आई-"मजाक तो नहीं कर रहे हो मेरे साथ?" मैंने कहा-"गंभीर हूं, बाबा"। किशोर उम्र में मधुबाला की फिल्में देखकर उन्हें दिल दे बैठा था। रात-रात भर उनके सपने देखता था। दिलीप कुमार से प्यार और किशोर दा से शादी कर वे बर्बाद हुईं तो मुझे बड़ा दुख पहुंचा। उनकी मौत पर बहुत रोया था। आज भी मैं उन्हें नहीं भूला। आप बस उनकी रूह से मेरा संपर्क करवा दें। इसमें जो खर्च आएगा, मैं देने को तैयार हूं।" बाबा कुछ देर चुप रहने के बाद बोले-"यह मजाक वाली बात नहीं है तो सुनो। रूह को तुम्हारे वश में कर देना कठिन साधना की मांग करता है। इसमें खर्च आएगा। तुम गंभीर हो, यह साबित करने के लिए पच्चीस हजार का एडवांस अभी मेरे खाते में ट्रांसफर कर सकते हो?"



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मैंने कहा - "जरूर, लेकिन उसके बाद?" उन्होंने कहा - "मैं कुछ दिनों की श्मशान साधना करने के बाद एक सिद्ध ताबीज तुम्हें भेजूंगा। आधी रात को उसे हाथ में लेकर मधुबाला को याद करोगे तो उसकी रूह तुम्हारे सामने होगी। तुम जितनी देर भी चाहो, उससे अपने दिल की बातें कर सकोगे। काम हो जाने के बाद मेरे बकाया के पच्चीस हजार चुका देना।"

मैंने कहा-"बाबा, वे इस कदर सुंदर थी तो उनकी रूह भी तो उतनी ही सुंदर होगी न।" उनके हां कहने पर मैंने कहा-" मेरे लिए साधना करते-करते कहीं आप खुद उन्हें दिल दे बैठे और उन पर कब्जा कर लें तो मेरा क्या होगा? मैं तो अकेला ही रह जाऊंगा न?" मेरा यह कहना था कि बाबा सिरे से उखड़ गए। अज्ञात भाषा में कुछ अंट-संट बोलकर फोन काट दिया। थोड़ी देर बाद मैंने भी फोन लगाकर बाबा को कहा कि आपका नंबर पुलिस वालों को दे दिया है। मुझे मेरी मधुबाला से आपने नहीं मिलाया, अब आप पुलिस वालों से मिलने को तैयार रहें। कई दिनों से बाबा का नंबर बंद है। डायल करने पर मधुबाला जैसी ही आवाज में एक संदेश लगातार आ रहा है- "दिस नंबर डज नॉट एक्जिस्ट"।

# गलत बात पर अड़ना ताकत या कमजोरी

केमिस्ट्री या फिजिक्स की कोई किताब ले लीजिए अथवा किसी भी वैज्ञानिक की कोई किताब लेकर चौराहे पर चले जाइए और उसके पन्ने फाड़ना शुरू कीजिए, उसके चिथड़े कर डालिए, उसको रौंद दीजिए। इतने में भी मन न भरे तो उसके पन्ने जला दीजिए। इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालिए। अगले दिन आपको न तो किसी वैज्ञानिक से धमकी मिलेगी, न ही कोई आपके खिलाफ रैली निकालेगा, न ही आपके खिलाफ किसी वैज्ञानिक संगठन द्वारा एफआईआर होगी और न कोई आपका हाथ या गला काटेगा।

फिर क्या कारण है कि किसी धर्म-ग्रंथ का या धार्मिक प्रतीकों का तथाकथित अथवा वास्तविक अपमान करने पर हम पर मुकदमा भी हो सकता है, हमारा हाथ भी काटा जा सकता है, हमारा गला भी काटा जा सकता है और शहर में दंगे भी हो सकते हैं? क्या वैज्ञानिक आस्था को चोट पहुंचाना क्षम्य होता है, लेकिन धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाना नहीं? सदैव धार्मिक भावना का सम्मान करने की बात ही क्यों होती है? वैज्ञानिक भावना का सम्मान करने की क्यों नहीं? ऐसा क्यों होता है कि वैज्ञानिक तो सहिष्णु होते हैं, लेकिन अक्सर 'धर्म' के ठेकेदार नहीं? और क्या अनेक बार सत्य बात कहना किसी धार्मिक आस्था और किसी धार्मिक ग्रंथ का अपमान करना ही माना जाता है?

क्यों यह स्पष्ट नहीं किया जाता है कि इस संसार में व्याप्त अनेक प्रकार की धार्मिक आस्थाओं में से कौन सी सत्य है और क्यों? क्या इसलिए कि ये केवल आस्थाएं होती हैं- प्रमाणित तथ्य नहीं और इन्हें सही सिद्ध करने का कोई तरीका नहीं होता है? जो सिद्ध होते हैं, वह तथ्य होते हैं - आस्था नहीं। क्या किसी मान्यता का स्वयं को 'ईश्वरीय' घोषित कर देना एक सही तरीका हो सकता है? क्या अपने ग्रंथों में लिखी बातों को 'ब्रह्म वाक्य' घोषित कर



डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

सत्य को साबित करने के लिए आपको हिंसा का सहारा लेने की कतई जरूरत नहीं होती है। सत्य को बताने के लिए हमें क्रोध करने की आवश्यकता नहीं होती है।

देना एक सही तरीका हो सकता है? क्या 'बाबा वाक्य प्रमाणम्' और 'व्यक्ति-पूजा' एक सही तरीका हो सकता है? क्या लगभग सभी धार्मिक, पांथिक और सांप्रदायिक मत ऐसा ही नहीं करते हैं? क्या 'सत्य' किसी के पन्ने फाड़ने या जलाने से मिट जाता है? क्या सत्य को कभी लीपापोती की जरूरत पड़ती है? विज्ञान कभी खतरे में क्यों नहीं आता है- धर्म ही क्यों खतरे में आ जाता है?

विज्ञान में तो किसी सिद्धांत से सहमत न होने पर उसका विरोध निश्चिंत होकर किया जा सकता है, लेकिन धर्म, मजहब अथवा रिलीजन में नहीं। दोनों में यह अंतर क्यों है? क्या हमें एक वैज्ञानिक सोच का भी उतना ही सम्मान करने की आवश्यकता नहीं है जितनी आवश्यकता एक धार्मिक सोच का सम्मान करने की है? और जहां दोनों सोचों में अंतर आ रहा है, क्या वहां अपनी बुद्धि और अपने विवेक का प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है कि दोनों में से कौन सी सोच सही है? क्या नैतिक, सामाजिक और मानवीय मूल्यों और गुणों का पालन करना ही वास्तविक धर्म नहीं होता है या नहीं होना चाहिए? क्यों इन गुणों को ही वास्तविक धर्म मानने वालों का उन्हें 'नास्तिक' कहकर अपमान किया जाता है? क्यों कुछ विशेष मान्यताओं को, कुछ अतार्किक बातों को, न मानने वालों को हेय दृष्टि से देखा जाता है? क्या ऐसा करने वाले स्वयं संकुचित दृष्टि और बंद मन के स्वामी नहीं होते हैं?

सत्य को साबित करने के लिए आपको हिंसा का सहारा लेने की कतई जरूरत नहीं होती है। सत्य को बताने के लिए हमें क्रोध करने की आवश्यकता नहीं होती है। सत्य की रक्षा के लिए हमें किसी को अपशब्द कहने की आवश्यकता भी नहीं होती है। सत्य कभी संगठन बनाकर हिंसा के सहारे किसी पर थोपा नहीं जाता है। हमारी बात का वजन हमारे तर्कों और हमारी सत्यता से बढ़ता है। दूसरों के प्रति हमारे अपशब्दों और दूसरों को नीचा दिखाने से नहीं। सत्य कुछ समय के लिए दबा अथवा छिपा रह सकता है, लेकिन अंततः वह सामने आता है और लोगों को 'अपील' करता है।

दूसरे को सुनना, समझना और सही एवं तार्किक बात को स्वीकार करना और अपनी गलत एवं अतार्किक बात को अस्वीकार करना किसी भी मत की, पंथ की, संप्रदाय की, व्यक्ति की और किसी भी सत्य की, ताकत होनी चाहिए, कमजोरी नहीं। अपनी गलत बात पर अड़ना हमारी ताकत नहीं होती है वरन हमारी कमजोरी होती है। दूसरे को समझने में सहिष्णु होना भी सत्य की ताकत मानी जानी चाहिए- कमजोरी नहीं, किंतु क्या अधिकांश धार्मिक और पांथिक मत ऐसा करते हैं? क्या वे सदैव स्वयं को ही सत्य और स्वयं से भिन्न अन्य को गलत नहीं समझते हैं? क्या इस निर्णय में वे तार्किक होते हैं, क्या वे तथ्यों को देखते हैं? हमें 'वास्तविक सत्य' की ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। वह सत्य जो तार्किक हो, जो तथ्यों द्वारा पोषित और प्रमाणित हो। हमारे मनीषियों ने कहा है- "असतो मा सद् गमय/तमसो मा ज्योतिर्गमय/ मृत्योर्मा अमृतं गमय।" क्या हम आगे बढ़ने की इस मूल भावना को आत्मसात कर पाए हैं?

## सोशल फोरम

# हिंसा विचारशक्ति का अंत

21 वीं सदी में प्रत्यक्ष उपनिवेश नहीं हैं। सभी देश स्वतंत्र हैं, जहां विभिन्न धर्मों, नस्लों और जातियों की मिश्रित आबादी वाले आधुनिक नगर हैं। नगरों में अनोखी रोशनी वाले ऊंचे भवन हैं, पर उनकी नींव में सांस्कृतिक अंधेरा है। लोगों के मन में बासी घाव हैं, सीवन हैं।

आर्थिक उदारीकरण आया तो सारी मानवीय आशाओं को तोड़ते हुए सामाजिक अनुदारता और हिंसा का एक नया युग भी आ गया। आज बाजार में बहुत से रंग हैं, चहल-पहल है, पर समाज विभाजन से भरा है। एक प्रसिद्ध पश्चिमी पत्रकार टॉम बर्गिस की हाल में एक पुस्तक आई है, 'कुक्कूलैंड : व्हेयर द रिच ऑन द ट्रुथ'। इसमें कहा गया है, 'हम जिस चीज के साक्षी हैं, वह है यथार्थ का निजीकरण।' इन दिनों जिसे सच या झूठ कहा जा रहा है उसका कोई सैद्धांतिक आधार नहीं है। उसका यथार्थ से कोई संबंध नहीं है, वह अमीरों द्वारा निर्मित सच है। यह भी कहा जाना चाहिए कि बाजार में 'यथार्थ का निजीकरण' हो रहा हो तो समाज में 'यथार्थ के समुदायीकरण' पर जोर है। दोनों जगहों की सामान्य घटना है 'यथार्थ का विकृतिकरण', जो मनुष्य की विचारशक्ति को बड़े स्तर पर प्रभावित कर रहा है। जाहिर है,'निर्मित यथार्थ' पर आधारित हिंसा भी 'निर्मित हिंसा' होगी। इन दिनों हर देश में हिंसात्मक संघर्ष बढ़ रहे हैं। रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलिस्तीन के बीच युद्ध चल रहा है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

देश के भीतर की सरहदों पर बढ़े संघर्षों ने संपूर्ण मानव जीवन को सामाजिक अशांति से भर दिया है। निर्मित 'अदर' (अन्य माने जाने वाले लोग) नृशंसतापूर्वक मारे जा रहे हैं, उन्हें सत्ता केंद्रों द्वारा डराकर रखा जा रहा है। स्त्रियों के प्रति यौन हिंसा में वृद्धि हुई है। इसका एक नतीजा है, लड़कियों की स्वतंत्रता में पहले से कमी आ गई है, डर बढ़ा है। कई देशों में देखा जा सकता है कि जनता का प्रतिवाद इधर हिंसक और भीड़-न्याय वाला होता जा रहा है,श्रीलंका और बांग्लादेश के उदाहरण हैं। पश्चिमी देश भी अशांत हैं, यहां बहुत कुछ अभूतपूर्व घट रहा है। वैश्वीकरण के युग में एक बड़ी आबादी विषमता, विस्थापन और वंचना की ज्यादा शिकार हो रही है। नई किस्म के हिंसक संघर्ष और आक्रामक प्रोपेगेंडा उतने अधिक बढ़ रहे हैं।

-फेसबुक वॉल से

# पुलिस स्वयं अपराधी न बने

पूर्व डीजीपी ने चेताया कि एनकाउंटर में फंसे तो बाल बच्चे तक रोएंगे, नैतिकता का तकाजा है कि पुलिस स्वयं अपराधी न बने। उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने कहा है कि प्रमोशन और पैसे के लिए एनकाउंटर कर रहे हैं। मैं पहले भी पुलिसकर्मियों को फर्जी मुठभेड़ों पर आगाह कर चुका हूं।

गाजीपुर के एक मामले में घटना के 22 वर्ष बाद पुलिसकर्मियों को सजा सुनाई गई थी। मैंने और पहले कहा था कि किस तरह जनपद सीतापुर की एक मुठभेड़ के मामले में घटना के 25 वर्ष बाद पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और एक-एक करके कई पुलिस अधिकारी केन्द्रीय कारागार बरेली में मरते रहे, लेकिन अदालतों से उनकी जमानत नहीं हुई। लगभग ढाई सौ पुलिस अधिकारी जेलों में सड़ रहे हैं। इन्हें कोई मदद करने वाला या बचाने वाला नहीं होता है। पीलीभीत जनपद में खूंखार आतंकवादियों को मुठभेड़

जब मुकदमा सजा के स्तर पर आता है तब तक ये पुलिस अधिकारी बूढ़े और रिटायर्ड हो चुके होते हैं। कोई आगे पीछे नहीं होता।

में मारने वाले 45 पुलिस अधिकारियों को उम्रकैद की सजा हुई। उस समय भी भाजपा सरकार थी। वर्तमान सरकार ने बार-बार गुहार लगाने के बाद भी इन बूढ़े और रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों की सजा माफ नहीं की। हाईकोर्ट से भी जमानत नहीं हुई, जो सरकारें और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, अपने अधीनस्थों पर नाजायज दबाव डालकर फर्जी मुठभेड़ करवाते हैं, वे फंसने पर कोई मदद नहीं करते। जब मुकदमा सजा के स्तर पर आता है तब तक ये पुलिस अधिकारी बूढ़े और रिटायर्ड हो चुके होते हैं। कोई आगे पीछे नहीं होता। इन्हें उनकी किस्मत के भरोसे छोड़ दिया जाता है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

# परिवार और विश्वमानवता

करवा चौथ का जो चित्र बनता है उसके मोटिफ़ (अभिप्राय) को देखिये - चंदा की पूजा ,सातसुहागिल ,सप्तमातृका ,मिट्टी की गौर , स्वस्तिक और पूजा का सरलविधान अर्घ्य । तपश्चर्या का सूत्र निराहार रहना ।और भी अभिप्राय हैं , जो देशज हैं क्योंकि अलग जगहों पर करवा माता के चित्र अलग बनते हैं । माता का तत्व भी समझने की बात है । चौथमैया ! अटल अखंड सौभाग्य की कामना -तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु"। ध्यान में रखना होगा कि मनुष्य केवल शरीर ही नहीं है , मन भी है । मन है तो भाव हैं । भाव की अनुपस्थिति ही अभाव है। भाव ही नहीं है तो अरबपति होने पर भी दरिद्र ही है ।

दांपत्य संबंध -जनम-जनम का साथ ! कितना तेजस्वी संबंध है ? सावित्री के तेज के सामने बेचारे यमराज का विधान शिथिल हो जाता है और सत्यवान पुनर्जीवित हो जाता है ! बहिन का वह संबंध कितना मांगलिक है ! बहिन का तिलक मंगलभाव का सर्वश्रेष्ठ प्रतीक है ! भाई और भाभी के प्रेमसंबंध की गांठ बांधने की उससे बडी अधिकारी और कौनसी सत्ता हो सकती है ? हरदौल की गाथा देवर के पवित्र-संबंध की अमरगाथा है ! भाई , मिलहि न जगत सहोदर भ्राता ! श्रवण की गाथा मातापिता की सेवा की अमृतकथा है । भारत के लोक और शास्त्र : दोनों में परिवार के संबंधों को लेकर शत-सहस्त्र गाथाएं हैं। जो शताब्दियों से इन संबंधों में अमृतभाव का संचार करती रही हैं । - बहू रिमझिम महलां से ऊतरी कर सोलह सिंगार ,आज म्हारी आमली झलिया जी।/ म्हारी सासूजी पूछे ए बहू थारा गहना का अरथ विचार/ सासूजी गहना गहना के करौ म्हारौ गहना से परवार/ सासूजी गहना गहना के करौ/ म्हारौ सुसरा गढ़ारा राजवी ,सासूजी म्हारा अरथ-भंडार/ सासूजी गहना गहना के करौ/ म्हारा जेठ बाजूबन्द बांकड़ा जीठानी म्हारी बाजूबन्द री लूम/ म्हारा देवर चुड़ला दाँत कौ ,दोरानी म्हारी चुड़ला री टीप/ म्हारी ननद कसूमल कांचली नणदोई गजमोतियारौ हार/ आज म्हारी आमली फलियो जी/ म्हे तो वाराजी बहूजी थारी जीभ नें। लड़ायौ म्हारौ सो परवार/ म्हें तो वारी सासूजी थारी कोखणें ,थे तो जाया अरजुन वीर ! आज म्हारी आमली फलियो जी।



डॉ . राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मालवी नारी के सम्मिलित परिवार के ऐसे चित्र आज के टूटते-बिखरते परिवार के लिए आदर्श बन सकते हैं। इस गीत की प्रत्येक पंक्ति ही नहीं, प्रत्येक शब्द भावों से परिपूर्ण है। सास बहू से उसके तन पर शोभित आभूषणों का उद्देश्य पूछती है, उत्तर में बहू कहती है- हे सासूजी ! शरीर पर जो आभूषण सुशोभित है वे तो भौतिक सम्पदा है, मेरी आत्मिक सम्पदा मेरे आभूषण, तो मेरा सम्मिलित परिवार और परिजन हैं। यदि परिवार के संबंधों में आपने भारत को नहीं पाया तो क्या समाज और क्या राष्ट्र ? क्या विश्व , क्या मानवता ?

परिवारों के परिवार का ही नाम समाज है और कुटुंबों के कुटुंब का नाम राष्ट्र ! यदि परिवार में ही आपने मानवता और समाज को नहीं पहचाना तो उन किताबी रटंन्त का अर्थ भाप के इंजन के भप-भप से अधिक नहीं है। वसुधैव कुटुंबकम् और विश्व मानवता की बात केवल और केवल ढोंग तथा पाखंड है। ध्यान से पढ़ना -परिवार संस्था जीवित है तो इसका रहस्य नारी के भाव में है। यह भारतीय नारी की गौरव गाथा हैं !

करवाचौथ अथवा अन्य कोई भी पर्व वैज्ञानिक-अनुसंधान में आज तक बाधक नहीं बना और आगे भी बाधक बनने की तिल भर भी आशंका नहीं है। मेरे साथ भौतिकी की प्रोफेसर थीं ,हम से आपसे अधिक जानती थी ,किन्तु करवाचौथ का व्रत बड़ी निष्ठा से करती थीं। आपको अपने ही रूढिवाद और अंधविश्वास को परिभाषित करना होगा और विश्वास और अंधविश्वास के बीच अन्तर स्पष्ट करना होगा। समस्त ज्ञान- विज्ञान का केन्द्र ,उदगम और प्रयोजन लोकजीवन ही है। प्रमाण भी लोकजीवन ही है ! उस निश्छल प्यार को किसके प्रमाण पत्र की जरूरत है ?

# बढ़ रहा हृदय रोग उपचार का व्यय

हाल में प्राप्त जानकारी के अनुसार देश में हृदय रोगों के बीमा दावों में वृद्धि देखी जा रही है, जो बढ़ती वित्तीय चिंताओं के साथ-साथ बढ़ते स्वास्थ्य संकट को दर्शाती है।

बीमा एग्रीगेटर पॉलिसीबाजर डॉट काम के अनुसार हृदय संबंधी दावे 2019-20 में 9.12 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 18.20 प्रतिशत हो गए, जो हृदय संबंधी समस्याओं के बढ़ते प्रचलन को दिखाता है। हृदय संबंधी दावे की औसत लागत 2019-20 में 4.5 लाख रुपए से बढ़कर 203-24 में 12.25 लाख रुपए हो गई हैं। जरूरी है कि हृदय को ठीक रखने के लिए शारीरिक रूप से एक्टिव रहा जाए। इसके लिए सप्ताह में 5 दिन 30 मिनट्स तक कार्डियो एक्सरसाइज की जाए साइक्लिंग, स्विमिंग, जंपिंग और बहुत कुछ किया जा सकता है। कुछ नहीं तो रोज वाकिंग कर सकते हैं। संतुलित आहार लें। इसमें साबुत अनाज, फल, सब्जियां, कम वसा वाले डेयरी उत्पाद, नट्स और फलियां शामिल हों। नमक और चीनी का सेवन कम करें। खराब जीवनशैली से बचना, गतिहीन जीवन अधिक मोटापा और तनाव भी हृदय रोग को बढ़ाते हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

व्यायाम डॉक्टर की सलाह के बाद ही शुरू करना चाहिए। डायबिटीज और हृदय संबंधी रोग लाइफ स्टाइल रोग कहलाते हैं। अतः जीवनशैली परिवर्तित करके इन रोगों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

दिल से संबंधित बीमारियों का प्रचलन तो तेजी से बढ़ ही रहा है, इनका इलाज भी बहुत महंगा है, जो बिना इंश्योरेंस के संभव नहीं हो पाता। लिहाजा एक उम्र के बाद कुछ न कुछ हेल्थ इंश्योरेंस भी जरूरी हो गया है, अगर परिवार में किसी को इस बीमारी का पता चलता है तो सबसे पहले हेल्थ पॉलिसी का होना आवश्यक है, क्योंकि प्राइवेट अस्पतालों में इलाज महंगे होते जा रहे हैं। ध्यान रहे हार्ट का हेल्दी होना जरूरी है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक की उपचार के दौरान मौत

एटा। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत दो दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान शनिवार की देर रात मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में करने के पश्चात कानूनी कार्रवाई की है। घटनाक्रम के अनुसार कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव सिरांव निवासी भानुप्रताप सिंह (26) पुत्र स्व. शेर सिंह दो दिन पूर्व क्षेत्र के एटा-कासगंज मार्ग स्थित लिप्टन चैकी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसको उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। सूचना पर परिजन पहुंच गए थे। डाक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए भानुप्रताप को हायर सेंटर रेफर किया था। उपचार के दौरान भानुप्रताप सिंह की मौत हो गई।

### पत्रकार के साथ किसान नेता ने की मारपीट

एटा, अमृत विचार : किसान यूनियन नेता पर एक पत्रकार के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने इस मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पत्रकार सचिन यादव ने बताया कि खबर चलने से बौखलाए एक हॉस्पिटल के एमडी व किसान यूनियन नेता ने शनिवार की रात रामलीला मैदान में उनके साथ मारपीट की।

# करवाचौथ पर उजड़ गया सुहाग पति की बाइक दुर्घटना में मौत

## अज्ञात कैंटर ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत दो घायल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: करवा चौथ पर एक सुहागिन का सुहाग उजड़ गया। तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवारों को रौंद दिया। जिसमें एक की मौत हो गई दो गंभीर घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल से अलीगढ़ रेफर किया गया है।

हादसे की घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के बहेडिया किलौनी मोड़ पर घटित हुआ। मथुरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना के बाद कैंटर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने 48 वर्षीय जगेश पुत्र भोजराज को मृत घोषित कर दिया। वहीं बहेडिया गांव निवासी 45 वर्षीय सेवाराम 35 वर्षीय छोटू घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते बेहतर उपचार के घटलिए अलीगढ़ मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया है। पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया अज्ञात बाइक की टक्कर से बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए थे। एक की मौत हो गई है। परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।



हादसे के बाद जिला अस्पताल में मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

### पत्नी कर रही थी पति के आने का इंतजार

मृतक जगेश की पत्नी अनीता सुबह से करवा चौथ का व्रत रखे हुई थी। अपने पति की लंबी उम्र के लिए, लेकिन उसे क्या पता था आज ही उसके पति की हादसे में जान चली जाएगी। उसका सुहाग हमेशा हमेशा के लिए उजड़ जायेगा।घटना को लेकर मृतक की पत्नी का हाल बेहाल है। वह यही सोच सोच कर विलाप कर रही है।

# गंधक-पोटाश पीसते समय धमाका, किशोर घायल

हसनपुर (अमरोहा), अमृत विचार: दिवाली पर पटाखे जलाने के लिए गंधक-पोटाश पीसते समय विस्फोट होने से किशोर घायल हो गया। मेरठ के अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरोली निवासी 15 वर्षीय किशोर शनिवार शाम मलवाली डगरोली स्थित अपनी पनीर की फैक्ट्री की छत पर बैठकर गंधक-पोटाश का मिश्रण तैयार कर रहा था। किशोर गंधक व पोटाश को एक साथ मिलाकर पत्थर पर पीसने लगा। इस दौरान तेज धमाका हो गया। इससे किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर अफरातफरी मच गई। आनन-फानन परिजनों ने उसे नगर के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। अब मेरठ के निजी अस्पताल में किशोर का उपचार चल रहा है। परिजनों के मुताबिक, किशोर आईसीयू में भर्ती है और उसकी हालत गंभीर है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जानकारी से इनकार किया है।

# रेल कर्मी की मौत पर निकाला कैंडल मार्च



कासगंज रेलवे जंक्शन पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते रेल कर्मी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: गाज़ियाबाद में रेल कर्मी की ट्रेन की चपेट में आकर हुई मौत को लेकर रेलवे मेंस कांग्रेस ने रेलवे स्टेशन पर कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान मृतक ट्रैकमैन के परिवार के लिए एक करोड़ रुपए के मुआवजे और सरकारी नौकरी की मांग की गई। ट्रैकमैन की मौत गाजियाबाद के दनकौर स्टेशन के पास उस समय हुई, जब वह ट्रैक पर वेल्डिंग कार्य कर रहा था। कैंडल मार्च में शामिल सभी रेल कर्मियों ने मृतक के परिवार के लिए न्याय की मांग की। रेलवे प्रशासन को चेतावनी दी है कि कर्मचारियों को प्रताड़ित न किया जाए।

इस दौरान रेल कर्मियों ने बताया कि हर साल लगभग 500 से अधिक रेल कर्मचारी कार्य करते समय अपनी जान गंवा बैठते हैं। कर्मचारियों ने रेल प्रशासन से सुरक्षा के उपाय को मजबूत करने की मांग की। मृतक कर्मचारियों के परिवार को एक करोड रुपए की सहायता राशि तथा एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए।

# किन्नर की हत्या में जीजा समेत 3 के खिलाफ रिपोर्ट

सैदनगर (रामपुर ), अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र में किन्नर की हत्या के आरोप में जीजा समेत 3 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। 15 दिन पहले गांव के कब्रिस्तान में किन्नर का शव लटका मिला था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। सीओ टांडा ने बताया कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी होगी। थाना क्षेत्र के बगरौआ गांव निवासी अली अहमद की बेटी अमरीन (17) में किन्नरों वाले गुण थे। 15 दिन पूर्व किन्नर मजार पर गई थी। कुछ देर बाद उसका शव गांव के कब्रिस्तान में पेड़ से लटका मिला था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने उसका शव परिजनों को सौंप दिया था। कुछ दिन बीतने के बाद परिजनों को जानकारी मिली कि उनकी बेटी की हत्या के बाद शव को पेड़ में लटकाया गया था। उसकी मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही उसके जीजा मतलूब और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ टांडा केएन आनंद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी होगी।

# रमेश बाबू अध्यक्ष, रोहित महासचिव बने


संवाददाता, एटा

अमृत विचार : बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में रमेश बाबू यादव को बार अध्यक्ष और रोहित पुंढ़ीर को सचिव चुना गया है। यह चुनाव जिले के अधिवक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण घटना थी, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार और सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में थे।चुनाव की प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस बल की एक बड़ी संख्या तैनात की गई थी ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो सके। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी अधिवक्ताओं को मतदान करने का सुरक्षित और स्वतंत्र माहौल मिले।

अधिवक्ता रमेश बाबू यादव ने पहली बार अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। उनके चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल है और उन्हें व्यापक समर्थन मिला। वहीं रोहित पुंढ़ीर सचिव पद पर पुनः चुने गए हैं। वे पूर्व में भी इस पद का कार्यभार संभाल चुके हैं और उनके अनुभव को ध्यान में रखते हुए विधिज्ञों ने उन्हें एक बार फिर से जिम्मेदारी सौंपी है।

नई कार्यकारिणी के चुने जाने के बाद, बार एसोसिएशन के सदस्यों ने अपने नए नेतृत्व के प्रति विश्वास जताया है। रमेश बाबू यादव और रोहित पुंढ़ीर ने न्यायपालिका के प्रति अपने समर्पण और अधिवक्ताओं की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया है। नव निर्वाचित अध्यक्ष और सचिव ने इस बात पर जोर दिया है कि वे अधिवक्ताओं के हितों के लिए काम करेंगे और बार एसोसिएशन को और सशक्त बनाने की दिशा में कदम उठाएंगे।

उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में सदस्य एकजुटता के साथ काम करेंगे और सभी विधिक मुद्दों पर अपनी आवाज उठाएंगे।



बार एसोसिएशन चुनाव जीतने के बाद मौजूद रमेश बाबू और रोहित पुंढीर।

- कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन की मतगणना के बाद विजयी पदाधिकारियों को दी बधाई

# अप्राकृतिक संबंध बनाने के विरोध पर दिया तीन तलाक

डिलारी, अमृत विचार : थाना डिलारी क्षेत्र के एक गांव में अप्राकृतिक संबंध बनाने का विरोध करने पर पत्नी को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

गांव निवासी एक व्यक्ति दिल्ली स्थित किसी फैक्ट्री में काम करता था। वहीं पर दिल्ली निवासी युवती भी नौकरी करती थी। युवती को युवक ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। दोनों लिव इन रिलेशन में रहने लगे फिर उसके बाद युवती से निकाह कर अपने गांव ले आया। कुछ दिन बाद ही युवती को प्रताड़ित करने लगा। इसी दौरान युवती गर्भवती हो गई। आरोप है कि बिना युवती की मर्जी के उसका गर्भपात करा दिया और उसे अप्राकृतिक संबंध बनाने लगा। विरोध करने पर मार पीट करने लगा। विरोध पर उसे तीन तलाक दे दिया और दूसरी युवती के साथ निकाह कर लिया। आरोप लगाया कि पति के दोस्तों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने एसएसपी के समक्ष पेश होकर न्याय के गुहार लगाई।

# निर्जला व्रत रख महिलाओं ने की पति के दीर्घायु की कामना

संवाददाता, एटा

अमृत विचार : पति की दीर्घायु की कामना के साथ सोलह श्रृंगार कर सुहागिनों ने रविवार को करवाचौथ का व्रत रखा। जब चांद निकला तो सजकर तैयार सुहागिनों में उल्लास और उमंग फूट पड़ा। चलनी की ओट से चांद के बाद पति के दीदार का नजारा देखते ही बन रहा था। इसके बाद पति के हाथ से पानी पीकर व्रत का पारण किया गया।सुहागिनों ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखा और शाम को चांद देखने के बाद व्रत तोड़ा।

इसके पूर्व डूबते सूर्य की पूजा और आरती की गई। करीब आठ बजे व्रतियों ने चांद को चलनी से देखकर अपने पति के हाथों जल ग्रहण किया। इससे पूर्व महिलाओं ने घरों में पूरे दिन पतियों के लिए स्वयं की साज-सज्जा के साथ स्वादिष्ट पकवान बनाए। शुभ मुहूर्त पर व्रतियों ने पूजन-अर्चन किया। कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ मनता है। इस दिन को सुहागिन महिलाओं के लिए पौराणिक और ऐतिहासिक माना गया है।

इसके तहत सुहागिन महिलाएं दिन में अपने पतियों के लिए सजने-संवरने के साथ घरों में स्वादिष्ट पकवान बनाने में जुटी रहीं और शाम होते ही संपूर्ण श्रृंगार के साथ सज-धज कर पूजा की थाली हाथों में लेकर अपने पति व बच्चों के साथ छतों पर जाकर चंद्रदेव के दर्शन को व्याकुल रहीं।

रात्रि करीब आठ बजे चंद्रदेव के उदित होते ही महिलाओं ने चलनी से दर्शन कर उन्हें अर्घ्य दिया। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर आरती उतारी और पति की दीर्घायु की कामना के साथ ही निर्जला व्रत तोड़ा। इस मौके पर पति ने भी अपनी जीवनसंगिनी की जीवन भर सुरक्षा, उनका सम्मान बनाए रखने का वादा किया। बच्चों ने भी चंद्रमा निकलने पर जमकर आतिशबाजी की। अंकिता, सोनम, सरिता, पूनम, रिजू, अन्नू, सुनीता, गीता, कुसुम, अंजना, डिम्पल ने बताया कि व्रत रखने वाली महिलाओं ने अपनी सुहागन सास, जेठानी या फिर अन्य बड़ी ननद से मिलकर वस्त्र एवं श्रृंगार का सामान को ग्रहण किया और पूरे दिन व्रत रखा। सुबह चार बजे सुहागिनों ने अपने से छोटी सुहागिन महिलाओं को एक थाली में पूजा के सामान के साथ कपड़े, सुहाग का सामान एवं सूखा फल दिया। रात को यही थाली पूरी तरह सजाकर व्रतियों ने अपने से ज्येष्ठ सुहागिनों को वापस की।



चूड़ियों का मैच मिलाती महिलाएं। ● अमृत विचार



चन्द्रमां को छलनी में देखती सुहागिन।

### ब्यूटी पार्लर पर रही भीड़

बीते तीन-चार दिन से ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की काफी भीड़ जुट रही थी। करवा चौथ के दिन भी काफी संख्या में महिलाएं ब्यूटी पार्लर पर सजन-संवरने और मेहंदी लगवाने के लिए पहुंची। इनमें अधिकांश वह महिलाएं थीं जिन्होंने एडवांस बुकिंग कर रखी थी।

# मशरूम की खेती से मालामाल होंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार: मशरूम की खेती किसानों के लिए समृद्धशाली बनाएगी। यह खेती बंद कमरे और अंधेरे में ठंडे वातावरण में की जाती है। इसके लिए किसानों को सिर्फ प्रशिक्षण की जरूरत रहती है। यह प्रशिक्षण कासगंज के किसान ने पंत नगर में ले लिया है। अब वे खेती की तैयारी कर रहे हैं।

जिले में अभी तक मशरूम की कभी खेती नहीं हुई। गोरखपुर, बहराइच सहित अन्य जिलो से मशरूम की आपूर्ति कासगंज में होती है। एक अनुमान के मुताबिक लगभग एक कुंतल मशरुम की खपत प्रतिदिन हो रही है। लोगों को यह सब्जी बेहद पंसद है। बटन मशरुम इनदिनों लोगों को बेहद स्वादिष्ट लग रही है। त्योहारों पर खपत और भी बढ जाती है, लेकिन अब मशरुम की खेती कासगंज में भी हो सकेगी। मेमड़ी के किसान चंद्रभान इस खेती की तैयारी कर रहे हैं।

मशरूम के उत्पादन के लिए विशेष प्रकार से निर्मित खाद की आवश्यकता होती है। इसे गेहूं के भूसे अथवा धान के पुआल से रासानिक उर्वरकों के मिश्रण से तैयार किया जाता है। इसके लिए उचित मात्रा में भूसा, मुर्गी की खाद, कैल्सियम अमोनियम नाइट्रेट या अमोनियम सल्फेट, डीएपी, म्यूरेट आफ पोटाश, यूरिया, सुपर फास्फेट, गेहूं का चोकर, जिप्सम, निमेगान, मैलाथियान पाउडर, शीरा, वावस्टीन की आवश्यकता होती है। कंपोस्ट बनाने के लिए 48 घंटा पूर्व भूसे की पतली तह पक्के फर्श पर बिछा कर उसे अच्छी तरह उलट कर पानी से तर कर लेना चाहिए।

समय-समय पर उस पर पानी का छिड़काव भी किया जाए। ताकि नमी बरकरार रहे। 6 से 7 दिन में इसमें धागेनुमा फफूंद दिखने लगता हैं। इसके 15 से 20 दिन बाद मशरूम निकलना आरंभ हो जाता है। उसके बाद उसकी चुनाई करके उसकी बिक्री की जा सकती है।

> मशरूम की खेती कासगंज के किसान करने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ किसानों ने सलाह भी मांगी है। यह खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।
> –अवधेश मिश्रा, जिलाकृषि अधिकारी।

- बंद कमरे में मशरूम की खेती करने की हो रही तैयारी
- मेमड़ी के किसान ने पंत नगर में खेती के सीखे गुर

# भारतीय किसान यूनियन (भानु) का आंदोलन आज से

एटा, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. भानुप्रताप सिंह ने 21 अक्टूबर को नोएडा के परी चौक के निकट जीरो प्वाइंट पर होने वाले आंदोलन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं।

जलेसर के नगला सुखदेव स्थित अपने निजी आवास पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ठा. भानुप्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि इस आंदोलन के दौरान कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई जाएंगी। इनमें प्रमुख रूप से किसान आयोग के गठन की मांग, संपूर्ण कर्जा माफी और दुर्घटना में शहीद हुए पुलिस जवानों के परिजनों को सरकार द्वारा 2 करोड़ रुपए की सहायता देने की मांग शामिल हैं। भानुप्रताप सिंह ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इन प्रमुख मांगों को नहीं मानती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के मुद्दों को नजरअंदाज करना देश के कृषि क्षेत्र के लिए हानिकारक होगा और यूनियन इस पर कड़ी नजर रखेगी। इस आंदोलन के माध्यम से किसानों की एकजुटता को और मजबूत करना चाहती है। यूनियन के नेता ने सभी किसानों से इस आंदोलन में भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि उनकी आवाज को सरकार तक पहुंचाया जा सके। आंदोलन की तैयारी को लेकर सभी कार्यकर्ताओं और किसानों में जोश है, भारतीय किसान यूनियन (भानु) अपनी मांगों को लेकर सख्त है। संगठन ने इस बात पर जोर दिया है कि किसानों के हक की लड़ाई के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।

# महिलाओं और बच्चों को किया जागरुक

एटा, अमृत विचार: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा दल ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

पुलिस ने घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध, और महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस दौरान, महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण के लिए वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टॉप सेंटर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एंबुलेंस सेवा (108) हेल्पलाइन नंबर की जानकारी भी दी गई। मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला और चैपाल लगाकर महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाना है।




अभियान के तहत महिलाओं को जागरुकता करती महिला पुलिस। ● अमृत विचार

# डीसीएम ने बाइक रौंदी, एक युवक की मौत, दो घायल

संवाददाता, चौधरपुर/डिडौली (अमरोहा)

अमृत विचार: डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर के पास दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर रविवार सुबह 10 बजे बाइक सवार 3 फर्मकर्मियों को डीसीएम ने रौंद दिया। इस हादसे में एक की मौत हो गई। उसके 2 साथी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। डीसीएम को कब्जे में लिया है।

बताया गया कि गांव सलेमपुर नवादा में आले नबी, दिलशाद और वसीम का परिवार रहता है। आले नबी का पुत्र शाने आलम (35), दिलशाद का पुत्र महफूज और मोबीन का पुत्र वसीम मुरादाबाद स्थित एक निजी फर्म में काम करते हैं।

दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर रविवार सुबह तीनों एक ही बाइक से मुरादाबाद जा रहे थे। जब ये तीनों चौधरपुर से आगे एक निजी पैरामेडिकल कॉलेज के सामने पहुंचे। तभी मुरादाबाद की ओर से आ रही लोहे का कबाड़ लदी डीसीएम ने बाइक सवारों को रौंद दिया। बाइक डीसीएम के नीचे फंस गई। हादसे में शाने आलम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। महफूज और वसीम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी के बाद परिजन मौके पर पहुंच गए। यहां शाने की पत्नी रूबी और अन्य परिजन रो-रोकर बेहोश हो गए। इस बीच परिजन घायलों को उपचार के लिए मुरादाबाद ले गए और निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# महापुरुषों की प्रतिमाओं के पास फैली है गंदगी

संवाददाता, गंजडुंडवारा

अमृत विचार: नगर पालिका की अनदेखी से महापुरुषों व शहीदों की प्रतिमाओ का अपमान हो रहा है। प्रतिमाओं के समीप बने मूत्रालय से दुर्गंध उठती है। वहीं गंदगी और आवारा पशुओ के मलमूत्र से मूर्तियों अटी पड़ी हैं। कस्बा वासियों ने महापुरुषों और शहीदों की प्रतिमाओ से मूत्रालय अलग हटाए जाने और साफ सफाई रखने की मांग की है।

नगर पालिका के जिम्मेदार एवं जनप्रतिनिधि महापुरुषों एवं शहीदों के सम्मान में उदासीन हैं। नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित गांधी पार्क में शहीदों के सम्मान में पालिका प्रशासन द्वारा बनाए शिलाफलकम एवं चौक चौराहे पर महापुरुषों की स्थापित प्रतिमाओं की दुर्दशा देख गौरवान्वित होने की बजाय लोग शर्मिंदगी महसूस कर रहे हैं।

जिन्होंने देश और आने वाली पीढ़ी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था उनकी प्रतिमाएं सम्मान की प्रतीक होती हैं। उनके कार्यों और बलिदानों को महसूस कराती है।वह भी अनदेखी के चलते दुर्दशा का शिकार है।

- शहीदों की प्रतिमाओं के पास मूत्रालय से उठती है दुर्गंध

> महापुरुषों और शहीदों की प्रतिमाओं को लेकर पालिका प्रशासन सख्त है। प्रतिमाओं के आस पास से होने वाली गंदगी को हटवाया जाएगा। साफ सफाई कराई जाएगी। महापुरुषों की प्रतिमाओं का अपमान नहीं होने दिया जाएगा।
> –सुनील कुमार, ईओ गंजडुंडवारा

### शहीदों के शिलाफलकम के पास मूत्रालय



हद तो तब होती है कि जब शहीदों के सम्मान में बनाए गए शिलाफलकम को पालिका परिसर के सामने गांधी पार्क के पास बने मूत्रालय के समीप बना दिया जाता है। ऐसी स्थिति मूत्रालय से उठने वाली दुर्गंध वातावरण के साथ शहीदो का अपमान भी करती नजर आती है।जिसको लेकर लोगों मे रोष है।

### ये प्रतिमाएं हैं उदासीनता का शिकार

कस्बे के चौक, चौराहों पर महाराणा प्रताप, डा. भीमराव आंबेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की लगी प्रतिमाएं अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। जब कोई त्योहार पड़ता है, तो प्रतिमाओं की सफाई कराई जाती रही लेकिन इनका रुटीन रखरखाव साफ-सफाई मे पालिका प्रशासन व जनप्रतिनिधि उदासीन है।

# झुके बिजली पोल बन रहे जनता की जान को खतरा

एटा/जलेसर

अमृत विचार: ताज ट्रेपीजियम क्षेत्र जलेसर में विद्युत विभाग की लापरवाही से स्थानीय निवासियों में असंतोष है। मंडी जवाहर गंज में स्थित डबल पोल गिरते हुए हालत में हैं, भारी भीड़ वाले इस क्षेत्र में विद्युत विभाग की लापरवाही लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रही है। जलेसर नगर, जिसे घुंघरू घंटी की नगरी के नाम से भी जाना जाता है, को प्रदेश सरकार द्वारा ओपी औडी योजना के तहत औद्योगिक नगरी घोषित किया गया है। ग्राम मकसूदपुर में उद्योगों के लिए जगह भी आवंटित की गई है, साथ ही रेलवे स्टेशन रोड पर भी औद्योगिक नगरी की स्थापना की योजना बनाई गई थी। लेकिन, विद्युत समस्याओं के चलते इन उद्योगों का विकास संभव नहीं हो पा रहा है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि विद्युत विभाग द्वारा अनवरत बिजली सप्लाई प्रदान नहीं की जा रही है। 24 घंटे में 24 बार बिजली का आना-जाना लगा रहता है, जिससे व्यवसाय और सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है।



जलेसर में सड़क किनारे झुके बिजली के पोल।

## एक नजर

### अधिवक्ता की बेटी का मोबाइल छीना, मौत

बरेली,अमृत विचार : स्टेडियम रोड पर ब्यूटी पार्लर की ट्रेनिंग लेकर लौट रही अधिवक्ता की बेटी का बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन छीन लिया। इस घटना से युवती सदमे में चली गई। युवती के ठीक होने पर तीन महीने बाद पिता ने लूट की थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। साहूकारा निवासी अधिवक्ता सुरेश चंद्र ने बताया कि उनकी बेटी अंशु शर्मा संजय नगर स्थित एक ब्यूटी पार्लर में ट्रेनिंग कर रही थी। अंशु 11 जुलाई को रात 9 :15 बजे ब्यूटी पार्लर से लौट रही थी। डेलापीर में स्टेडियम रोड पर पहुंचने पर तीन बाइक सवारों ने उसका पीछा कर मोबाइल फोन छीन लिया और स्टेडियम की तरफ फरार हो गए। बेटी मोबाइल छिनने के बाद काफी घबरा गई और सदमे में चली गई। अब वह ब्यूटी पार्लर भी नहीं जा रही है।

### स्कूटी पर स्टंट करने पर 13500 रुपये का चालान

बरेली, अमृत विचार : विकास भवन रोड पर एक स्कूटी सवार का सड़क पर स्टंट करने पर परिवहन विभाग ने 13 हजार पांच सौ रुपये का चालान काटा गया। स्टंट करते हुए वीडियो भी वायरल हो गया है। पीटीओ रमेश प्रजापति ने चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार को स्टंट करते पकड़ा तो स्कूटी का रजिस्ट्रेशन नहीं था। ड्राइवर के पास लाइसेंस भी नहीं मिला। इस पर 13 हजार पांच सौ रुपये का चालान किया गया। इसके अलावा ऑटो रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन के चलते मिलने पर चालान किए गए। टैक्स बकाया और फिटनेस नहीं होने पर दो वाहन सीज किए गए। पीलीभीत बाईपास पर सेटेलाइट बस अड्डे के पास साइलेंसर बदलकर तेज आवाज में बुलेट चलाने पर 15 हजार का चालान किया गया।

### विवाहिता को घर से निकाला,दहेज का आरोप

पसगवां, अमृत विचार : बरवर के रोशन नगर निवासी रिजवाना ने बताया कि उसने अपनी बेटी नायला की शादी सीतापुर के मोहल्ला तकिया कजियारा निवासी मो जुबैर के साथ 16 अक्टूबर 2023 को की थी। उसे कम दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। एक जून को नायला ने फोन कर बताया कि उसे पति, सास, ममिया ससुर इकराम, गुड्डू पुत्र कयूम, ममिया सास फुदिया पत्नी अब्दुल सलाम, साबिया पत्नी इकराम , नदीम पुत्र अब्दुल सलाम और आसिफ पुत्र गुड्डू ने मारा पीटा और घर से चले जाने को कह रहे हैं। रिजवाना अपने पति के साथ बेटी की ससुराल गई और रिपोर्ट लिखाने को कहा तो ससुराल वाले मान गये और कहा कि अब ऐसा नहीं होगा। लेकिन दो सितंबर को उसे मारपीट कर गाड़ी में बैठाकर बरवर में औरंगाबाद चौराहे पर छोड़कर चले गए। नायला किसी तरह घर आई और आपबीती सुनाई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# इज्जतनगर मंडल के सात रेलवे स्टेशन होंगे विकसित

## पीलीभीत, बदायूं ,उझानी, बरेली सिटी, इज्जतनगर, बहेड़ी, किच्छा चयनित

**अमृत भारत स्टेशन योजना**

बरेली कार्यालय, संवाददाता

**अमृत विचार :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आगामी 50 साल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाएगा। योजना के तहत इज्जतनगर मंडल के सात स्टेशन बरेली सिटी, इज्जतनगर, बहेड़ी, किच्छा, पीलीभीत, बदायूं और उझानी को विकसित किया जाएगा। इन स्टेशनों पर सर्कुलेटिंग एरिया बढ़ने के साथ वेटिंग हाल, प्रसाधन केंद्र, लिफ्ट/एस्केलेटर, निशुल्क वाई-फाई समेत तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह के मुताबिक योजना के तहत बरेली सिटी को 10.97 करोड़, पीलीभीत को 16.74 करोड़, बदायूं को 5.43 करोड़, इज्जतनगर को 8.35 करोड़, बहेड़ी को 5.52 करोड़, किच्छा को 6.55 करोड़, उझानी स्टेशन को 3.64 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसी धनराशि से स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जाएगा। इज्जतनगर मंडल के लालकुआं जंक्शन पर योजना के तहत करीब 29.78 करोड़ की अनुमानित लागत से आधुनिक सुविधाओं का विस्तार एवं उन्नयन का कार्य किया जा रहा है।



पीलीभीत रेलवे जंक्शन। ● अमृत विचार

**स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा**

एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत कियोस्क भी खोल जाएंगे, ताकि स्थानीय उत्पादों एवं हस्तशिल्पों को बढ़ावा मिल सके। स्टेशनों पर बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए स्थान आदि के लिए मास्टर प्लान तैयार कर चरणबद्ध तरीके से कार्य कराया जाएगा।

- **सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हाल, एस्केलेटर, निशुल्क वाई-फाई समेत कई सुविधाएं बढ़ेंगी**

## अपने ही ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर दो भाइयों की मौत

**मुरादाबाद कार्यालय, अमृत विचार:** सीमेंट से लदी ट्रैक्टर- ट्रॉली डिवाइडर पर चढ़कर बेकाबू हो गई। ट्रैक्टर पर सवार दो सगे भाई गिर गए और उनके ऊपर ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया चढ़ गया। इस हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई।

पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव उमरी सब्जीपुर निवासी मोहम्मद रफी उर्फ छोटू (28) और मुन्ना (26) सगे भाई थे। रविवार तड़के दोनों भाई ट्रैक्टर-ट्रॉली में सीमेंट लादकर रामपुर की ओर जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली छोटू चला रहा था, जबकि मुन्ना उसके बगल में बैठा था। तड़के लगभग 4:00 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली कटघर थाना क्षेत्र में हाईवे पर जीरो प्वांइट के पास पहुंचे तो छोटू को झपकी आ गई। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। झटके लगने से छोटू और मुन्ना ट्रैक्टर से नीचे सड़क पर गिर गए। जबकि लोडेड ट्रॉली होने के कारण ट्रैक्टर आगे बढ़ गया। इससे छोटू ट्रैक्टर और मुन्ना ट्रॉली के पहिये के नीचे आकर कुचल गया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभी किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सबसे बड़ा सालिडवेस्ट मैनेजमेंट प्लांट होगा सथरापुर

बरेली कार्यालय

- **टेंडर की प्रक्रिया शुरू, दिसंबर तक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट शुरू करने का दावा**
- **पूरा हो चुका है निर्माण, सिर्फ मशीनें लगना बाकी, नगर निगम में नए सिरे से शुरू की टेंडर प्रक्रिया**

**अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद सथरापुर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट बनकर तैयार हो गया है। नगर निगम ने इसे चलाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। उम्मीद जताई जा रही है कि दिसंबर तक प्लांट शुरू हो जाएगा। इसके बाद शहर के लिए बड़ा सिरदर्द साबित हो रही कूड़े के निस्तारण की समस्या हल हो जाएगी।

फिलहाल शहर से निकलने वाला ज्यादातर कूड़ा बाकरगंज में डंप किया जाता है। यहीं कूड़े के निस्तारण के लिए मिनी प्लांट भी लगाए गए हैं लेकिन उनसे नाममात्र का ही कूड़ा निस्तारण होता है।

शाहजहांपुर के गांव सथरापुर के पास तीन साल पहले 24.18 करोड़ की लागत से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण शुरू कराया गया था जो काफी देरी से अब पूरा हो पाया है। अब इस प्लांट में सिर्फ मशीनें लगाई जानी हैं जो टेंडर लेने वाली एजेंसी ही लगाएगी। बाकी सभी काम पूरे होने का दावा किया जा रहा है।

> सथरापुर में बन रहा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट काफी आधुनिक है। इससे कूड़ा का निस्तारण की समस्या दूर हो जाएगी। जल्द प्लांट चालू कराने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद बाकरगंज में कूड़े का पहाड़ खत्म होने से वहां के लोगों की समस्या का भी निदान हो जाएगा।
>
> – **उमेश गौतम**, मेयर

अधिकारियों के मुताबिक इस प्लांट में रोज पांच मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण होगा। शहर से रोज करीब 4.45 मीट्रिक टन ही कूड़ा निकलता है। निर्माण में लगी एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि बरेली में प्रदेश का सबसे प्लांट लगा है।

टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद दिसंबर तक प्लांट शुरू हो जाएगा। इस प्लांट में कूड़े से कंपोस्ट बनेगी जिसे बेचने से नगर निगम की आय भी बढ़ेगी।

## मरीजों को बेहतर इलाज देने की शपथ ली

**बरेली ,अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल स्थित सभागार में शनिवार को सत्र 2024 के तहत प्रवेशित हुए एमबीबीएस पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं की व्हाइट कोट सेरेमनी आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने व्हाइट कोट पहनकर मरीजों को बेहतर इलाज देने की शपथ ली।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल और प्रति कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर की।

इस दौरान कुलाधिपति ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि वे आने वाले समय में एक अच्छे चिकित्सक बनेंगे, वहीं उन्होंने रोहिलखंड मेडिकल कालेज के चयन के रूप में प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कालेज का चयन किया है। उन्होंने बताया कि रोहिलखंड मेडिकल कालेज एक रैगिंग मुक्त संस्थान है। संस्थान अनुभवी चिकित्सक, शिक्षकों एवं आधुनिक मशीनों से युक्त है, छात्र-छात्राओं से मरीजों के हित में अच्छे आचरण के साथ उनका उपचार बिना किसी भेदभाव के करने को कहा।

# अब 25 तक भरे जाएंगे स्नातक के परीक्षा फार्म

- **रिजल्ट में आरडी होने की वजह से रविवार को भी कई छात्र नहीं भर पाए फार्म**

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्नातक विषम सेमेस्टर के कई छात्र रिजल्ट में आरडी लगी होने की वजह से परीक्षा फार्म नहीं भर सके। रविवार को अंतिम दिन होने की वजह से विद्यार्थी परेशान हुए तो विश्वविद्यालय ने शाम को तिथि बढ़ा दी। अब विद्यार्थी 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकेंगे।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीएससी गृह विज्ञान और एमए, एमएससी, एमकॉम, एमएससी गृह विज्ञान विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की थी। कई कई विद्यार्थियों के पूर्व के रिजल्ट में इनरोलमेंट नंबर नहीं होने से आरडी लिखकर आ रहा है, इसकी वजह से वह ऑनलाइन फार्म नहीं भर पा रहे हैं। विद्यार्थियों ने इनरोलमेंट फॉर्म भरकर विश्वविद्यालय में जमा कर दिए लेकिन वेरीफाई होने के बाद भी फार्म नहीं खुले। विद्यार्थी रविवार को अंतिम तिथि होने से परेशान होते रहे। स्नातक के विद्यार्थियों को तिथि बढ़ने से राहत मिली।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीए, बीएससी, बीकॉम और बीबीए प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर और बीएससी गृह विज्ञान प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के रेग्युलर और बैक परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख 25 अक्टूबर तक बढ़ा दी। 28 अक्टूबर तक छात्र भरा हुआ फार्म महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे और महाविद्यालयों को भी ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।

**परास्नातक की तारीख बढ़ाने की मांग**

परास्नातक विषम सेमेस्टर के परीक्षा तिथि न बढ़ने से छात्र परेशान हैं। छात्र नेता गजेंद्र कुर्मी समेत कई छात्रों ने तिथि बढ़ाने की मांग की। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को इस विषय में निर्णय लिया जाएगा।



## करेंसी बदलने का झांसा दे नेपाली से ठगे ढाई लाख रुपए

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नेपाल के एक नागरिक से करेंसी बदलने का झांसा देकर 20 दिन पूर्व धोखाधड़ी कर ढाई लाख रुपए ठग लिए गए। पुलिस ने आरोपियों से उसके रुपये वापस करा दिए। नेपाली नागरिक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और यूपी पुलिस का आभार जताया है।

नेपाल के धनगढ़ी निवासी प्रशांत थापा पुत्र घनश्याम थापा ने बताया कि उसकी पत्नी बीमार थीं। उसके इलाज के लिए करीब 20 दिन पूर्व यहां के दो व्यक्तियों ने उससे नेपाली मुद्रा को भारतीय करेंसी में बदलने के नाम पर ढाई लाख रुपए ठग लिए। इसकी शिकायत उसने पलिया पुलिस, नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री व कई उच्च अधिकारियों से की थी। पलिया पुलिस ने तिकुनिया निवासी दो लोगों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की। दोनों आरोपियों ने नेपाली नागरिक से लिए रुपये वापस कर दिए हैं।

# सीटें नौ पर साथियों के नखरे हजार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**उप चुनाव**

- **अनुप्रिया पटेल भी सत्तापक्ष पर एक सीट पाने का बना रहीं दबाव**
- **सत्तापक्ष-विपक्ष के सहयोगी दल नाराज**
- **कांग्रेस दो सीट से खफा तो निषाद पार्टी दो सीट के लिए रूठी**


**अमृत विचार :** चुनाव हो और प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के सहयोगी दलों के नेता मुंह न फुलाएं, ऐसा कहां संभव है? फिलहाल तो विधानसभा उप चुनाव मात्र नौ सीट पर है, लेकिन सत्तापक्ष हो या विपक्ष दोनों के सहयोगी दल नखरें हजार दिखा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस जहां मात्र दो सीट पाकर असंतुष्ट है, वहीं भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी और अपना दल के नेता भी मनपसंद सीट पाने का दबाव बना रहे हैं। इस स्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव दोनों के सामने नई चुनौती है। दोनों ही चुनाव की कमान संभाल कर अपनी-अपनी पार्टी की साख बचाने के संघर्ष में जुटे हैं। अब पहले उन्हें अंदरखाने की स्थिति से निपटना होगा। योगी के सामने अपना दल नेता अनुप्रिया पटेल और निषाद पार्टी प्रमुख संजय निषाद असहज हालात पैदा कर सकते हैं। अनुप्रिया पटेल भले टिकट के सवाल पर सार्वजनिक तौर पर बोलने से बच रही हों, लेकिन जिन सीटों पर उप चुनाव हो रहे हैं, उनमें कम से कम एक पर उनकी दिलचस्पी है। खासकर मिर्जापुर और वाराणसी से लगी मझवां सीट जिसे अपना दल अपने कोर वोटर्स की संख्या के मद्देनजर चुनाव लड़ने को आसान समझती है। वहीं, कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने कटेहरी और मझवां सीट पर दावा किया था। यह तक कह दिया था कि, मझवां सीट को लेकर कोई समझौता नहीं, अगर उन्हें ये सीट भी नहीं मिल पाएगी तो वो गठबंधन में रहकर क्या करेंगे। इधर, सपा से मिली गाजियाबाद सदर और खैर सीट पाकर कांग्रेस असंतुष्ट है। उसकी मांग है कि फूलपुर सीट भी उसे दी जाए। मगर सपा ने फूलपुर से अपना उम्मीदवार पहले ही उतार दिया है।

**दिल्ली पहुंचे मंत्री संजय निषाद**

निषाद पार्टी मुखिया संजय निषाद केन्द्रीय नेतृत्व से उप्र. उप चुनाव में अपनी पार्टी के सिंबल से चुनाव लड़ाने की मांग करने दिल्ली पहुंचे हैं। संजय निषाद के मुताबिक, पार्टी कार्यकर्ताओं की मंशा है कि निषाद पार्टी अपने सिंबल पर चुनाव लड़े। भले ही प्रत्याशी भाजपा का हो। हमने भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को बता दिया है, अब केंद्रीय नेतृत्व को बताऊंगा।

**फिर चांद निकला**



**करवाचौथ :** चंद्रमा ने इस बार बिल्कुल देर नहीं की। सही समय पर आकाश में अपनी आभा बिखेर दी। पूजा-अर्चना करने के बाद सुहागिनों ने अर्घ्य दिया और अपने जीवन साथी की दीर्घायु की कामना की। ● अमृत विचार

# नाला खोदाई में मिट्टी धंसी, दो मजदूरों की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार :** उन्नाव-रायबरेली हाईवे संख्या-31 पर सिकंदरपुर करन के पास नाला खुदाई के दौरान रविवार देर शाम अचानक मिट्टी धंसने से वहां काम कर रहे तीन मजदूर नीचे दब गए।

चीख सुनकर अन्य मजदूर व ग्रामीण दौड़े और मिट्टी में दबे तीनों मजदूरों को बाहर निकाला। अस्पताल में डॉक्टर ने दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीसरे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ब्लाक सिकंदरपुर करन में रोड निर्माण के दौरान सीवर लाइन डालने का काम रविवार देर शाम किया जा रहा था। तभी खोदे गए गड्ढे में साइड की मिट्टी फटने से खांदी धंस गई। जिससे वहां काम कर रहे मजदूर गणेश (35), शिवकुमार (50) व अवध राम मिट्टी में दब गए। अन्य मजदूरों ने कंपनी अधिकारियों व पुलिस को सूचना दी। बाद में पुलिस व ग्रामीणों ने रेस्क्यू शुरू किया। आधे घंटे की मशक्कत के बाद मिट्टी के नीचे दबे तीनों मजदूरों को बाहर निकाला जा सका। अस्पताल में डॉक्टर ने शिवकुमार व अवधराम को मृत घोषित कर दिया। जबकि गणेश की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दी है।



हादसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य में जुटे लोग। ● अमृत विचार

- **उन्नाव-रायबरेली हाईवे पर सिकंदरपुर करन के पास हादसा**

## गोलीकांड के आरोपी को भेजा जेल

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर करोड़ों रुपये के प्लॉट पर कब्जे के लिए फायरिंग मामले में फरार आरोपी शहनवाज को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बदायूं की कोर्ट में सरेंडर करने वाले रफत उर्फ झाड़ू बाबा को थाना इज्जतनगर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

22 जून की सुबह पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे को लेकर आदित्य उपाध्याय और राजीव राणा पक्ष में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई थी। थाना इज्जतनगर में दो मुकदमे दर्ज किए गए थे और पुलिस ने केपी यादव, धनुष उर्फ गुर्गा, गोला घोसी, रोहित ठाकुर, ललित सक्सेना और सुभाष लोधी समेत 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

शनिवार को पुलिस ने डेलापीर निवासी शहनबाज को गिरफ्तार किया था। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। रफत से पूछताछ के लिए बदायूं से बरेली लाया जाएगा। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली**

पत्रांक:- एस0एस0ए0/एम0आई0एस0/3243/2024-25 दिनांक- 18.10.2024

**सूचना**

**"अपार में दर्ज होगी कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों की शैक्षिक कुण्डली"**

**"वन नेशनल वन स्टूडेण्ट आई0डी0" की परिकल्पना को साकार करते हुए कक्षा-12 तक के समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत् बच्चों की 12 अंको की यूनीक आई0डी0 अपार (आटोमेटेड परमानेन्ट एकेडमिक एकाउण्ट रजिस्ट्री) आई0डी0 तैयार करायी जा रही है।** इस योजना से जनपद बरेली के लगभग 5100 परिषदीय, राजकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, आई0सी0एस0ई0, सी0बी0एस0ई0, समाज कल्याण एवं मदरसा बोर्ड में पढ़ने वाले लगभग 9 लाख छात्र-छात्राएं आच्छादित होगें।

**"अपार के फीचर्स" - "अपार" आई0डी0** हेतु माता-पिता/वैद्य अभिभावक की सहमति अनिवार्य है। प्रत्येक छात्र-छात्रा के अकादमिक इतिहास का विवरण डिजिलॉकर में संरक्षित रहेगा यथा- शैक्षिक योग्यता प्राप्त ग्रेड, सर्टिफिकेट, विभिन्न संस्थाओं में बच्चों की उपलब्धि इत्यादि। बच्चों का क्रेडेन्शियल विभिन्न संस्थाओं में स्थानान्तरणीय है। अपार आई0डी0 शैक्षणिक एंव कैरियर में आजीवन उपयोगी है। बच्चों के शैक्षिक अभिलेखों यथा-अंकपत्रों, स्थानान्तरण प्रमाण-पत्रों के खो जाने का डर नहीं रहा। **ड्रॉप आउट बच्चों की ट्रैकिंग कर उनको शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना आसान हो जायेगा। सरकार द्वारा छात्रों को प्रदान की जाने वाली लाभार्थीपरक योजनाओं में उपयोगी रहेगा।**

**यू-डायस+पोर्टल पर दर्ज बच्चों के डाटा के आधार पर अपार आई0डी0 का निर्माण होगा। यू-डायस के "स्टूडेण्ट मॉड्यूल" पर क्लिक करके संक्षिप्त विवरण भरते ही अपार आई0डी0 तैयार हो जायेगी।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली द्वारा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि **प्रत्येक विद्यालय में विशेष पी0टी0एम0 आयोजित** कर **"अपार"** की आवश्यकता एवं उपयोगिता को अभिभावकों से साझा करते हुए, सहमति पत्र भरवा कर यथाशीघ्र **"अपार" आई0डी0** बनवाना सुनिश्चित करें। विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाध्यापक शत-प्रतिशत् बच्चों का डाटा यू-डायस् पोर्टल पर अंकित कर लें ताकि **कोई भी बच्चा "अपार" आई0डी0 से वंचित न रह जाए।**

यू-डायस से सम्बन्धित किसी भी समस्या/सुझाव के लिए अपने विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ब्लॉक एम0आई0एस0 समन्वयक/कम्प्यूटर ऑपरेटर से कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते हैं। यू-डायस पोर्टल पर विद्यालय पंजीकृत नहीं होने पर विद्यालय की मान्यता प्रत्यारण नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। **सर्व साधारण को सुझाव दिया जाता है कि बिना यू-डायस कोड प्राप्त विद्यालयों में अपने पाल्यों का प्रवेश कदापि न कराये।**

**रणधीर सिंह**
**एम.आई.एस. इंचार्ज**
**बरेली**

**संजय सिंह**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**बरेली**


**अन्नदाता बेहाल** — **चीनी मिलों की मनमानी के चलते किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं**

# नहीं किया बकाया भुगतान, पर्व कैसे मनाएं किसान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** शासन की ओर से गन्ना तौल के 14 दिनों के अन्दर भुगतान करने के निर्देश हैं। पर बजाज मिल ने अब तक किसानों के पिछले सत्र का बकाया गन्ने मूल्य का भुगतान नहीं किया है, जबकि नया सत्र चलने की तैयारी में है। भुगतान न मिलने से किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। मजबूरन उन्हें औने पौने दाम पर कोल्हुओं पर गन्ना बेचकर घरेलू खर्च चलाने पड़ रहे हैं।

क्षेत्र के किसानों की मुख्य फसल गन्ना ही है। पर बजाज चीनी मिल द्वारा उनके गन्ने का बकाया भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है, जबकि पेराई सत्र समाप्त हुए सात माह बीत चुके हैं और नवीन पेराई सत्र भी शुरू होने वाला है। दिवाली का त्यौहार निकट है, हर कोई दीपावली की खुशियों में सराबोर है, लेकिन क्षेत्र के हजारों किसानों के परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। यहां किसानों की जेब खाली हैं, वह दिवाली कैसे मना पाएंगे।



गन्ने का बकाया भुगतान केवल 31 जनवरी तक का हुआ है। दुकानों से उधारी पर लिए सामान के पैसे, बच्चों की फीस और अन्य घरेलू खर्चों के लिए पैसों की जरूरत है। अपना ही पैसा मिल पर बकाया है फिर भी दूसरों से उधार या कर्ज लेना पड़ रहा है। जबकि नया सत्र चलने की तैयारी में है। भुगतान न मिलने से किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। –**बशीर खान**, कपरहा।



गन्ने का बकाया भुगतान न मिलने से हालत ख़राब है। दीवाली सिर पर है। गन्ने का पैसा न मिलने की वजह से घर खर्च चलाना मुश्किल है। पैसा न मिला तो क्या दीवाली और क्या होली। खेतों की पलेवा, जुताई, बुवाई भी करनी है, इन सबमें पैसों की जरूरत पड़ती है, जबकि अपना ही पैसा मिल पर बकाया है। –**राकेश कुमार वर्मा**, शहाबुद्दीनपुर।



दीवाली का त्यौहार फीका रहेगा। वही कुछ ऐसे साथी किसान है जो कौड़ियां के भाव मे गन्ना बेचकर आगे की फसल व दीवाली का त्यौहार मनायेंगे। यही गन्ना का भुगतान समय से मिल जाए तो कोल्हू पर गन्ना बेंच जैसे तैसे आगे की फसल, बच्चों की पढाई, लिखाई और दीवाली त्यौहार आदि पर कोई समस्या नहीं रहेगी। –**आदित्य कुमार अग्निहोत्री**, रोशननगर।



बजाज मिल पर आठ ट्राली गन्ने का पेमेंट बकाया है। त्योहार का खर्च चल पाना सम्भव नहीं है। केसीसी का खाता भी खराब हो चुका है। बैंक कर्ज जमा करने की नोटिस जारी कर रही हैं। किसी भी जनप्रतिनिधियों ने गन्ना किसानों की आवाज बुलन्द नहीं की। गन्ना किसान बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। –**सुनील कुमार पांडे**, सेमरई।

## मुर्गीपालन में होगा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल

**बरेली कार्यालय, अमृत विचार :** जल्द मुर्गीपालन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग किया जाएगा। मुर्गीपालन में एआई के इस्तेमाल को शुरू करने के लिए 16 और 18 अक्टूबर को नागपुर में नेशनल पॉल्ट्री साइंस एसोसिएशन की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कांफ्रेंस में सहमति बनी। केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के 14 वैज्ञानिकों को शोध के माध्यम से मुर्गीपालन में विशेष योगदान के लिए पुरस्कृत भी किया गया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जयदीप रोकड़े ने बताया कि विदेशों में मुर्गीपालन में एआई का प्रयोग किया जा रहा है। देश में भी कुछ तकनीकों को विकसित किया जाएगा, जिससे कम लागत में मुर्गीपालकों को अधिक फायदा हो। बताया कि मुर्गीपालन में बाड़े के तापमान को नियंत्रित करने, दाने के निर्धारित मात्रा में पात्र में जाने समेत अन्य कार्यों के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। जल्द देश में भी मुर्गीपालन में इस तरह की तकनीक से कम मैनपावर लगने के साथ काम जल्दी समाप्त होगा। मक्के के तरह ही प्रापर्टीज रखने वाले खाद्य पदार्थों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत खोजा जाएगा। निदेशक डॉ .अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि एआई के इस्तेमाल से मुर्गीपालक मुर्गीपालन में नए आयाम स्थापित करेंगे।

### मेला क्षेत्र में भी मुफ्त राशन की सुविधा उपलब्ध कराएगी राज्य सरकार

# महाकुंभ के दौरान कोई भी श्रृद्धालु नहीं सोएगा भूखा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ 2025 के दौरान आने वाला कोई भी श्रद्धालु व कल्पवासी भूखे पेट नहीं सोएगा। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए मेला क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का तो आयोजन किया ही जाएगा, साथ ही उन्हें मुफ्त राशन की सुविधा का भी लाभ मिलेगा।

कई-कई दिनों तक महाकुंभ में रहने वाले कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के राशन कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें राशन की सुविधा प्राप्त होगी। पहले से राशन कार्ड धारण करने वालों को भी राशन कार्ड दिखाने पर राशन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में कुल 160 उचित दर वाली राशन की दुकानों की स्थापना की जाएगी, जहां से दो बार (जनवरी-फरवरी) में राशन प्रदान किया जाएगा। राशन के भंडारण के लिए 5 गोडाउन भी स्थापित होंगे। इस पूरी परियोजना पर 43 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जाएगी।

एडीएम मेला विवेक चतुर्वेदी के अनुसार राशन कार्ड धारक को 3 किलो प्रति व्यक्ति के हिसाब से गेहूं/आटा प्रदान किया जाता है, जबकि प्रति व्यक्ति 2 किलो चावल (फोर्टिफाइड) की आपूर्ति होगी। इसी तरह 2 किलो चीनी (प्रति व्यक्ति), 2 ली. मिट्टी का तेल (प्रति राशन कार्ड) और एक डॉमेस्टिक गैस कनेक्शन प्रदान किया जाता है। डॉमेस्टिक गैस कनेक्शन को एक बार रीफिल कराने की भी सुविधा मिल सकती है।

## एटीएस, कमांडो स्क्वाड और एसटीएफ के पहरे में होगा महाकुंभ



**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रयागराज महाकुंभ जनवरी में मकर संक्रांति से शुरू हो जाएगा। बड़ी संख्या में विश्वभर की बड़ी हस्तियां और राजनयिक भी इस आयोजन में शामिल होंगे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ में सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किये जा रहे हैं। मेला क्षेत्र में जल, थल और नभ तक की सिक्योरिटी को फुलप्रुफ बनाया जा रहा है। ऐसे में स्नाइपर, एनएसजी कमांडो, कमांडो स्क्वाड, एटीएस, एसटीएफ, बीडीडीएस और स्निफर डॉग आदि को तैनात करने का फैसला लिया गया है। पूरी दुनिया से 40 करोड़ श्रद्धालुओं समेत विशिष्ट अतिथि महाकुंभ में आएंगे। इसको ध्यान में रखते हुए पूरे प्रयागराज, मेला क्षेत्र, प्रमुख स्थानों, मंदिरों और संगम पर विशेष फोर्स का तैनात किया जाएगा। कई देशों के राजनियकों को भी महाकुंभ में शामिल होना है। ऐसे में एंटी ड्रोन सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं मेला क्षेत्र में कई जगह बुलेट प्रूफ आउट पोस्ट बनायी जाएगी। यह पोस्ट मेला क्षेत्र के सभी एंट्री, एग्जिट प्वाइंट, पार्किंग स्थल, प्रमुख मंदिर समेत अन्य स्थानों पर बनायी जाएगी। इसके अलावा एनएसजी कमांडो की 2 टुकड़ियां और 26 एएस चेक (एंटी सबोटाज) टीम तैनात की जाएगी। यह टीम पूरे शहर में चेकिंग आदि करेगी। एसएसपी ने बताया कि मेला क्षेत्र में एटीएस कमांडो की 4 और एसटीएफ की 3 टुकड़ियों को तैनात किया जाएगा। इतना ही नहीं बम खोज एवं निरोधक दस्ता बीडीडीएस की 6 टीमे भी मौजूद रहेंगी। महाकुंभ मेला एसएसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा के लिए 20 स्नाइपर, 3 स्निफर डॉग, 4 स्वॉन दल को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही 30 स्पाटर्स की टीमों को भी लगाया जाएगा। इन टीमों के सदस्य पूरे शहर में तैनात रहेंगे, जो हर संदिग्ध और अराकजतत्वों पर विशेष नजर रखेंगे। वहीं 9 कमांडो स्क्वाड की टीम चप्पे-चप्पे की निगेहबानी करेगी। महाकुंभ के दौरान श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाएंगे। इसके लिए उत्तराखंड पीएसी की 2 टुकड़ियों को संगम पर तैनात किया जाएगा। दरअसल, उत्तराखंड की पीएसी की यह टुकड़ी पानी के अंदर की गतिविधियों को बारीकी से समझती है और यह काफी एक्सपर्ट भी होते हैं, इसलिए इन्हे संगम के पास तैनात किया जाएगा। इस टीम में एक डीएसपी, 4 इंस्पेक्टर, 20 सब इंस्पेक्टर, 35 हेड कांस्टेबल और 65 कांस्टेबल होंगे।

**अयोध्या में विदेशी रामलीला पर खर्च होगा एक करोड़ :** लखनऊ। राज्य सरकार ने अयोध्या धाम में आयोजित होने वाले दीपोत्सव-2024 में 28 से 30 अक्टूबर तक विदेशी रामलीलादलों व अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियों पर मानदेय के रूप में 98.90 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दी है। इसे लेकर शासनादेश जारी कर संस्कृति निदेशालय के निदेशक को निर्देश दिए गए हैं।

# विद्युत केबल में कम निकला अल्युमिनियम, मचा हड़कंप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मामला पीलीभीत का है जिसका खुलासा उपभोक्ता परिषद ने किया
- केबल के तीनों फेस कंडक्टर में 45 से 54 किलोग्राम तक अल्युमिनियम कम निकला

**अमृत विचार:** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की चार केबल कंपनियों के एलटी एरियल बंच कंडक्टर जांच में जीटीपी के विपरीत अधोमानक पाई गई हैं। केबल के तीनों फेस कंडक्टर में 45 से 54 किलोग्राम तक अल्युमिनियम कम निकली। मामला पीलीभीत का है जिसका खुलासा उपभोक्ता परिषद ने किया है।

उपभोक्ता परिषद का दावा है कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में जिन चार एरियल बंच कंडक्टर कंपनियां की एलटी केबल में कमियां पाई गईं उनकी त्रिस्तरीय क्वालिटी कंट्रोल के लिए थर्ड पार्टी एजेंसी रखी गई थी। परिषद ने सवाल उठाया है कि फिर भी घटिया क्वालिटी कैसे हुई? क्योंकि केबल में एल्युमिनियम का भार कम होने पर गर्मी के दिनों में गल कर गिरेगी और खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ेगा। उप्र. उपभोक्ता परिषद के अनुसार, केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) जिसके अंतर्गत पीलीभीत में एलटी एरियल बंच कंडक्टर की विभिन्न क्षमता की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की तरफ से एक जांच समिति गठित कर सात कंपनियों के सैंपल चेक कराए गए।

# टेंडर दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

### लखनऊ, बांदा और दिल्ली की अदालत से जारी था गैर जमानती वारंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हजरतगंज पुलिस ने पकड़ा, खुद को आईएएस और बड़े नेताओं का करीबी बता दी धमकी

**अमृत विचार :** टेंडर व खनन का पट्टा दिलाने के नाम पर बड़े कारोबारियों और ठेकेदारों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले जालसाज को हजरतगंज पुलिस ने जापलिंग रोड स्थित सूरजदीप कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ लखनऊ, बांदा और नई दिल्ली की अदालतों से गैर जमानती वारंट जारी था। गिरफ्तारी के समय आरोपी ने खुद को आईएएस और बड़े नेताओं का करीबी बताकर पुलिस को धमकी भी दी थी।

एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा के मुताबिक गिरफ्तार बटलर पैलेस स्थित शालीमार एमराल्ड अपार्टमेंट निवासी कन्हैया शर्मा एमएस स्वराज क्रांति इंफ्राटेक प्रा. लि. नाम से कंपनी चलाता है। वह खुद को आईएएस, पीसीएस अधिकारियों व बड़े नेताओं का परिचित बताते हुए लोगों को टेंडर और खनन का पट्टा दिलाने का



पुलिस की गिरफ्त में कन्हैया शर्मा।

लालच देकर मोटी रकम हड़प लेता था। काम न होने पर वह पीड़ितों को बंद बैंक खातों के चेक देकर बच जाता था। जहां दबाव अधिक होता वहां पीड़ितों को कुछ रुपये देकर बच निकलता था।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि कन्हैया के खिलाफ छह जून 2024 को बलिया के सुखपुरा निवासी रिटायर्ड सैन्य कर्मी पवन कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कन्हैया ने पवन कुमार को बलिया में स्मार्ट मीटर लगाने का टेंडर दिलाने का झांसा दिया था।

### कार्यालय में बैठाता था हमशक्ल युवक

इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी काफी शातिर हैं। उसने पुलिस और ठेकेदारों से बचने के लिए अपने कार्यालय में हमशक्ल युवक को बैठा रखा था। इसका फायदा उठाकर वह लगातार लोगों को ठग रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने आईएएस विनय वर्मा के फ्लैट पर कब्जा कर लिया था।

इसके बदले में उसने उनसे 15.49 लाख रुपये लिए थे।

आरोपी दिल्ली, मुंबई, बांदा, वाराणसी, महोबा व कानपुर में भी लोगों से ठगी कर चुका था। कन्हैया की तलाश में पुलिस कई बार लखनऊ दबिश दे चुकी थी। लखनऊ, बांदा और नई दिल्ली की कोर्ट से आरोपी का गैरजमानती वारंट भी जारी था।

## 6 हजार रोडवेज संविदा चालकों की होगी भर्ती

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सड़क परिवहन निगम के 115 डिपो में संविदा पर 6 हजार चालकों की भर्ती होने जा रही है। शैक्षिक योग्यता और मिलने वाले पारिश्रमिक तय कर दिया गया है। इच्छुक आवेदनकर्ता शैक्षिक योग्यता के आधार पर अपने जिले के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में आवेदन कर सकेंगे। प्रपत्रों की जांच के बाद ड्राइविंग टेस्ट होगा। पास होने पर सीधी भर्ती होगी। विभाग द्वारा तय अर्हता के अनुसार आवेदक की न्यूनतम उम्र 23 वर्ष 6 माह होनी चाहिए। लंबाई कम से कम 5 फीट 3 इंच होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता आठवीं पास रखी गई है। आवेदक के पास भारी वाहन चलाने का दो वर्ष पुराना ट्रांसपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए।

# लालकुआं-बान्द्रा सुपरफास्ट आज से चलेगी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- उत्तराखंड के सीएम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिखायेंगे हरी झंडी
- लालकुआं,रुदपुर सिटी,रामपुर, मथुरा,मुरादाबाद,गाजियाबाद के यात्रियों को सुविधा

**अमृत विचार:** रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की बेहतर सुविधाओं को देखते हुये लालकुआं-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस चलाने का निर्णय लिया है। नई ट्रेन का संचालन होने से लालकुआं से मुरादाबाद,मथुरा,बड़ोदरा,बोरीवली के यात्रियों का सफर आसान होगा। नई ट्रेन का संचालन लालकुआँ स्टेशन से किया जायेगा।

लालकुआं-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस का उद्घाटन 21 अक्टूबर सोमवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर लालकुआं स्टेशन से रवाना करेंगे। इस अवसर पर लालकुआं रेलवे स्टेशन पर सांसद नैनीताल उधमसिंह नगर अजय भट्ट मौजूद रहेंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि नई ट्रेन संख्या 22544/22543 लालकुआँ-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस साप्ताहिक सुपरफास्ट का नियमित संचलन लालकुआं से 21 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार को और बान्द्रा टर्मिनस से 22 अक्टूबर से प्रत्येक मंगलवार को किया जायेगा। यह ट्रेन प्रत्येक सोमवार को लालकुआं से 07.45 बजे प्रस्थान कर रुद्रपुर सिटी,रामपुर,मुरादाबाद,अमरोहा,हापुड़, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, भरतपुर, सवाई माधोपुर, कोटा,रतलाम ,दूसरे दिन वडोदरा से 03.08 बजे, सूरत से 04.55 बजे, वापी,बोरीवली से छूटकर 08.30 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 22543 बान्द्रा टर्मिनस-लालकुआँ एक्सप्रेस 22 अक्टूबर से प्रत्येक मंगलवार को बान्द्रा टर्मिनस से 11.00 बजे प्रस्थान कर बोरीवली, वापी,सूरत, वडोदरा, रतलाम, दूसरे दिन कोटा, सवाई माधोपुर,भरतपुर, मथुरा,हजरत निजामुद्दीन,गाजियाबाद,हापुड़,अमरोहा, मुरादाबाद से 11.11 बजे, रामपुर से 11.45 बजे और रुद्रपुर सिटी से छूटकर 13.15 बजे लालकुआं पहुँचेगी। इस ट्रेन में छह कोचों समेत कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## स्कूटी पर लखनऊ से अयोध्या निकले तीन छात्र दुर्घटनाग्रस्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ की रामस्वरूप यूनिवर्सिटी के तीन छात्र एक स्कूटी पर अयोध्या के लिए निकले थे। तीनों छात्र रविवार की दोपहर रौनाही थाना के जुबेर पशु बाजार फ्लाईओवर पर किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना का शिकार हो गए। अस्पताल में एक छात्र की मृत्यु हो गई अन्य दोनों छात्र को इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया दिव्यांश श्रीवास्तव (20) निवासी फतेहपुर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। जबकि आराध्या सिंह मुंशी पुलिया लखनऊ और यश वर्धन पटेल पुत्र पंकज कुमार पटेल गोला गोकरन नाथ खीरी लखीमपुर को जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख कर लखनऊ रेफर कर दिया है।

### हरियाणवी कलाकार से बलात्कार की कोशिश

**गाजियाबाद,एजेंसी :** जिले के नंद ग्राम क्षेत्र स्थित एक फ्लैट में एक हरियाणवी कलाकार से बलात्कार की कोशिश करने के आरोप में रविवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस आयुक्त अजय कुमार सिंह ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि शनिवार रात करीब एक बजे जब 20 वर्षीया हरियाणवी महिला अपने फ्लैट पर पहुंची तो वहां उसने आकाश त्यागी और एक अन्य व्यक्ति को पाया। सिंह ने बताया कि दोनों ने कथित तौर पर महिला से बलात्कार करने की कोशिश की तो उसने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। किसी तरह वह वहां से बच निकली।

## वर्ग पहेली-228

**बाएं से दाएं**

1.1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।

4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, ख़र्च करने वाला, उदार, दानशील।

5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।

8.1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

**ऊपर से नीचे**


1.1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।

2.1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।

3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।

6.1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों

7.1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।




### वर्ग पहेली -227 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 भा | षा | स | 2 म | | 3 तु |
| | | | धु | | ला |
| | | | मा | | ई |
| | 4 कु | 5 शा | स | न | |
| | | सि | | | 6 ज़े |
| 7 गुं | जि | त | | | ह |
| | | | 8 झा | ड़ | न |

# 10वीं के छात्र को पीटा श्रीराम के नारे लगवाए

संवाददाता, बिधनू (कानपुर)

- पीड़ित ने दी तहरीर, पुलिस कर रही है मामले की जांच

**अमृत विचार:** सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र स्थित एक इंटर कालेज के बाहर शुक्रवार दोपहर जय श्रीराम का नारा न लगाने पर 10वीं के अनुसूचित जाति के छात्र को आधा दर्जन से ज्यादा छात्रों ने जमकर पीटा। इसके बाद जबरन जय श्रीराम के नारे लगवाए और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। दो दिन बाद रविवार को पीड़ित छात्र परिजनों के साथ थाने पहुंचा और तहरीर दी है।

पीड़ित छात्र के अनुसार वह और उसका परिवार बौद्ध धर्म को मानता है। इसी कारण वह बड़े भाई के मोबाइल से सोशल मीडिया पर बाबा साहेब व अन्य अनुयायियों के पोस्ट डालता रहता है। जिसका विरोध करते हुए शुक्रवार दोपहर कालेज में छुट्टी होने के बाद इंटर व हाईस्कूल के आधा दर्जन से अधिक छात्र उसका रास्ता रोककर खड़े हो गए। जय श्रीराम के नारे लगाने के लिए कहा। विरोध करने पर जाति सूचक गालियां देते हुए जमकर पीटा। इसके बाद जबरन जय श्रीराम के नारे लगवाए और इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस बारे में आरोपी छात्रों ने बताया कि वह हमेशा सनातन विरोधी पोस्ट वायरल करता है। सनातन विरोध पोस्ट डालने का विरोध किया तो उसने गाली गलौज कर दी। आरोपी छात्रों ने मारपीट करने से मना किया है। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि पीड़ित व सभी आरोपी छात्र नाबालिग हैं। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बहराइच हिंसा : मानवाधिकार आयोग भी पहुंचा बुलडोजर कार्रवाई का मामला

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** बहराइच हिंसा के बाद आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई का मामला मानवाधिकार आयोग भी पहुंच गया है। हिंसा के मुख्य आरोपी समेत 30 लोगों के मकानों को अवैध बताते हुए प्रशासन बुलडोजर कार्रवाई की तैयारी में है। प्रशासन ने लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया था। रविवार को यह समय सीमा समाप्त हो गई।

इससे पूर्व तीन मुख्य आरोपियों और उनके रिश्तेदारों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है। इनमें एक मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद की बेटी रुखसार है, दूसरी एसओसीएसएम फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट दिल्ली की संस्था है,

### केवल आरोपियों के मकानों को निशाना

इस बीच, इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील डॉ. गजेंद्र सिंह यादव ने भी मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर कर घरों पर बुलडोजर चलाने पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अवैध मकानों पर हिंसा से पहले कार्रवाई क्यों नहीं की गई। हिंसा के बाद केवल आरोपियों के मकानों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसा करना मानवाधिकारों का हनन है।

### कानून में बुलडोजर कार्रवाई का प्रावधान नहीं

अयोध्या। जिले के सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने बहराइच हिंसा को लेकर की जा रही कार्रवाई को लेकर योगी सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि कानून में मौत की सजा का प्रावधान है, लेकिन बुलडोजर चलाकर मकान ध्वस्त करने का कोई प्रावधान नहीं है।

- मुख्य आरोपी की बेटी समेत तीन पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

जो इंडिया लेवल पर काम करती है। यह जानकारी हाईकोर्ट लखनऊ बेंच के वकील सैयद अकरम आजाद ने दी है। बीते शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग ने 30 घरों को अवैध निर्माण बताते हुए नोटिस चस्पा किया था। इसमें लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए 3 दिन का समय दिया गया था। अब तक इस घटना में 151 के तहत जेल भेजे गए 89 लोगों की कल स्थानीय कोर्ट में पेशी है। वह सभी लोग जेल से कोर्ट आएंगे। कोर्ट के बाहर भारी संख्या में फोर्स की तैनाती के निर्देश है।

## सुडोकू -141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | | 4 | | | 8 | |
| | | 9 | | | 2 | | | |
| 2 | | 5 | | 3 | | 7 | | |
| | 1 | | | | 3 | | 2 | 5 |
| | 2 | | | | | | 4 | |
| 3 | 5 | | 7 | | | | 6 | |
| | | 7 | | 6 | | 5 | | 9 |
| | | | 1 | | | 6 | | |
| | 6 | | | 8 | | 2 | 7 | 4 |

### सुडोकू - 140 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 3 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 | 9 | 2 |
| 7 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 22 अक्टूबर 02.29 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 06.50 तक तत्पश्चात मृगशिरा 22 अक्टूबर 05.51 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष:** आज आपको जॉब में बदलाव के अवसर मिल सकते हैं। जहां बहुत आवश्यकता न हो वहां बातें न करें। सिरदर्द संबंधी परेशानियां हो सकती है। मित्रों से आपको सहयोग प्राप्त होगा। आपके मित्र आपके कुछ अपेक्षाएं रखें, जिसे आपको पूरा करना पड़ेगा।

**वृष:** आज साझेदारी से जुड़े व्यवसाय में आपको सफलता मिल सकती है, जो काम किसी अभाव के कारण शुरू नहीं कर पा रहे थे वो आप शुरू कर लेंगे। सहकर्मियों के कार्यों में गलतियां निकालने से आपकी आलोचना हो सकती है।

**मिथुन:** आज दिन की शुरुआत में शारीरिक कष्ट की संभावना है। शत्रु आपका काम बिगाड़ने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यवसाय में अपेक्षित लाभ मिलने के आसार कम हैं। विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे।

**कर्क:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में नए संपर्क विकसित हो सकते हैं। नौकरी में आपको उच्च पद मिल सकता है। अटके हुए काम दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**सिंह:** आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। युवाओं को नए प्रेमी मिल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा।

**कन्या:** आज जमा पूंजी अनावश्यक कार्यों में खर्च हो सकती है। अपने निर्णय पर कायम रहें। दूसरों की मदद करने से पीछे न हटें। आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। परिवार में कलह का माहौल रहेगा।

**तुला:** आज गलत लोगों के साथ संबंध न रखें। धर्म-कर्म को लेकर आपके मन में अनास्था उत्पन्न हो सकती है। बच्चों के भविष्य को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। स्वास्थ्य समस्या को लेकर परेशानी होने की संभावना है। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव कम रहेगा।

**वृश्चिक:** आज कारोबार में मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। आप अपनी दिनचर्या में बदलाव कर सकते हैं। पुरुष जातकों को महिलाओं से मदद मिलेगी। सभी कार्यों में सफलता मिलने से आप उत्साहित रहेंगे। ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में नैतिकता से समझौता न करें।

**धनु:** आज तकनीक में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। रुके कार्यों में गति आने से आपको लाभ होगा। मन की उलझनें दूर होगी। विद्यार्थियों को शिक्षकों की काफी अच्छी मदद मिलेगी। आप जिस काम की काफी समय से योजना बना रहे थे उसे शुरू कर सकते हैं।

**मकर:** आज अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें अन्यथा आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं। शेयर और निवेश में सावधानी रखें। लव लाइफ में अभाव महसूस होगा। आपको महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ:** आज माता-पिता की सलाह की अवहेलना न करें। हास्य-व्यंग्य पर गंभीर प्रतिक्रिया देने से बचें। यदि आप नया काम शुरू करना चाह रहे तो आपको अपनी योजनाओं में बदलाव करना पड़ सकता है। फाइनेंस संबंधी परेशानियों को दूसरों से साझा न करें।

**मीन:** आज रचनात्मक क्षमता का कारोबार में लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। शाम के समय संतान को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहने वाली है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
राज तिलक — सुबह : 10.43
हिन्दुस्तान की कसम — रात : 07.00

&pictures
जिगरवाला नं. 1 — सुबह : 11.03
सूर्या द सोल्जर — रात : 07.30

SONY PIX
टार्जन — सुबह : 10.36
जॉन विच — रात : 09.00

ZEE CINEMA
रक्षा बंधन — सुबह : 11.48
दबंग 3 — रात : 08.00

ZEE ACTION
शिवा द सुपर हीरो 3 — सुबह : 10.58
ब्रूस ली — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया।
पुलिस वाला- रुको
औरत- मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
पुलिस वाला- अहा! इस दिन के इंतजार में तो मैं कई सालों से था, चलो अब 100 बार लिखो कि मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नहीं तोडूंगी।

सहेली- मैं तो लुट गई बर्बाद हो गई।
पिंकी- क्यों पति ने पिटाई की क्या?
सहेली- मेरे पति का ऑफिस में एक लड़की से चक्कर चल रहा है।
पिंकी- तुमको कैसे पता?
सहेली- मेरे बॉयफ्रेंड ने कल उनको एक लड़की के साथ देखा था।

# भाजपा के 99 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

## महाराष्ट्र विस चुनाव : उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से होंगे उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 20 नवंबर को होगा मतदान



भाजपा ने रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को नागपुर दक्षिण-पश्चिम और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से उम्मीदवार बनाया है।

भाजपा उम्मीदवारों की इस सूची को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की 16 अक्टूबर को हुई बैठक में अंतिम रूप दिया गया। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। पार्टी ने राज्य सरकार में मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर व पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को नांदेड़ जिले की भोकर विधानसभा सीट से टिकट दिया है। चव्हाण लोकसभा चुनाव से पहले इस साल फरवरी में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वह फिलहाल भाजपा के राज्यसभा सदस्य हैं। महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा 160 सीट पर उम्मीदवार उतार सकती है। बाकी सीटों पर उसके सहयोगी दलों शिवसेना (शिंदे गुट) और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अपने उम्मीदवार उतारेगी। केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के बेटे संतोष दानवे को भोकरदन से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि पार्टी की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार वांद्रे पश्चिम से और राज्य सरकार में मंत्री चंद्रकांत पाटिल कोथरुड से चुनाव लड़ेंगे। मुलुंड से मौजूदा विधायक मिहिर कोटेचा को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है और तीन बार के विधायक राम कदम मुंबई की घाटकोपर पश्चिम सीट से फिर से चुनाव लड़ेंगे। शेलार के भाई विनोद शेलार को भी भाजपा ने टिकट दिया है। वह मलाड पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे। सुभाष देशमुख को सोलापुर दक्षिण से और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश को कंकावली से टिकट दिया गया है।

### पहली सूची में 13 महिलाओं को दिया गया टिकट

महाराष्ट्र चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची में 13 महिलाएं हैं, जबकि अनुसूचित जनजाति से छह और अनुसूचित जाति से चार उम्मीदवार हैं। महाराष्ट्र में फिलहाल महायुति गठबंधन की सरकार है, जिसके मुखिया शिवसेना के एकनाथ शिंदे हैं। इस सत्ताधारी गठबंधन में शिवसेना के अलावा भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) है। इसमें उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और वरिष्ठ नेता शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल है। साल 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र की राजनीति बिल्कुल बदल गई है।

## एक नजर

### बंगाल की खाड़ी में 23 तक चक्रवात की आशंका

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी में 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान आने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन में कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान अंडमान सागर के ऊपर बने एक चक्रवाती परिसंचरण के क्षेत्र के सोमवार तक कम दबाव वाले क्षेत्र में परिवर्तित होने की आशंका है।

### कोचिंग में तीन की मौत पर सोमवार को सुनवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में स्थित एक कोचिंग सेंटर में जुलाई माह में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत से संबंधित मामले पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में स्थित राउज़ आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में भारी बारिश के बाद पानी भर जाने से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थी डूब गए थे। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 21 अक्टूबर की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

### असमः विषाक्त नाश्ता से करीब 200 लोग बीमार

**गोलाघाट।** असम के गोलाघाट जिले में एक मृतक व्यक्ति की याद में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान नाश्ता करने के बाद खाद्य विषाक्तता के कारण 200 लोग बीमार हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार रात को सरुपथार क्षेत्र के उरीअमघाट के पसघोरिया गांव में प्रदीप गोगोई की मां की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान हुई। एक अधिकारी के अनुसार, कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को पारंपरिक जलपान (नाश्ते के रूप में मुरमुरे और क्रीम) परोसा गया।

### बृजभूषण के खिलाफ 4 को बयान दर्ज करेगी कोर्ट

**नई दिल्ली।** अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर आपराधिक मामले में अब चार नवंबर को गवाहों के बयान दर्ज करेगी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने एक गवाह का बयान दर्ज करने के बाद, अगली कार्यवाही के लिए चार नवंबर की तारीख निर्धारित की। अदालत ने 21 मई को सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए बल प्रयोग करने के आरोप तय किए थे। भाजपा नेता ने अदालत में खुद के निर्दोष होने का दावा किया है।


## जूनियर चिकित्सकों की रैली में शामिल हुए लोग

**कोलकाता।** प. बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या की पृष्ठभूमि में राज्य सरकार से अपनी 10-सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलनरत कनिष्ठ चिकित्सकों को रविवार शाम नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों का भी साथ मिला। चिकित्सकों ने धर्मतला में आमरण अनशन स्थल पर एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर राज्य के स्वास्थ्य सचिव एन एस निगम को हटाने सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो उनका आंदोलन और तेज हो जाएगा। नागरिक समाज संगठनों के सदस्य तख्तियां लेकर, मोमबत्तियां जलाकर और महिलाओं द्वारा शंख बजाकर आंदोलनकारी चिकित्सकों के समर्थन में एकजुटता दिखाने के लिए रैली में शामिल हुए। ये आंदोलनकारी मृतक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं।

## ऑनलाइन मंचों से आईएसआई व आतंकी समूह की हो रही भर्तियां

श्रीनगर, एजेंसी

- युवकों को अत्याचारों से जुड़े वीडियो समेत बरगलाने वाली चीजें हैं दिखाते



पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और आतंकी समूह डिजिटल मंचों के जरिए जम्मू-कश्मीर में भर्ती के प्रयास तेज करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि कड़े सुरक्षा प्रबंधों के चलते प्रत्यक्ष संवाद करना मुश्किल होता जा रहा है। एक अधिकारी के अनुसार ये समूह सोशल मीडिया मंचों और एक्स (पूर्व में ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप के जरिए कम उम्र के युवाओं को बहकाने का प्रयास कर रहे हैं। पकड़े जाने से बचने के लिए वे फर्जी प्रोफाइल और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल कर रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि एक बार पहचान हो जाने के बाद इन युवकों को निजी समूहों में शामिल कर लिया जाता है, जहां उन्हें सुरक्षा बलों द्वारा किए गए अत्याचारों से जुड़े वीडियो समेत बरगलाने वाली चीजें दिखाई जाती हैं।

### इंटरनेट के माध्यम से नेटवर्क बढ़ा रहे आतंकी

अधिकारी ने कहा कि इंटरनेट के प्रसार ने सोशल मीडिया को संचार और सूचना साझा करने का आकर्षक साधन बना दिया है, जिससे आतंकवादी संगठनों को नेटवर्क बढ़ाने में मदद मिलती है। खुद को चरम राष्ट्रवादी बताने वाले कुछ व्यक्तियों की पहचान प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी सहित कट्टरपंथी समूहों से जुड़े होने के रूप में की गई है।

## झारखंड में अकेले चुनाव लड़े, तो भी इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे : राजद

रांची, एजेंसी

- सीट बंटवारे पर जताया असंतोष, राजद ने कहा कि 12 से कम सीट उसे स्वीकार्य नहीं

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर हुए समझौते पर निराशा व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रविवार को कहा कि 12 से कम सीट उसे स्वीकार्य नहीं होगा और अगर अकेले चुनावी मैदान में उतरना पड़ा, तो उस स्थिति में भी वह इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है, जिसमें कांग्रेस, राजद और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) भी घटक हैं। झामुमो और कांग्रेस ने शनिवार को घोषणा की कि दोनों दल राज्य की 81 विधानसभा सीट में से 70 पर चुनाव लड़ेंगे। राजद प्रवक्ता मनोज कुमार झा ने कहा, 12-13 सीट से कम हमें स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि राजद की 18-20 सीट पर मजबूत पकड़ है। अगर हमें तीन-चार सीट पर चुनाव लड़ने के लिए कहा जाता है, तो हम कोई त्याग करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा हम इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। झा ने कहा कि यदि पार्टी अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय भी लेती है, तो भी वह 60-62 सीट पर इंडिया गठबंधन को समर्थन देगी।

## जींद में घर में घुस किया नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जींद।** जिले के पिल्लूखेड़ा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से घर में घुसकर दुष्कर्म करने के आरोप में रविवार को महिला थाने में एक शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहित के तौर पर हुई है। पिल्लूखेड़ा थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 अक्टूबर को वह घर में अकेली थी, तभी जामनी गांव निवासी मोहित उसके घर आया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

## महिला ने कलाई की नसें काटीं देखकर पुरुष मित्र की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस को संदेह कि दिल का दौरा पड़ने से हुई है युवक की मौत

दिल्ली में कलाई काटने के बाद अस्पताल में भर्ती हुई महिला मित्र की हालत देखकर एक व्यक्ति बेहोश हो गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि उसकी मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई, लेकिन वह सटीक कारण पता लगाने के लिए और जानकारी सामने आने की प्रतीक्षा कर रही है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि साढ़े तीन बजे आनंद विहार थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन करके अस्पताल में व्यक्ति के बेहोश होने के बारे में जानकारी दी गई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस कैलाश दीपक अस्पताल पहुंची, लेकिन तब तक चिकित्सक अरुण नंदा नामक व्यक्ति को मृत घोषित कर चुके थे। पूछताछ में पता चला कि जगतपुरी निवासी अरुण की मित्र ने शाहदरा के आनंद विहार इलाके में धारदार चीज़ से नसें काट ली थीं, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला ने नसें काटने के बाद मैसेंजिंग ऐप से अरुण को वीडियो भेजा था। महिला की हालत देखकर अरुण अस्पताल में बेहोश हो गया, जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में एक ताजा घटनाक्रम में अपराध शाखा ने रविवार को नवी मुंबई से एक स्क्रैप डीलर को शूटरों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार किया। जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मूल रूप से राजस्थान के उदयपुर के रहने वाला भगवत सिंह ओम सिंह (32) के रूप में हुई है। वह वर्तमान में नवी मुंबई में रह रहा है।

## बागडोगरा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए मोदी ने रखी आधारशिला

कोलकाता, एजेंसी

- परियोजना के निर्माण कार्य पर 1,550 करोड़ रुपये होंगे खर्च

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तरी प. बंगाल में सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे का विस्तार किये जाने की आधारशिला रखी। इस पर 1,550 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं प्रधानमंत्री ने 23 परियोजनाओं का अनावरण वाराणसी से ऑनलाइन किया। अधिकारियों ने बताया कि बागडोगरा हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव में 70,390 वर्ग मीटर में टर्मिनल भवन होगा, जिसमें व्यस्त समय में 3,000 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी तथा वार्षिक क्षमता एक करोड़ यात्रियों को संभालने की होगी। नया टर्मिनल भवन पर्यावरण अनुकूल होगा, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को एकीकृत किया जाएगा तथा पारिस्थितिकी प्रभाव को कम करने के लिए प्राकृतिक प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

## विवाहित व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को जिंदा जलाया

- आंध्र प्रदेश के बडवेल में वारदात को आरोपी ने दिया अंजाम

**बडवेल (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के बडवेल में 16 वर्षीय लड़की को कथित तौर पर उसके पूर्व प्रेमी ने जलाकर मार डाला। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी व्यक्ति ने कुछ महीने पहले नाबालिग से रिश्ता तोड़ लिया था और अन्य महिला से शादी कर ली थी। उन्होंने कहा कि आरोपी जे. विग्नेश ने कडप्पा जिले के बडवेल के बाहरी इलाके में नाबालिग के ऊपर कथित तौर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। म्यदुकुरु के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने कहा, विग्नेश ने शनिवार सुबह 10 बजे नाबालिग को आग लगा दी, जिसके बाद पीड़िता को कडप्पा स्थित आरआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन रविवार को उसकी मौत हो गई।

## दूसरे राज्यों की बसों से दिल्ली में बढ़ा प्रदूषण : आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी



- कहा- दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित आनंद विहार प्रदूषण का केंद्र बना हुआ

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि आनंद विहार में प्रदूषण का बड़ा कारण दूसरे राज्यों से आने वाली बसें हैं। दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के पास स्थित उत्तर प्रदेश सरकार के बस डिपो पर प्रदूषण रोधी उपायों को लागू करने के लिए पड़ोसी राज्य के साथ मिलकर काम करेगी।

आतिशी ने पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ आनंद विहार बस डिपो पर प्रदूषण नियंत्रण उपायों का निरीक्षण करने के बाद यह टिप्पणी की। मुख्यमंत्री ने कहा दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित आनंद विहार प्रदूषण का केंद्र है, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्तर सबसे अधिक है। इस क्षेत्र में दिल्ली के बाहर से बसों का आना-जाना लगा रहता है और पास में ही कौशाम्बी बस डिपो भी है। दिल्ली में सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसें चलती हैं, जबकि कौशाम्बी बस डिपो में डीजल बसें आती हैं। हम वहां भी प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर काम करने की योजना बना रहे हैं।

### यमुना में प्रदूषण के लिए हरियाणा-उप्र जिम्मेदार

आतिशी ने यमुना में प्रदूषण के लिए हरियाणा व उत्तर प्रदेश सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा छठ के दौरान वे आगरा नहर को बंद कर देते हैं, जिससे उनका अशोधित कचरा दिल्ली की ओर चला जाता है।

### भाजपा कर रही राजनीति

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु और जल प्रदूषण के लिए भाजपा की गंदी राजनीति जिम्मेदार है। सर्दियों की शुरुआत के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब होने लगी है।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### बीएसई, एनएसई में 1 नवंबर को दिवाली मुहूर्त कारोबार

**नई दिल्ली।** प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और एनएसई एक नवंबर को दिवाली पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र आयोजित करेंगे। यह नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक होगा। शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में कहा कि सांकेतिक कारोबार सत्र शाम छह से सात बजे के बीच होगा। यह सत्र नए संवत (दिवाली से शुरू होने वाला हिंदू कैलेंडर वर्ष) की शुरुआत का भी प्रतीक है। मुहूर्त या शुभ घंटे के दौरान कारोबार से हितधारकों के लिए समृद्धि और वित्तीय वृद्धि होती है।

### त्योहारी मांग से खाद्य तेलों में तेजी, चीनी-गुड़ महंगा

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद त्योहारी मांग बरकरार रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में 620 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी रही जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं चीनी और गुड़ के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 133 रिंगिट लुढ़ककर 4317 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.36 सेंट की गिरावट के साथ 42.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

### रिलायंस इन्फ्रा की 6,000 करोड़ जुटाने की योजना

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरधारकों ने शेयरों के तरजीही निर्गम और योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) मार्ग के माध्यम से 6,000 करोड़ जुटाने की कंपनी की योजना को मंजूरी दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि दोनों प्रस्तावों को शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है, जिसमें डाक मतपत्र के माध्यम से प्रस्तावों के पक्ष में 98 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। रिलायंस इन्फ्रा के निदेशक मंडल ने 19 सितंबर को 6,000 करोड़ जुटाने की योजना को मंजूरी दी थी।

## दूसरे तिमाही के नतीजों और विदेशी निवेश से तय होगी बाजार की दिशा

### विश्लेषकों के अनुसार बाजार में देखने को मिलेगा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, एजेंसी



- भू-राजनीतिक जोखिम और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से बाजार हो सकता है प्रभावित

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है तथा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अभी तक भारतीय बाजार के प्रदर्शन में प्रमुख भूमिका निभाते रहे हैं। एचडीएफसी बैंक का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 6% की वृद्धि के साथ 17,825.91 करोड़ रुपये रहा है। बैंक का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में बढ़कर 16,820.97 करोड़ हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 15,976.11 करोड़ रुपये था।

### शीर्ष चार कंपनियों की पूंजी 81,151 करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में 81,151.31 करोड़ रुपये बढ़े हैं। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक को हुआ। एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 76,622.05 करोड़ रुपये घट गई।

## इंप्लॉयड वोलैटिलिटी : निवेश के निर्णय में मुख्य संकेतक


इंप्लॉयड वोलैटिलिटी (आईवी) एक महत्वपूर्ण वित्तीय माप है, जो विकल्पों के बाजार में अनिश्चितता और जोखिम को दर्शाती है। यह दर्शाता है कि एक संपत्ति की कीमत में भविष्य में कितनी उतार-चढ़ाव हो सकती है, जो निवेशकों के लिए निर्णय लेने में सहायक होती है। उच्च आईवी का मतलब है कि विकल्पों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जबकि कम आईवी अधिक स्थिरता को दर्शाती है। इस लेख में, हम आईवी के लाभों, इसके प्रभावों और निवेशकों के लिए जोखिम प्रबंधन की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

### इंप्लॉयड वोलैटिलिटी क्या है?

इंप्लॉयड वोलैटिलिटी (आईवी) एक संकेतक है जो विशेष रूप से विकल्पों (ऑप्शन) के बाजार में उपयोग होता है।लिए रणनीतियां विकसित करने में मदद कर सकती है। जब आप किसी विकल्प (कॉल या पुट) को खरीदते हैं, तो उसकी कीमत में एक प्रमुख घटक होता है जो आईवी के रूप में जाना जाता है। अधिक आईवी का मतलब है कि बाजार में अधिक अनिश्चितता है, और इसकी वजह से विकल्प की कीमत अधिक हो जाती है।

### निवेशक ऐसे ले सकते हैं लाभ

- **अनुमान लगाने की क्षमता :** आईवी से निवेशक अनुमान लगा सकते हैं कि संपत्ति में कितनी तेजी या मंदी आई। इससे वे बेहतर निर्णय ले सकते हैं।
- **विकल्पों का मूल्य निर्धारण :** जब आईवी अधिक होती है, तो विकल्पों के प्रीमियम बढ़ते हैं। आप सही अनुमान से उच्च प्रीमियम से लाभ ले सकते हैं।
- **जोखिम प्रबंधन :** आईवी से निवेशक अपने पोर्टफोलियो में संभावित जोखिमों को पहचान सकते हैं और उनके अनुसार रणनीतियां बना सकते हैं।
- **बाजार की भावना :** आईवी न केवल अनिश्चितता का माप है, बल्कि यह बाजार की भावना को दर्शाता है।




जोखिम

- **सही समय चुनें :** आईवी का आकलन कर बाजार के अनुसार सही समय का चुनें। आईवी बढ़ रही है, तो लाभ के लिए सही समय हो सकता है।
- **विकल्प : स्ट्रैडल–** जब उम्मीद करते हैं कि बड़ी उतार-चढ़ाव आएगी, लेकिन नहीं जानते कि दिशा क्या होगी। **स्ट्रैंगल–** जब एक ही समय में कॉल और पुट विकल्प खरीदते हैं, लेकिन अलग-अलग स्ट्राइक कीमतों पर। **स्प्रेड–** जब आप एक विकल्प खरीदते हैं और दूसरा बेचते हैं, ताकि जोखिम को सीमित किया जा सके।

## ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या 9.07% बढ़कर हुई 18.53 लाख

नई दिल्ली, एजेंसी



- श्रम मंत्रालय ने कहा- अगस्त में 9.30 लाख नए सदस्य जोड़े गए

सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के नए सदस्यों की संख्या अगस्त में सालाना आधार पर 9.07% बढ़कर 18.53 लाख हो गई है। रविवार को श्रम मंत्रालय ने कहा गया है कि ईपीएफओ ने अगस्त 2024 में 9.30 लाख नए सदस्यों को जोड़ा, जो अगस्त, 2023 से 0.48% की वृद्धि है। इसमें कहा गया है कि नए सदस्यों में यह उछाल रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल पहुंच कार्यक्रमों के कारण है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा जारी अगस्त, 2024 के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2024 में 18.53 लाख सदस्यों की शुद्ध वृद्धि हुई, जो सालाना 9.07% की वृद्धि है। आंकड़ों का एक उल्लेखनीय पहलू 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है, जो अगस्त, 2024 में कुल नए सदस्य जुड़ने का 59.26% है। अगस्त, 2024 के लिए 18-25 आयु वर्ग के लिए शुद्ध पेरोल डेटा 8.06 लाख था।

## सौर उपकरण आयात 2030 तक 30 अरब डॉलर होने का अनुमान : जीटीआरआई

- ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य को पूरा करने में निर्यात बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** भारत का सौर उपकरण आयात 2030 बढ़कर सालाना 30 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के देश के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह निर्यात बढ़ेगा। इस दौरान चीन पर निर्भरता भी बढ़ेगी। भारत में आत्मनिर्भर सौर विनिर्माण उद्योग विकसित करने के लिए पॉलीसिलिकॉन और वेफर उत्पादन में निवेश करना होगा। इसके बिना भारत को उच्च आयात लागत का सामना करना पड़ सकता है और नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

## सरकारी बैंकों में मुख्य महाप्रबंधकों के पद बढ़ाने पर विचार कर रहा वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में चार महाप्रबंधकों पर होंगे मुख्य महाप्रबंधक

वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के बढ़ते कारोबार और लाभप्रदता पर उनमें मुख्य महाप्रबंधकों के पदों को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। मौजूदा निर्देशों के अनुसार, पीएसबी में चार महाप्रबंधकों के लिए मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) हो सकता है।

सूत्रों ने बताया कि ये निर्देश 2019 में जारी हुए थे और तब से कोविड-19 के बावजूद पीएसबी के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। पीएसबी ने रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया है। वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वृद्धि के अगले स्तर को प्राप्त करने के लिए सीजीएम पदों की समीक्षा कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दिशा-निर्देशों में ढील देने का फैसला गहन जांच और उनके कारोबार को आगे बढ़ाने की जरूरत पर विचार करने के बाद लिया जाएगा। सीजीएम पद 2019 में 10 राष्ट्रीयकृत बैंकों के चार बड़े बैंकों में विलय के बाद बनाया गया था। सीजीएम महाप्रबंधक और कार्यकारी निदेशक के बीच प्रशासनिक और कार्यात्मक संपर्क के रूप में कार्य करते हैं। बैंकों ने वित्तीय सेवा विभाग से यह भी अनुरोध किया है कि निदेशक मंडल को उनकी व्यावसायिक जरूरतों के अनुसार पदों की संख्या तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

## मिड व स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड में 30,342 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान मिड-कैप (मझोली कंपनियों में निवेश करने वाले एमएफ) और स्मॉल-कैप (छोटी कंपनियों में निवेश करने वाले) म्यूचुअल फंड योजनाओं के प्रति निवेशकों ने जबर्दस्त उत्साह दिखाया है। इन योजनाओं में 30,342 करोड़ का निवेश आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इन योजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिला है, जिससे इनके प्रति उनका आकर्षण बना हुआ है। पिछले साल समान अवधि में मिड-कैप और स्मॉल-कैप कोषों में प्रवाह 32,924 करोड़ रहा था। सेबी स्मॉल और मिड-कैप में ऊंचे प्रवाह पर चिंता जता चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशक उच्च रिटर्न देने की क्षमता के कारण स्मॉलऔर मिड-कैप म्यूचुअल फंड में निवेश जारी रखेंगे।

# आर्यन के शतक व रिंकू की बेहतर पारी के बावजूद यूपी मुश्किल में


शतक का जश्न मनाते यूपी के आर्यन जुयाल।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रणजी मैच- तीसरा दिन**

- **हरियाणा की पहली पारी में बने 453 रन के जवाब में यूपी ने 6 विकेट खोकर बनाए 267 रन**

**अमृत विचार :** कप्तान आर्यन जुयाल (118 रन) के नाबाद शतक और रिंकू सिंह (89 रन) के धमाकेदार अर्धशतक के बावजूद यूपी की राह आसान नजर नहीं आ रही है। हरियाणा के पहली पारी में 453 रन के जवाब में रणजी के तीसरे दिन यूपी ने पहली पारी में 6 विकेट खोकर 267 रन बना लिए हैं। कप्तान आर्यन जुयाल के साथ शिवम शर्मा विकेट पर मौजूद हैं। पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल करने का लक्ष्य यूपी के लिए मुश्किल लग रहा है। इससे पहले यूपी को बंगाल के खिलाफ भी एक अंक ही मिला था ,जबकि पहली पारी में बढ़त के आधार पर बंगाल को 3 अंक मिले थे। एआर जयपुरिया स्कूल प्रांगण स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड में हरियाणा ने 9 विकेट पर 431 रन से आगे का खेल शुरू किया। 453 रन पर हरियाणा का आखिरी विकेट गिर गया। युजवेंद्र चहल 48 रनों के योग पर शिवेंद्र शर्मा का शिकार बने। यूपी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 31 रन के योग पर पहला झटका लगा, जब स्वास्तिक चिकारा (21 रन) आउट हो गए। हरियाणा के तेज गेंदबाज अमन कुमार की गेंद पर वह धीरू सिंह को कैच थमा बैठे। प्रियम गर्ग (3) भी हर्षल की गेंद पर हुड्डा को कैच दे बैठे। सिद्धार्थ यादव (6) भी सस्ते में निपट गए। 43 रन पर टीम के तीन विकेट हो गये। इसके बाद रिंकू सिंह ने आर्यन के साथ पारी को संभाला और टीम का स्कोर 205 रनों तक ले गए। हरियाणा के जयंत यादव ने रिंकू सिंह को 89 रन पर आउट किया। रिंकू ने 110 गेंदों पर 10 चौके और तीन छक्के जड़े। रिंकू के आउट होते ही यूपी की पारी लड़खड़ा गई। 5 रन बनाकर नितीश राणा और 2 रन बनाकर सौरभ पवेलियन लौट गये। 13 चौके और एक छक्के की मदद से 118 रन बनाने वाले आर्यन नाबाद हैं। हरियाणा की ओर से हर्षल पटेल, अमन कुमार और जयंत यादव ने दो-दो विकेट लिए।

# भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराया

जोहोर बाहरू (मलेशिया), एजेंसी

**सुल्तान जोहोर कप**



दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के दो-दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा। मोहम्मद कोनैन दाद (सातवें मिनट) ने भारत का खाता खोला। इसके बाद दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) ने गोल किये। इसके अलावा मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने भी भारत की तरफ से गोल किया।

ब्रिटेन की तरफ से रोरी पेनरोज़ (दूसरे, 15वें मिनट) और माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने दो-दो गोल करके मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत ने शनिवार को जापान को हराया था। उसने अपनी वही लय बनाए रखी। लेकिन वह ब्रिटेन था जिसने पहला गोल किया। खेल के दूसरे मिनट में ही पेनरोज ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। भारत ने इसके कुछ देर बाद ही दाद के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गोल से बराबरी कर ली। ब्रिटेन ने 15वें मिनट में फिर से बढ़त ली जब पेनरोज़ ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत ने दूसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया और लगातार तीन गोल किए।

## खेल डायरी

### नागल बासेल में हारे, बोल्लिपल्ली-खाडे ने अल्माटी में एटीपी 250 स्तर का पहला खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारत के सुमित नागल बासेल में स्विस इंडोर्स में क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हार गये, जबकि ऋत्विक चौधरी बोल्लिपल्ली और अर्जुन खाड़े की जोड़ी ने रविवार को अल्माटी ओपन पुरुष युगल खिताब जीता। ओलंपियन और भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल बासेल में क्वालीफायर में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ के खिलाफ 6-4, 7-6(2) से हार गए। अल्माटी में हालांकि बोल्लिपल्ली और खाडे के लिए यह एक स्वपनिल पल था।



भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 41 मिनट तक चले मुकाबले में कोलंबिया के निकोलस बैरिएंटोस और ट्यूनीसिया के स्कैंडर मंसूरी को जोड़ी को हराकर एटीपी 250 स्तर का अपना पहला खिताब जीता।

### क्लब विश्व कप खेलेंगे लियोनेल मेस्सी



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी अगले साल क्लब विश्व कप खेलेंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो ने शनिवार की रात घोषणा की कि इंटर मियामी इस टूर्नामेंट में खेलेगा। मेस्सी की अपार लोकप्रियता को देखते हुए इस घोषणा की अपेक्षा भी की जा रही थी। हर चार साल में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में फीफा के छह फुटबॉल परिसंघों की 32 टीमें भाग लेती हैं। इंटर मियामी 15 जून 2025 को मियामी गार्डन्स से पहला मैच खेलेगी। टूर्नामेंट का फाइनल 13 जुलाई को न्यूजर्सी में होगा। क्लब विश्व कप में यूरोप की भी 12 टीमें होंगी।

### सबसे अमीर मैराथन की मेजबानी करेगा श्रीनगर

**तीरंदाजी :** फुगे विश्व कप फाइनल में पदक से चूके, ज्योति क्वार्टर फाइनल से बाहर टिलेक्सकला (मैक्सिको), 20 अक्टूबर (भाषा) उदीयमान सितारे प्रथमेश फुगे तीरंदाजी विश्व कप कंपाउंड सेमीफाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में मौजूदा चैम्पियन मथियास फुलेर्टन से हारकर पदक से चूक गए। रोमांचक मुकाबले में दोनों तीरंदाजों ने पांचों दौर में परफेक्ट 10 स्कोर किया और एक अंक भी नहीं गंवाया। स्कोर 150-150 रहने के बाद शूटआफ से विजेता का फैसला हुआ। शूटआफ में भी स्कोर 10-10 से बराबर रहा। इसके बाद डेनमार्क के तीरंदाज ने मामूली अंतर से फुगे को हराया। फुगे अगर जीत जाते तो पदक पक्का हो जाता ।कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में वह विश्व चैम्पियन माइक शोलेसेर से 150-146 से हार गए। वहीं पूर्व विश्व कप पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम महिला कंपाउंड वर्ग में क्वार्टर फाइनल में एस्तोनिया की मीरी मारिता पास से 145-147 से हार गई। रिकर्व वर्ग में दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मादेवरा उतरेंगे।

### जोकोविच ने नडाल को, सिनेर ने अल्काराज को हराया

**रियाद।** इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6-7, 6-3, 6-3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैम्पियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में रफेल नडाल को 6-2, 7-6 से हराया। नडाल अपने कैरियर में आखिरी बार यह चैम्पियनशिप खेल रहे थे। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिये खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे। इस नुमाइशी टूर्नामेंट के पिछले दौर में अल्काराज ने नडाल



और सिनेर के अलावा जोकोविच को भी हराया था। इस टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि मिलती है लेकिन एटीपी अंक नहीं।

# न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद जीता टेस्ट

## तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने आठ विकेट से मैच जीतकर ली 1-0 की बढ़त

- **विल यंग और रचिन रविंद्र ने तीसरे विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी की**

बेंगलुरु, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के स्पेल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन रविवार को किसी नए बदलाव की भारत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था।

जीत के लिए 107 रन का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरुआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती। विल यंग 48 रन और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की साझेदारी कर टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढत दिला दी। पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। उसे अब पुणे में 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में स्वाभाविक खेल दिखाना होगा। गले की जकड़न से उबरने के बाद शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में वापसी तय है लेकिन पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 150 रन बनाने वाले सरफराज खान को अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत को देखना होगा कि तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है या तीन स्पिनर उतारने है। यह फैसला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर कारगर साबित नहीं हुआ। आखिरी दिन गीली आउटफील्ड से मैच एक घंटा विलंब से 10 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। नई गेंद पर बुमराह ने 29 रन देकर दो विकेट लिए। टॉम लाथम खाता खोले बिना पहले ही ओवर में पगबाधा आउट हो गए। भारत को तीसरे तेज गेंदबाज की कमी महसूस हुई होगी क्योंकि विकेट से बुमराह और सिराज को मदद मिल रही थी। भारत ने तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को उतारा था, जिन्होंने 3 ओवर में 26 रन दिए। डेवोन कोंवे भी बुमराह के सामने असहज थे और 17 रन पर पगबाधा हुए। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय दो विकेट पर 35 रन था लेकिन यंग और रविंद्र ने संभलकर खेला और दोनों ने ढीली गेंदों को नसीहत दी। पहली पारी में शतक जमाने वाले रविंद्र ने कुलदीप को छक्का भी लगाया।


बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच जीतने के बाद जश्न मनाते न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और विल यंग। ● एजेंसी

### 36 साल बाद टेस्ट जीतने का एहसास है खास : लाथम

बेंगलुरु। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने टीम को याद दिलाया कि पहला मैच जीतने के बाद जश्न के बीच दूसरे टेस्ट पर ध्यान ना भटकने दे, क्योंकि भारत के पास जवाबी हमला करने की ताकत है। न्यूजीलैंड को 24 अक्टूबर से पुणे में शुरू होने वाले दूसरे मैच की तैयारी करनी होगी। न्यूजीलैंड की यह भारत में सिर्फ तीसरी टेस्ट जीत है। टीम को इस प्रारूप की तीसरी जीत के लिए 36 साल का इंतजार करना पड़ा। लाथम ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि 36 साल बाद हमने यहां जीत हासिल की है। इस स्थिति में होना वास्तव में विशेष एहसास है। यह टीम के लिए गर्व का क्षण है और हम इसका जश्न मनाएंगे।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी: 46 रन**

**न्यूजीलैंड पहली पारी: 402**

**भारत दूसरी पारी: 462**

**न्यूजीलैंड दूसरी पारी: 110/2** (27.4 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो बुमराह | 0 | 06 | 0/0 |
| डेवोन कोंवे पगबाधा बो बुमराह | 17 | 39 | 3/0 |
| विल यंग नाबाद | 48 | 76 | 6/1 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 39 | 46 | 6/0 |

**अतिरिक्त :** 6, **विकेट पतन :** 1 .0, 2 .35 **गेंदबाजी :** बुमराह 8-1-29-2 सिराज 7-3-16-0 जडेजा 7.4-1-28-0 कुलदीप 3-0-26-0 अश्विन 2-0-6-0

### हारकर भी डब्ल्यूटीसी सूची में शीर्ष पर भारत

**दुबई।** न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। भारत का प्रतिशत गिरकर 68.06 हो गया है और अब उसे आगामी दो टेस्ट तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। तालिका में आस्ट्रेलिया 62.50 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्रीलंका 55.56 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड इस जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है। न्यूजीलैंड टीम नवंबर और दिसंबर में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करेगी और शीर्ष दो में पहुंच सकती है।

## हम एक मैच के आधार पर अपनी मानसिकता नहीं बदलते : रोहित



**बेंगलुरु।** कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि भारत सिर्फ एक हार के बाद टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना आक्रामक रवैया नहीं बदलेगा। रोहित ने मैच के बाद कहा कि हम एक मैच या एक श्रृंखला के आधार पर अपनी मानसिकता नहीं बदलते हैं। भारत ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में इसी तरह का रवैया दिखाया और बारिश से दो दिन से अधिक समय गंवाने के बावजूद टीम ने जीत दर्ज की। यह कोशिश जारी रखने के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम को यह संदेश देने के बारे में है कि हम दबाव में या मैच में पिछड़ नहीं रहे हैं। जब आप वास्तव में पीछे होते हैं, तो आप असाधारण चीजें करने की कोशिश करते हैं और बिना डर के खेलना चाहते हैं। हम ने हाल के कुछ मैचों में जैसा प्रदर्शन किया है उससे पता चलता है कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं और यह इसी तरह होने वाला है। हमने यहां (बेंगलुरु में) भी बेखौफ क्रिकेट खेला।

### एशियाई क्रॉस कंट्री में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**हांगकांग।** भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 11 पदक जीते। भारत ने सभी चार टीम श्रेणियों पुरुष, महिला और पुरुष अंडर-20 और महिला अंडर-20 में स्वर्ण पदक जीते। भारत ने जहां पुरुषों की व्यक्तिगत 10 किमी स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया वहीं भारतीय महिला एथलीटों ने व्यक्तिगत 10 किमी दौड़ में स्वर्ण और रजत पदक जीता, लेकिन वह कांस्य पदक से चूक गईं। एशियाई खेलों के पदक विजेता और 5,000 मीटर और 10,000 मीटर ट्रैक स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह पुरुषों की 10 किमी दौड़ में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 32:43 मिनट में यह दौड़ पूरी करके स्वर्ण पदक हासिल किया। अभिषेक पाल 32:49 मिनट के समय के साथ दूसरे जबकि अरुण राठौड़ 32:51 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के ही कार्तिक कुमार ने चौथा स्थान हासिल किया।

## जर्मनी के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए वरुण की भारतीय हॉकी टीम में वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी



जर्मनी के खिलाफ 23-24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए डिफेंडर वरूण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है। जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप से वरुण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में नहीं थे। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरुण को टीम में लिया गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम को मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं। इस श्रृंखला से राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे पदार्पण करेंगे। गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक व सूरज करकेरा होंगे जबकि डिफेंस की कमान हरमनप्रीत के साथ जरमनप्रीत, अमित रोहिदास, वरुण और संजय संभालेंगे। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहीन मौसीन और राजिंदर सिंह होंगे।

## एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर को भारतीय अंडर 17 टीम का चयन

नई दिल्ली, एजेंसी

- **थाईलैंड में होने वाले कप के लिए 23 सदस्यीय टीम का ऐलान**

भारत की अंडर 17 पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इशफाक अहमद ने रविवार को थाईलैंड में 23 से 27 अक्टूबर तक होने वाले एएफसी अंडर 17 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत ग्रुप डी में है, जिसमें उसका सामना ब्रूनेइ दारूस्सलाम, तुर्कमेनिस्तान और थाईलैंड से होगा। एएफसी अंडर 17 एशियाई कप 2025 सउदी अरब में खेला जाएगा। **भारतीय टीम:** गोलकीपर- ए सूरज सिंह, रोहित, नंदन रॉय डिफेंडर- करीश सोराम, कैफ, सी रेनिन सिंह, बी सुमित शर्मा, टी उशाम सिंह, येइफारेम्बा चिंगखाम, जोड्रिक अबरांचेस मिडफील्डर- अब्दुल साल्हा शीरगोजरी, ए सैमसन, के अजलान शाह, लेविस जांगमिनलुन, सामी, मनभाकुपर मालजियांग, अरबाश, एन रिषि सिंह, विशाल यादव, एन माटे फॉरवर्ड- भरत लाइरेंजाम, प्रेम हंसदाक, एच लुंकिम।

## बॉलीवुड हलचल

### हिंदी में डब होगी तमन्ना की फिल्म ओडेला 2



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की तेलुगु भाषा में बन रही फिल्म ओडेला 2, हिंदी में भी डब कर रिलीज की जा सकती है। तमन्ना भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय करती हैं। तमन्ना इन दिनों फिल्म ओडेला 2 को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में तमन्ना बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली है। वह इस फिल्म में शिवशक्ति नामक एक नागा साध्वी का किरदार निभाती नजर आयेंगी। चर्चा है कि ओडेला 2 को हिंदी में भी डब किया जाएगा। इस फिल्म को मूल भाषा तेलुगु के साथ-साथ पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, मुरली शर्मा, वशिष्ठ सिम्हा और अन्य कई कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्माण संपत नंदी द्वारा किया जा रहा है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। तमन्ना भाटिया हाल ही में रिलीज़ हुई ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी, फिल्म स्त्री 2 में स्पेशल डांस नंबर आज की रात में नजर आयीं थी।

### रॉकस्टार गर्ल नरगिस हुईं 45 वर्ष की



मुंबई। बॉलीवुड की रॉकस्टार गर्ल नरगिस फाखरी आज 45 वर्ष की हो गयी। नरगिस फाखरी का जन्म 20 अक्टूबर 1979 को क्वीन्स, न्यूयॉर्क में हुआ था। नरगिस की मां मैरी फाखरी क्रिश्चियन थीं, जबकि पिता मोहम्मद फखरी पाकिस्तानी थे। जब नरगिस छह साल की थी तो उनके माता-पिता का तलाक हो गया था। कुछ साल बाद उनके पिता की मृत्यु हो गई। नरगिस ने करियर की शुरुआत 16 साल की उम्र में मॉडल के रूप में की थी। उन्होंने अमेरिका के नेक्स्ट टॉप मॉडल (2004) में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में पेशेवर रूप से मॉडलिंग की। उन्होंने कई मॉडलिंग एजेंसी के साथ ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, स्विटजरलैंड, थाईलैंड, हॉन्गकॉन्ग, जर्मनी और ब्रिटेन आदि देशों में काम किया। 2009 के दौरान नरगिस किंगफिशर की कैलेंडर गर्ल बनीं, जिससे उनके लिए बॉलीवुड का रास्ता खुल गया। किंगफिशर के कैलेंडर में नरगिस को देखकर इम्तियाज अली ने उन्हें फिल्म रॉकस्टार ऑफर की। 2011 में प्रदर्शित इस फिल्म में रणबीर कपूर और नरगिस की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।इसके बाद उन्होंने मद्रास कैफे, मैं तेरा हीरो, अजहर ,अमावस , तोरबाज जैसी कुछ फिल्मों में काम किया। नरगिस ने फिल्म स्पाय के जरिये हॉलीवुड डेब्यू भी किया। नरगिस इन दिनों हाउसफुल 5 की शूटिंग में बिजी हैं।

### डीडीएलजे के 29 साल पूरे, काजोल ने दी करवाचौथ की बधाई

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनेत्री काजोल की ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) के प्रदर्शन के 29 साल पूरे हो गये हैं। यश चोपड़ा निर्मित और आदित्य चोपड़ा निर्देशित फिल्म दिलवाले दुल्हनियां ले जायेगें, 20 अक्टूबर 1995 को प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में शाहरूख खान, काजोल, अमरीशपुरी, अनुपम खेर ने मुख्य भूमिका निभायी थी। काजोल ने फिल्म डीडीएलजे के 29 साल पूरे होने की प्रशंसकों को एक साथ खास अंदाज में बधाई दी। काजोल ने इंस्टाग्राम पर डीडीएलजे का एक पोस्ट साझा कर कैप्शन में लिखा करवा चौथ के ओजी (ओरिजनल) को 29 साल... सभी को करवा चौथ की शुभकामनाएं... शायद मराठा मंदिर जाकर फिल्म देखें। डीडीएलजे के 29साल पूरे।



**ओलंपिक के फाइनल पर भाला फेंक स्टार बोले- प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी**

# वह दिन नदीम का था : नीरज चोपड़ा

लखनऊ, एजेंसी

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से चूकने वाले भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि उनके प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी, लेकिन वह दिन पाकिस्तान के अरशद नदीम का था जो उन्हें पछाड़कर चैंपियन बना। चोपड़ा ने आठ अगस्त को हुए फाइनल में 89.45 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता, लेकिन नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए पहले ही प्रयास में 92.97 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी बने।




चोपड़ा ने कहा कि कुछ भी गलत नहीं था, सब कुछ सही था। थ्रो भी अच्छा था। ओलंपिक में रजत प्राप्त करना भी कोई छोटी चीज़ नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि प्रतियोगिता अच्छी थी और स्वर्ण पदक उसी ने जीता है जिसका वह दिन था। वह नदीम का दिन था। चोपड़ा ने इस धारणा को खारिज किया कि हॉकी और क्रिकेट के बाद भाला फेंक भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता का गवाह बनने वाला नया खेल बन गया है। उन्होंने कहा कि भाला फेंकने में कोई दो टीमें नहीं हैं, लेकिन विभिन्न देशों के 12 एथलीट हैं जो एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। मैं 2016 से भाला फेंक में नदीम के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा हूं और यह पहली बार है कि नदीम ने जीत हासिल की है। नदीम के बारे में पूछने पर चोपड़ा ने कहा कि नदीम अच्छा इंसान है, अच्छे तरीके से बोलता है, सम्मान करता है, इसलिए मुझे अच्छा लगता है। भाला फेंक में शुरुआत के बारे में उन्होंने कहा कि वह एक अप्रत्याशित पल था, जब मैंने इसकी शुरुआत की। मुझे इसके बारे में कुछ भी नहीं पता था। जब मैं मैदान पर गया, उस समय, यह निर्णय लिया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### भीड़ की गोलीबारी में तीन की मौत, 8 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में एक फुटबॉल खेल में हाईस्कूल के पूर्व छात्रों की टीम की जीत का जश्न मना रही सैकड़ों लोगों की भीड़ पर हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शनिवार सुबह दो लोगों ने फुटबॉल खेल में जीत का जश्न मना रहे कई सौ लोगों की भीड़ पर खेल खत्म होने के कुछ घंटों बाद आउटडोर कोर्ट पर गोलियां चला दीं। गोलीबारी लेक्सिंगटन शहर से कई किलोमीटर दूर हुई। स्थानीय शेरिफ के अनुसार, भीड़ में 200 से 300 लोग थे, जो गोलियों की आवाज सुनकर तितर-बितर होने लगे। मृतकों में से दो की उम्र 19 साल और तीसरे की उम्र 25 साल है।

### जॉर्जिया के सैपेलो द्वीप में सात लोगों की मौत

**अमेरिका।** अमेरिकी राज्य जॉर्जिया के सैपेलो द्वीप में नौका घाट (डॉक) का एक हिस्सा ढह जाने से शनिवार को कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी इसे संचालित करने वाली सरकारी एजेंसी के प्रवक्ता ने दी। जॉर्जिया के प्राकृतिक संसाधन विभाग के प्रवक्ता टायलर जोन्स ने बताया कि कई लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। जोन्स ने कहा कि अमेरिकी तट रक्षक बल, मैकिन्टोश काउंटी का अग्निशमन विभाग, जॉर्जिया का प्राकृतिक संसाधन विभाग और अन्य विभाग के कर्मचार पानी में अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### दुर्ग में अंधविश्वास के चलते पोते ने की दादी की हत्या

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में अंध विश्वास कम होने का नाम नही ले रहा है अंधविश्वास के चलते एक और जान चली गयी। दुर्ग जिले में शनिवार शाम को नंदिनी थाना क्षेत्र के नंदकट्टी गांव में एक पोते ने अपनी 77 वर्षीय दादी की त्रिशूल से हत्या कर दी और फिर नजदीक के शिवलिंग पर उसका खून चढ़ा दिया और जब खून कम पड़ा तो उसने स्वयं को भी घायल कर अपना खून चढ़ाने लगा। घटना की सूचना मिलते ही नंदिनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले कर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी से पूछताछ करने पर यह पता चला है कि पूरा मामला अंधविश्वास से जुड़ा हुआ है। आरोपी खुद को शिव भक्त बताता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अधिक निवेश आय के बहाने ठगी, दो लोग गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश पर अधिक आय के बहाने लोगों को ठगने के आरोप में एक बैंक कर्मचारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान जयपुर के मूल निवासी कनिष्क विजयवर्गीय और राम अवतार के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि शेयर बाजार में निवेश पर अधिक आय के बहाने 23 जुलाई को उससे 24.60 लाख रुपये की ठगी की गई। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई।

## हाफ मैराथन...



वेदांता ग्रुप की ओर से दिल्ली में हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने भी भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों में उत्साह चरम पर देखा गया। एजेंसी

## पाकिस्तान में विवादास्पद संवैधानिक संशोधन विधेयक को मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान कैबिनेट ने रविवार को गठबंधन सहयोगियों से आम सहमति लेने के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में एक बैठक के दौरान विवादास्पद 26वें संवैधानिक संशोधन के प्रस्तावित मसौदे को मंजूरी दे दी। गठबंधन सरकार रविवार को सीनेट और नेशनल असेंबली में प्रस्तावित न्यायिक सुधार विधेयक पेश करने के लिए तैयार है। डॉन न्यूज ने प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के हवाले से कहा, संघीय कैबिनेट ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी समेत सरकार और इसके गठबंधन सहयोगियों के 26वें संवैधानिक संशोधन के प्रस्तावित मसौदे को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक से पहले प्रधानमंत्री शहबाज ने प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन पर विस्तृत चर्चा के लिए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की।

## नेपाल की धरती पर चीन विरोधी गतिविधियां नहीं होने दी जाएंगी

- प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की टिप्पणी

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को कहा कि देश में चीन विरोधी गतिविधियां नहीं होने दी जाएंगी और यह एक चीन नीति का समर्थन करता है। ओली ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य चेन जिनिंग के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में यह टिप्पणी की।

यह बैठक काठमांडू के बालूवातार में उनके आधिकारिक आवास पर हुई। एक चीन नीति के प्रति नेपाल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए ओली ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि नेपाल की सीमा में कोई भी चीन विरोधी गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। चीन का दावा है कि अलग हुआ देश ताइवान उसका हिस्सा है और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले सभी देशों के लिए एक चीन नीति का पालन करना अनिवार्य है।



### चीन से निरंतर समर्थन की आशा व्यक्त की

ओली ने नेपाल के आर्थिक विकास के लिए चीन से निरंतर समर्थन की आशा भी व्यक्त की। प्रधानमंत्री के अनुसार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी पार्टियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के बारे में भी बातचीत हुई।

## यूक्रेन ने दागे 100 से ज्यादा ड्रोन, रूस ने भी किया पलटवार

**कीव।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने रविवार को देश के पश्चिमी क्षेत्र में 100 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। दूसरी ओर यूक्रेन के क्रीवी रिह शहर में एक बैलिस्टिक मिसाइल हमले में 17 लोग घायल गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बीती रात रूस के सात क्षेत्रों की ओर भेजे गए 110 ड्रोन को मार गिराया गया। अधिकतर ड्रोन ने रूस के सीमा क्षेत्र कुर्क्स को निशाना बनाया, जहां 43 ड्रोन मार गिराए जाने की सूचना मिली है। सोशल मीडिया पर सामने आई वीडियो फुटेज में निजनी नोवगोरोड क्षेत्र के डेजरजिन्स्क शहर के ऊपर वायु रक्षा बल ड्रोनों के तबाह करते हुए दिख रहे हैं। स्थानीय गवर्नर ग्लेब निकितिन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि डेजरजिन्स्क औद्योगिक क्षेत्र पर ड्रोन हमले को विफल करते हुए चार लड़ाके घायल हो गए।

# मेरी हत्या की कोशिश ईरान की बड़ी गलती

## प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा- इजराइल पर हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के एजेंट ने उनकी और उनकी पत्नी की हत्या करने की कोशिश करके एक बड़ी गलती की है। उन्होंने लेबनान से ड्रोन हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उसका लक्ष्य उत्तरी शहर कैसरिया में उनके निजी आवास को निशाना बनाना था।

बाद में ड्रोन ने शहर के एक अन्य घर को निशाना बनाया, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी अपने निजी आवास में नहीं थे। नेतन्याहू ने बयान में कहा यह मुझे और इजराइल को पीढ़ियों तक हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे दुश्मनों के खिलाफ लड़ाई जारी रखने से नहीं रोक सकेगा। उन्होंने कहा, मैं ईरानियों और उनके सहयोगियों से कहता हूं कि जो कोई भी इजराइल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हम आपके आतंकवादियों को खत्म करना जारी रखेंगे, गाजा से हमारे अपहृत लोगों को वापस लाएंगे और उत्तरी क्षेत्र के निवासियों को उनके घर वापस लाएंगे। नेतन्याहू ने कहा, हम स्वयं द्वारा निर्धारित सभी युद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और पीढ़ियों के लिए हमारे क्षेत्र में सुरक्षा वास्तविकता को बदल देंगे। वहीं, इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष की शुरुआत के बाद से लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 2,448 तक पहुंच गई है, जबकि 11,471 लोग घायल हुए हैं। शनिवार एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। लेबनानी मंत्रिपरिषद में आपदा जोखिम प्रबंधन इकाई द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में 30 लोग मारे गए और 135 अन्य घायल हो गए।





गाजा में हमले के बाद ध्वस्त इमारतें।

### उत्तरी गाजा में इजराइली हमलों में 87 लोग मारे गए

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** उत्तरी गाजा में कई मकानों पर इजराइली हमलों में 87 लोग मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि बेत लहिया शहर पर शनिवार को रातभर और रविवार को हुए हमलों में 40 लोग घायल भी हुए हैं। गाजा के उत्तरी छोर पर स्थित बेत लहिया, लगभग एक वर्ष पहले इजराइल के जमीनी हमले के पहले लक्ष्यों में से एक था। तीन अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब अमेरिका वर्गीकृत दस्तावेजों को अनधिकृत रूप से जारी करने की जांच कर रहा है। एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ये दस्तावेज वैध प्रतीत होते हैं। ईरान लेबनान में हमास और हिजबुल्ला आतंकवादी समूह का समर्थन करता है, जहां एक साल से बढ़ते तनाव ने पिछले महीने एक पूर्ण युद्ध का रूप ले लिया। बेत लहिया में हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। इसने हालांकि कहा कि वह गाजा में हवाई हमलों और जमीनी अभियानों दोनों को जारी रखे हुए है। चिकित्सक रहीम खेदर के अनुसार मृतकों में दो दंपती और उनके चार बच्चे, तथा एक महिला, उसका बेटा और उसकी पुत्रवधू और उनके चार बच्चे शामिल हैं।

### ईरान पर किसी भी इजरायली हमले का मिलेगा करारा जवाब : अरागची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने शनिवार को कहा कि ईरान के खिलाफ किसी भी इजराइली हमले का मतलब खतरे की रेखा को पार करना होगा और इसका माकूल जवाब दिया जायेगा। अरागची ने तुर्की प्रसारक एनटीवी को बताया, ईरान पर किसी भी हमले का मतलब हमारे लिए लाल रेखा को पार करना है। हम ऐसे हमले को अनुत्तरित नहीं छोड़ेंगे। ईरान की परमाणु सुविधाओं या किसी भी तरह के हमले पर आवश्यक प्रतिक्रिया दी जाएगी। ईरान पर इजराइल को किसी भी हमले के लिए एक सममित प्रतिक्रिया मिलेगी। शीर्ष ईरानी राजनयिक ने कहा, इजराइल को ईरान की नवीनतम प्रतिक्रिया के दौरान, 90 प्रतिशत तक मिसाइलें अपने लक्ष्य तक पहुंच गईं।

# इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति बने प्रबोवो

- राजधानी जकार्ता में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**जकार्ता, एजेंसी**

प्रबोवो सुबियांतो ने विश्व के सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति के रूप में रविवार को शपथ ली। पूर्व रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो (73) ने देश के सांसदों और अन्य देशों से आमंत्रित किए गए गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष मुस्लिमों के पवित्र धर्म ग्रंथ कुरान पर हाथ रखकर राष्ट्रपति पद की शपथ ली, जिसके बाद सड़कों पर मौजूद हजारों समर्थकों ने उनका स्वागत किया।

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में 40 से अधिक देशों के नेता और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिसमें ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका, सऊदी अरब, रूस, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश सम्मिलित हैं। सुबियांतो लंबे समय से बेहद लोकप्रिय राष्ट्रपति जोको विडोडो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं और उन्होंने इससे पहले दो बार 2014 और 2019 में उनके खिलाफ राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों ही मौकों पर जोको विडोडो ने अपनी हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। हालांकि, विडोडो ने पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद सुबियांतो को रक्षा प्रमुख नियुक्त किया था। सुबियांतो के साथ-साथ देश के नए उपराष्ट्रपति जिब्रान राकाबुमिंग राका (37) ने भी शपथ ली।



### विदेश राज्यमंत्री ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

**जकार्ता।** विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने रविवार को जकार्ता के संसद परिसर में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और उपराष्ट्रपति जिब्रान राकाबुमिंग राका के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दो दिवसीय यात्रा पर गए मार्गेरिटा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति सुबियांतो को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## असम में भूमि अधिकार योजना का तीसरा संस्करण शुरू : हिमंत


**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को मिशन बसुंधरा योजना के तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरुआत की। यह राज्य के मूल निवासियों को भूमि अधिकार देने का एक प्रमुख कार्यक्रम है। शर्मा ने यहां एक आधिकारिक समारोह में कहा कि मूल निवासियों को भूमि पट्टे प्रदान करके, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार जाति-माटी-भेटी (समुदाय, भूमि, मातृभूमि) की रक्षा के अपने संकल्प को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, सत्ता संभालने के तुरंत बाद, हमने असम में मूल निवासियों को भूमि अधिकार प्रदान करने के मिशन पर काम शुरू किया।

# अमेरिकी लोकतंत्र के लिए हैरिस खतरा : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने उन्हें गलत तरीके से नामित किया है। ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में एक रैली में कहा, वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं।

जिस तरह से उन्होंने उम्मीदवारी हासिल की। वे मुझे लोकतंत्र के लिए खतरा कहते हैं, है न? वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। क्योंकि उन्हें उम्मीदवार भी नहीं होना चाहिए था, उन्हें उम्मीदवार को निष्पक्ष रूप से चुनना चाहिए था, न कि उन्हें सिर्फ इसलिए देना चाहिए था, क्योंकि वे राजनीतिक रूप से सही होना चाहते थे। उन्होंने हैरिस को इतिहास की सबसे खराब उपराष्ट्रपति बताते हुए कहा कि दुनिया उनका ठीक वैसे ही मजाक उड़ा रही है, जैसे वह वर्तमान अमेरिकी नेता जो बाइडेन पर हंसती है।



## पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पोलियो के दो नए मामले मिले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पोलियो के दो नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही देश में इस साल सामने आए कुल मामलों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, प्रांत के संघर और मीरपुर खास जिलों में शनिवार को नए मामलों की पुष्टि हुई। एक दिन पहले ही चार नए मामलों की पुष्टि हुई और इसके बाद अब दो मामलों की पुष्टि हुई है जिससे देश में पोलियो वायरस के उन्मूलन के प्रयासों को झटका लगा है। इस साल मीरपुरखास और संघर में पोलियो के एक-एक मामले सामने आए हैं।

# बांग्लादेश में संसद नहीं हटा सकेगी न्यायाधीशों को

- सर्वोच्च न्यायिक परिषद को न्यायिक कदाचार के आरोपों की जांच के अधिकार के साथ किया बहाल

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायिक परिषद को न्यायिक कदाचार के आरोपों की जांच करने के अधिकार के साथ रविवार को बहाल कर दिया। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही अपने उस पिछले फैसले को भी बरकरार रखा, जिसमें 16वें संविधान संशोधन को अवैध घोषित किया गया था।

जिसके तहत न्यायाधीशों को हटाने का अधिकार संसद को हस्तांतरित किया गया था। उच्चतम न्यायालय के वकील रूहुल कुद्दुस ने उच्चतम न्यायालय द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद संवाददाताओं को बताया यह आदेश प्रधान न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद के नेतृत्व वाली उच्चतम न्यायालय की अपीलीय प्रभाग की छह सदस्यीय पीठ द्वारा पारित किया गया। सुनवाई में मौजूद कुद्दुस ने कहा कि इस फैसले ने मूल संवैधानिक प्रावधानों को मजबूत किया है। इस फैसले का मतलब पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल के दौरान पारित 16वें संवैधानिक संशोधन को रद्द करना भी है।

## भारत को संरा सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए : रूस

**मॉस्को।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस का मानना है कि भारत, ब्राजील और अफ्रीकी देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। रविवार को सरकारी समाचार एजेंसी तास ने एक खबर में यह जानकारी दी। तास की खबर के अनुसार लावरोव ने एआईएफ ऑनलाइन को दिए साक्षात्कार में कहा, भारत, ब्राजील के साथ-साथ अफ्रीकी देशों को काफी समय पहले सुरक्षा परिषद में स्थायी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए था। इन देशों में दुनिया की बड़ी आबादी रहती है, जिसका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

# सिंगापुर के साथ परस्पर हितों की संभावनाएं तलाशेगा भारत

**सिंगापुर, एजेंसी**

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि वह यहां अपनी आगामी बैठकों के दौरान सिंगापुर के मंत्रियों के साथ शिक्षा क्षेत्र में सहयोग और आपसी हितों को बढ़ाने की संभावनाएं तलाशेंगे। प्रधान शिक्षा में पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग, भागीदारी और तालमेल को बढ़ावा देने के लिए 20 से 26 अक्टूबर तक सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया की अपनी सात दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सिंगापुर में हैं।

उन्होंने दोपहर के भोजन पर करीब 500 प्रवासी भारतीयों को संबोधित करने के बाद कहा मैं शिक्षा के क्षेत्र में आपसी हितों की अधिक संभावनाएं तलाशने के लिए यहां आया हूं, जैसे पीएचडी कार्यक्रम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा जैव प्रौद्योगिकी जैसे भविष्य के क्षेत्र। मंत्री ने कहा कि सिंगापुर का भारतीय बाजार के साथ स्वाभाविक संबंध है और हम भविष्य में सिंगापुर के साथ बड़े पैमाने पर जुड़ेंगे।

### शिक्षामंत्री पाठ्यक्रम एकीकरण की संभावना पर भी करेंगे चर्चा

प्रधान अपनी दो दिवसीय सिंगापुर यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, उप प्रधानमंत्री गान किम योंग, शिक्षा मंत्री चान चुन सिंग और विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात करेंगे। प्रधान सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ-साथ एक स्थानीय माध्यमिक विद्यालय का भी दौरा करेंगे, जहां वे पाठ्यक्रम एकीकरण की संभावना पर चर्चा करेंगे।

**आयोजन** — केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा– शिक्षण कर्मियों की भर्ती में कोई समझौता नहीं

# हम एम्स ब्रांड को नहीं होने देंगे कमजोर : नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि वह नये अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में पढ़ाई और शिक्षण कर्मियों की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने देंगे और इस ब्रांड की रक्षा करेंगे। नड्डा ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सेवाएं दे रहे बिहार और झारखंड के चिकित्सकों के मंच द्वारा आयोजित बीजेएमएफकॉन-2024 को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली एम्स की स्थापना 60 के दशक में हुई और 80 के दशक में ही यह एक ब्रांड के रूप में उभर पाया।

उन्होंने कहा किसी भी संस्थान को विकास करने और पूरी क्षमता से काम करने में 10 से 20 साल का समय लगता है। मैं एम्स के मानकों को कमजोर नहीं होने दूंगा और ब्रांड नाम की रक्षा करूंगा। नड्डा ने कहा कि शिक्षण कर्मियों की भर्ती में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एम्स-दरभंगा के लिए जल्द ही भूमिपूजन समारोह आयोजित किया जाएगा और एम्स-देवघर का काम शुरू हो चुका है और कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। नड्डा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा स्वास्थ्य में बदलाव लाने के लिए कई नीतिगत हस्तक्षेप किए गए हैं। उन्होंने कहा स्वास्थ्य नीति-2017 में हमने इसे व्यापक और समग्र बनाने का प्रयास किया। पहले उपचारात्मक पहलू पर जोर दिया जाता था, लेकिन अब निवारक, प्रोत्साहनात्मक, उपचारात्मक उपशामक और पुनर्वास पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जो एक समग्र दृष्टिकोण है।




बीजेएमएफकॉन-2024 कार्यक्रम में नड्डा को सम्मानित करते चिकित्सक।

### 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं

नड्डा ने कहा कि जिन सुविधाओं को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र और उप-केंद्र कहा जाता था उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं और उनकी गुणवत्ता का आकलन डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का ध्यान गैर-संचारी रोगों का शीघ्र पता लगाने पर है।

# वैक्सीन संबंधी भ्रांतियों को रंगमंच के जरिये किया जीवंत

- लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के कलाकार ने शुरू की नई पारी

**लंदन, एजेंसी**

लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के कलाकार अमित शर्मा ने वैक्सीन लेने में लोगों की हिचकिचाहट और इसे लेकर फैली भ्रांतियों को रंगमंच के जरिये जीवंत करके लंदन के किल्न थिएटर के कलात्मक निदेशक के रूप में अपनी पारी का आगाज किया। नाटक पिन्स एंड नीडल्स का प्रदर्शन हाल ही में पूरी दुनिया में किया गया है और इसका प्रदर्शन अगले सप्ताहांत तक होगा।

रॉब ड्रमंड द्वारा लिखित इस नाटक के जरिये कोविड के टीके और दुनिया भर में बच्चों से जुड़े अन्य टीकों को लेकर हुई राजनीति और फैलाई गई भ्रांतियों को दिखाने का प्रयास किया गया है। भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता गवी सिंह चेरा मुख्य किरदार रॉब की भूमिका में हैं। शर्मा का कहना है, इस नाटक से निश्चित रूप से बहस को बढ़ावा मिलेगा व इसके साथ से इससे एक दर्शक के लिए अपने से विपरीत विचारों वाले व्यक्ति के प्रति सहानुभूति रखने और उसे समझने में मदद मिलेगी।

### दर्शकों के लिए मेरे भीतर जुनून : अमित शर्मा

अमित शर्मा ने कहा कि दर्शकों के लिए मेरा जुनून है कि वे खुद को और अपनी आवाज को प्रतिबिंबित होते देखें। यह उन लोगों को भी समझाने में मदद कर सकता है, जो समान पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं, लेकिन हमारे अभिनय से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। ब्रिटेन की राजधानी स्थित किल्न थिएटर में अपनी नयी पारी को लेकर शर्मा को उम्मीद है कि वह इस तरह के और भी नाटक पेश करेंगे।